* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

07 मई, 2024
वैशाख, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 196

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही










## राहुल गांधी के झारखंड दौरे से पहले 'विस्फोट': इडी ने रांची में नौ जगहों पर की छापेमारी

# मंत्री आलमगीर के पीएस के सहायक के घर इडी ने मारा छापा, ₹30 करोड़ बरामद

- पीएस के करीबी ठेकेदार के घर से करीब 4 करोड़ बरामद
- इडी के एडिशनल जाइंट डायरेक्टर भी जहांगीर के घर पहुंचे
- चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की गिरफ्तारी से हो रहे हैं नये खुलासे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। इससे एक दिन पहले सोमवार को राज्य में बड़ा 'विस्फोट' हुआ। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने कांग्रेस कोटे के ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव (पीएस) संजीव लाल के सहायक जहांगीर के घर से करीब 30 करोड़ रुपये बदामद किये। वहीं, पीएस संजीव लाल के करीबी ठेकेदार मुन्ना सिंह के घर से लगभग चार करोड़ रुपये बरामद हुए।

जहांगीर और अन्य जगहों पर छापेमारी में भारी मात्रा में जेवरात भी बदामद हुए हैं। जहांगीर के घर से 30 करोड़ मिलने की सूचना के बाद एडिशनल जाइंट डायरेक्टर कपिल राज भी उसके आवास पर पहुंचे। उन्होंने बरामद पैसों और अन्य बातों की जानकारी ली।

### नौ जगहों पर इडी ने की छापेमारी

प्राप्त जानकारी के अनुसार इडी की टीम ने सुबह-सुबह रांची में एक साथ नौ जगहों पर दबिश दी। इसमें संजीव लाल के सहायक जहांगीर के अलावा, ठेकेदार मुन्ना सिंह, सड़क निर्माण विभाग के इंजीनियर विकास कुमार और कुलदीप मिंज समेत अन्य लोगों के ठिकाने शामिल हैं।

### नोट गिनने की चार मशीनें मंगानी पड़ीं

सूत्रों के मुताबिक नोटों को गिनने के लिए चार मशीनों को मंगाया गया। पहले दो मशीनें जहांगीर के घर पहुंचीं। मशीन नोट गिनते-गिनते गर्म हो गयी। इसके बाद फिर दो मशीनें मंगायी गयीं। वह भी गर्म हो गयी, तब तक दूसरी दोनों मशीनें ठंडी हुई तो उनसे गिनती शुरू की गयी। इस तरह बारी-बारी से देर रात तक नोटों के अंबार को गिना जा सका। नोटों को ले जाने के लिए 12 बक्से मंगाये गये। बक्सों को नोटों से भरा गया और उन्हें एक वैन में सील कर ले जाया गया।



### रांची में कहां-कहां हुई छापेमारी

- सेल सिटी स्थित अपार्टमेंट में इंजीनियर विकास कुमार के ठिकाने।
- पीपी कंपाउंड में बिल्डर मुन्ना सिंह के ठिकाने।
- दीनदयाल नगर स्थित मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के घर ।
- कांके रोड स्थित संजीव लाल के ठिकाने।
- पीएस के सहायक जहांगीर आलम के ठिकानों।
- चिरौंदी में इंजीनियर कुलदीप मिंज के आवास।

### अब तक की कार्रवाई में मिले रुपये

- 7 मई 2022: निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के चार्टर्ड एकाउंटेंट के यहां छापा 19.31 करोड़ बरामद।
- 22 फरवरी 2023: चीफ इंजीनियर बीरेंद्र राम के घर 1.50 करोड़ के जेवर और 30 लाख रुपये नगद बदामद।
- 6 दिसंबर 2023: कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ओड़िशा और झारखंड के ठिकानों से 350 करोड़ रुपये बरामद।

### वीरेंद्र की गिरफ्तारी से हो रहा खुलासा

गौरतलब है कि इडी ने 15 नवंबर 2019 में जमशेदपुर में जेइ सुरेश प्रसाद के घर छापेमारी की थी, जिसमें 2.67 करोड़ कैश मिले थे। तब जेइ ने बताया था कि ये पैसा चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम का है। इसके बाद इडी ने 22 फरवरी 2023 को वीरेंद्र राम और उनके सहयोगियों से जुड़े ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। इस छापेमारी में वीरेंद्र राम के ठिकानों से आपत्तिजनक दस्तावेज के अलावा करीब डेढ़ सौ करोड़ की चल-अचल संपत्ति की जानकारी मिली थी। वीरेंद्र राम के सहयोगी चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश मित्तल के ठिकाने से नोटबंदी के पूर्व के 9.46 लाख रुपये के पुराने नोट और आपत्तिजनक दस्तावेज भी बरामद हुए थे। इसके बाद 23 फरवरी 2023 को उसे गिरफ्तार किया गया था। तब से वह जेल में हैं। वीरेंद्र राम से इडी कई बार पूछताछ कर चुकी है। पूछताछ में वीरेंद्र राम ने स्वीकार किया कि कमीशन का पैसा मंत्रालय तक जाता था। सूत्रों के मुताबिक इसी कड़ी में इडी को मंत्री आलमगीर आलम के संजीव लाल के बारे में जानकारी मिली, जिस पर जांच के बाद इडी ने सोमवार को कार्रवाई की।

### मुख्य सचिव का गोपनीय पत्र नोटों के बंडल से बरामद

सूत्रों के मुताबिक ग्रामीण विकास विभाग में फैले भ्रष्टाचार को लेकर इडी ने मुख्य सचिव को 9 मई 2023 को एक पत्र लिखा था। उसमें कहा गया था कि गड़बड़ियों की बाबत ग्रामीण विकास विभाग के अफसरों के खिलाफ कार्रवाई हो। मुख्य सचिव ने इडी के पत्र का संज्ञान लेते हुए ग्रामीण विकास विभाग के सचिव को कार्रवाई करने का आदेश दिया था। यह एक गोपनीय पत्र था। वह पत्र 6 मई को हुई छापेमारी में जहांगीर आलम के निजी सचिव के सहायक के घर से मिला है। इस पत्र का नोट के बंडल के बीच मिलना गंभीर मामला है। इससे जाहिर होता है कि ग्रामीण विकास विभाग के शीर्ष अधिकारी भी संजीव लाल से मिले हुए हैं। इस बात का खुलासा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर सीबीआइ जांच की अनुशंसा करने की मांग की है। बाबूलाल मरांडी ने उस पत्र की प्रति भी शेयर की है।

### संजय लाल पहले दो मंत्रियों के पीएस रह चुके हैं: अलमगीर

रांची (आजाद सिपाही)। इडी की छापेमारी पर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा है कि संजय लाल मेरा पीएस बनने से पहले दो और मंत्रियों के पीएस रह चुके हैं। वे सरकारी मुलाजिम हैं। हम अनुभव के आधार पर पीएस का चयन करते हैं। इसकी पूरी प्रक्रिया है। इन सब बातों को ध्यान में रख कर उनको पीएस बनाया गया। इडी की कार्रवाई में उनका नाम आने के सवाल पर उन्होंने कहा कि आप लोग जो खबरों में देख रहे हैं, वही मैं भी देख रहा हूं। जब तक इडी अपनी जांच पूरी नहीं कर लेती है और जब तक जांच एजेंसी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच जाती है, तब तक इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है। इडी की रिपोर्ट आने के बाद वह इस विषय पर कुछ बोल पायेंगे।

## ओड़िशा में बोले प्रधानमंत्री

# पड़ोसी राज्य झारखंड में मिले नोटों के पहाड़

ओड़िशा (आजाद सिपाही)। झारखंड में मंत्री और कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम के पर्सनल सेक्रेटरी के सहायक के यहां से मिले 35 करोड़ रुपये से अधिक कैश की चर्चा पीएम मोदी ने भी की है। ओड़िशा के नबरंगपुर में सोमवार को एक चुनावी सभा में उन्होंने इस मामले को उठाया। कहा कि पड़ोसी राज्य झारखंड में नोटों के पहाड़ मिले हैं। पीएम मोदी ने लोगों से सवाल पूछते हुए कहा कि पैसों की चोरी और अवैध कमाई बंद की जानी चाहिए कि नहीं? ऐसा करने के चलते उन्हें गालियां पड़ रही हैं। उन्हें गाली खाकर भी काम करना चाहिए कि नहीं। जनता के पाई-पाई को बचाना चाहिए कि नहीं। पीएम ने जनधन खाता, आधार के जरिए सरकारी योजनाओं का लाभ और इसकी राशि (पीएम आवास, मनरेगा, पीएम किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला गैस वगैरह) सीधे



लाभुक के खाते में दिये जाने की बात कही। साथ ही इसके जरिए योजनाओं का सीधा लाभ लोगों को दिये जाने और लूट खसोट बंद किये जाने को मोदी की गारंटी बताया। बता दें कि इससे पहले भी प्रधानमंत्री ने कांग्रेस के सांसद धीरज साहू के यहां आयकर की छापेमारी में मिले 350 करोड़ रुपये से अधिक के बंडलों को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए कहा था कि इंडिया गठबंधन लूट की छूट के लिए ही एकत्र हुआ है। उनका मकसद यही है कि लूट के पैसे को कैसे बचाया जाये। लेकिन यह मोदी की गारंटी है, लूट की एक-एक पाई का हिसाब देना होगा।

# मोहब्बत की दुकान से मिला नोटों का पहाड़ : बाबूलाल

रांची (आजाद सिपाही)। कांग्रेस नेता सह मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के सहायक के यहां से 40 करोड़ मिलने के बाद भाजपा रेस हो गयी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि दो दिन पहले प्रधानमंत्री झामुमो-कांग्रेस के जिस लूट मॉडल की बात कर रहे थे, उसे इस रुपये ने सत्यापित कर दिया है। झारखंड में फिर से एक बार कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान से नोटों का पहाड़ मिला है। कांग्रेस के मंत्री के करीबियों के घर से बड़ी मात्रा में भ्रष्टाचार का धन छापेमारी में पकड़ा गया है। इडी और सीबीआइ के दुरूपयोग का आरोप लगानेवाली झामुमो-कांग्रेस जनता के सामने अब कौन सा नया बहाना बनायेंगी। धीरज साहू से लेकर आलमगीर आलम और पंकज मिश्रा से लेकर पूजा सिंघल तक के ठिकानों से जिस प्रकार



अथाह काले धन बरामद हुए हैं, उससे पिछले पांच सालों के दौरान राज्य सरकार द्वारा की गयी संगठित लूट जगजाहिर हो चुकी है। उन्होंने कहा कि लगता है कि कल्पना सोरेन अब घड़ियाली आंसू बहाना बंद करेंगी। यह कहना भी बंद कर देंगी कि हेमंत सोरेन का अपराध क्या है। इन सभी पैसों का दुरूपयोग कर आम चुनाव को प्रभावित करने की प्रबल संभावना है। केंद्रीय निर्वाचन आयोग अविलंब सभी राज्यों के महाभ्रष्ट मंत्रियों के ठिकानों पर छापेमारी कर चुनाव में काले धन का दुरूपयोग रोके और कठोर कार्रवाई करे।

## न्यूज रील्स

### गुमला के सिसई में राहुल की सभा आज

रांची। इंडी गठबंधन की तरफ से कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को राज्य के दौरे पर आ रहे हैं। लोहरदगा, खूंटी लोकसभा क्षेत्र के लिए गुमला के सिसई में उनकी जनसभा होगी। इसके साथ ही सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र में भी राहुल गांधी की जनसभा इसी दिन प्रस्तावित है। राहुल गांधी जनसभा करने के लिए 7 मई को ही रांची पहुंचेंगे। खूंटी लोकसभा सीटों को लेकर गुमला के सिसई में जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं चाइबासा में भी चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे।

### मोदी 11 मई को आयेंगे सिमरिया

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिर झारखंड आयेंगे। पीएम मोदी पहले 12 मई को झारखंड आने वाले थे। अब वे 11 मई को झारखंड आयेंगे। वे सिमरिया प्रखंड स्थित मुरुवे मैदान में अपराह्न 3 बजे आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

# हेमंत नेमरा में चाचा के श्राद्ध कर्म में हुए शामिल

- 96 दिन बाद जेल से निकले, सफेद दाढ़ी, लंबे बाल और मूंछ बनी पहचान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोला।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कोर्ट की अनुमति से कुछ घंटों के लिए पुलिस कस्टडी में सोमवार को 96 दिन बाद जेल से बाहर निकले। उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच गोला प्रखंड के नेमरा गांव लाया गया। यहां पूर्व मुख्यमंत्री अपने चाचा राजाराम सोरेन के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए। नेमरा गांव में इसको लेकर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी थी। एक दिन पूर्व ही झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन नेमरा गांव पहुंच गये थे। श्राद्ध कर्म संथाली रीति रिवाज के साथ किया गया। हर कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री ने शामिल होकर अपने पारिवारिक कर्तव्य का निर्वहन किया। घर के सभी सदस्यों ने हेमंत का स्वागत लोटा पानी के साथ किया। इस अवसर पर हेमंत ने अपने पिता शिबू सोरेन और मां



रूपी सोरेन का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। जेल से नेमरा पहुंचे हेमंत सोरेन का लुक बदला-बदला दिखा। लंबे-लंबे बाल के साथ बड़ी-बड़ी दाढ़ी रखे हुए थे। इस दौरान हेमंत सोरेन ने कार्यकर्ताओं का हाल चाल जाना। उनके साथ पूर्व की भांति घर के आंगन में बैठ कर कई जानकारी ली। वह शांत चित्त बैठे हुए थे। कोर्ट के आदेश का अनुपालन हेमंत ने किया। उन्होंने मीडिया कर्मियों से कोई बात नहीं की। श्राद्ध कर्म के बाद पुनः हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया गया। आपको बता दें कि लैंड स्कैम के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी पूर्व सीएम हेमंत सोरेन द्वारा प्रोविजनल बेल के लिए दायर याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई थी। इस दौरान अदालत ने हेमंत सोरेन को प्रोविजनल बेल देने से इनकार करते हुए उनकी याचिका खारिज दी। हालांकि कोर्ट ने उन्हें अपने चाचा के श्राद्ध कर्म में कुछ देर के लिए शामिल होने की अनुमति दी।

### मथुरा महतो, सीपी चौधरी और यशस्विनी ने किया नामांकन

**रांची (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह, रांची, धनबाद और जमशेदपुर में लोकसभा चुनाव 25 मई को होना है। गिरिडीह से इंडी गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो और एनडीए गठबंधन से आजसू पार्टी के प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी ने नामांकन दाखिल किया। वहीं, रांची से इंडी गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने नामांकन दाखिल किया। दोनों पक्ष के नेतगण इस मौके पर मौजूद रहे। गिरिडीह में आजसू प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी के नामांकन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो मौजूद रहे। वहीं, मथुरा महतो के नामांकन में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन मौजूद थे। यशस्विनी के नामांकन में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सुबोधकांत सहाय समेत अन्य नेता मौजूद थे।

(सभा की खबरें पेज 3 पर)

## झारखंड में भ्रष्टाचार का 'आलम' : रकम के असली मालिक के बारे में जांच जारी

# स्कूटी पर चलने वाले सहायक के घर मिला खजाना

अजय शर्मा

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड एक बार फिर पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। चर्चा शिक्षा या पढ़ाई को लेकर नहीं, भ्रष्टाचार को लेकर हो रही है। इस बार इडी ने जिसके घर दबिश दी, उसके यहां नोटों का अंबार मिलेगा, इसका अंदाजा किसी को नहीं था। सोमवार को जब सर्च अभियान शुरू हुआ, तो उस घर में रखे जूते-चप्पल के डिब्बे से भी नोट की गड्डियां निकल रही थीं। बच्चे जो बैग लेकर स्कूल जाते हैं, उनमें ठूंस-ठूंस कर नोट रखे हुए थे। नोटों की गिनती करने में मशीन हांफ रही थी। मुहल्ले के लोग भी हैरत में थे। उन्हें यह जान कर हैरत हो रही थी कि स्कूटी पर चलने वाला जहांगीर आलम नोटों की गड्डियों के बिस्तर पर सोया करता था। इडी का यह छापा गाड़ीखाना स्थित सैयद रेजीडेंसी के एक फ्लैट में पड़ा था। वह जहांगीर आलम का है। वह कांग्रेस कोटा से मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल का सहायक है। जहांगीर के यहां से बरामद रकम को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। चर्चा यह है कि यह रकम कमीशन की है। यह जहांगीर की नहीं है। वास्तव में रकम का मालिक कौन है, इस पर से पर्दा जहांगीर आलम के बयान के बाद उठेगा। उसके घर से बरामद रकम गिनने के लिए पीएनबी के अधिकारियों को बुलाया गया था।

**राज उगलेगा जहांगीर आलम :** जो रकम जहांगीर आलम के घर से बरामद हुई है, उसकी गिनती वह कभी नहीं कर सका, लेकिन झारखंड में बह रही भ्रष्टाचार की नदी में वह डुबकी जरूर लगाता रहा। हाल के दिनों में इडी ने झारखंड में यह दूसरी बड़ी बरामदगी की है। संभावना है कि इस रकम के बारे में इडी की टीम संजीव लाल और आलमगीर आलम से भी पूछताछ करे, ताकि रकम के असली मालिक का पता लगाया जा सके। जहांगीर आलम से भी पूछताछ होगी।

### मंत्री के संरक्षण से खुद को बादशाह अकबर समझने वाला भी इडी के रडार पर, संताल में है कारोबार

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के मंत्री और कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम के ओएसडी (ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी) संजीव लाल के सहायक और उसके करीबियों के ठिकानों पर इडी की रेड जारी है। सोमवार की सुबह शुरू हुई इस रेड में अब तक लगभग 40 करोड़ से ज्यादा कैश बरामद हो चुका है। जैसे-जैसे रेड आगे बढ़ रही है, कई चौंकाने वाले खुलासे भी हो रहे हैं। इस रेड के बाद संताल इलाके के एक बड़े पत्थर कारोबारी और सैकड़ों हाइवा के मालिक का नाम तेजी से हर किसी की जुबान पर आने लगा है। यह कारोबारी वर्ष 2019 में विस्फोटक रखने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भी भेजा गया था। लेकिन जैसे ही सरकार बदली, वह मौजूदा सरकार के ताकतवर मंत्री का खासमखास हो गया। विस्फोटक से जुड़े मामले को सीआइडी ने भी टेकओवर किया था। सीआइडी जांच से बचने के लिए उसने कई झूठे तथ्य पेश किये थे। जैसे-जैसे मंत्री जी की ताकत बढ़ती गयी, उस व्यवसायी का कद और रुतबा दोनों बढ़ता चला गया। उसकी हनक इतनी है कि वह थानेदार और डीएसपी को हटवाने की धमकी दे चुका है। लोग बताते हैं कि मंत्री जी का हाथ सर पर पड़ते ही वह खुद को अकबर जैसा बादशाह समझने लगा।

# झारखंड में भ्रष्टाचार, जैसे हरि अनंत हरि कथा अनंता

## ■ मंत्री के पीएस के सहायक के यहां से मिलते हैं 35 करोड़ रुपये

## ■ आम लोग हैं शर्मिंदा, और एक ये हैं कि शर्म इनको आती नहीं

## ■ आखिर कहां जाकर थमेगा झारखंड को खोखला बनाने का खेल

**आजाद सिपाही विशेष**

15 नवंबर 2000 को देश के राजनीतिक नक्शे पर 28वें राज्य के रूप में जब झारखंड का उदय हुआ था, तब किसी को इस बात का इल्म नहीं था कि निश्छल और संवेदनशील संस्कृति के समाज वाला यह प्रदेश बहुत जल्द भ्रष्टाचार की नयी परिभाषा गढ़ेगा और देश में इसकी चर्चा इसकी खनिज संपदा के साथ भ्रष्टाचार के कारण भी होगी। झारखंड को राजनीति के चतुर खिलाड़ियों, सत्ता प्रतिष्ठान के चाटुकार नौकरशाहों और पैसा कमाने की अंधाधुंध होड़ में लगे लोगों ने जम कर लूटा और हर दिन यहां भ्रष्टाचार के नये किस्से सामने आने लगे। झारखंड संभवतः देश का इकलौता ऐसा राज्य है, जहां के एक मंत्री के निजी सचिव के सहायक और अन्य के यहां से लगभग 35 करोड़ रुपये नगद बरामद होते हैं, तो एक आइएएस अधिकारी के चार्टर्ड अकाउंटेंट के यहां से 19 करोड़ रुपये जब्त किये जाते हैं। इतना ही नहीं, इस गरीब राज्य के एक चीफ इंजीनियर का बेटा हर दिन नया शर्ट पहनता है और विदेश से पानी मंगा कर पीता है। और एक आइएएस अफसर अपने बेडरूम को लेजर ताला से बंद रखता है। यह झारखंड में ही संभव है कि एक ताकतवर महिला आइएएस अधिकारी अवैध तरीके से राजधानी के बीच में जमीन खरीद लेती है और फिर बिना नक्शा के उस पर अस्पताल बनवा लेती है। एक अन्य आइएएस अफसर पूरे सिस्टम को तब तक रोके रखता है, जब तक कि उसे उपकृत नहीं कर दिया जाये। हालत यह है कि झारखंड को लूटनेवालों की पहचान अब जरा भी मुश्किल नहीं है। उनकी विलासिता, बेहिसाब दौलत और संपत्ति का अश्लील प्रदर्शन झारखंड के सवा तीन करोड़ लोगों के सीने पर सांप बन कर लोटने लगा है। भ्रष्टाचार ने झारखंड को आर्थिक चोट ही नहीं पहुंचायी है, बल्कि पूरी दुनिया में इसकी इज्जत को मिट्टी में मिला दिया है। अब इन कहानियों के 'अदृश्य नायकों' का पता लगाना बहुत जरूरी हो गया है। झारखंड में भ्रष्टाचार की इन कहानियों की पृष्ठभूममि में राज्य के भविष्य का आकलन करती आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह की विशेष रिपोर्ट।**



राकेश सिंह

झारखंड के पवित्र दामन को पिछले 23 साल में इसके रहनुमाओं ने अपने कारनामों से जितना दागदार किया है, उसका हिसाब अब चरम पर पहुंचने लगा है। झारखंड देश ही नहीं, दुनिया का ऐसा इकलौता राज्य है, जहां के एक मंत्री और कांग्रेस नेता आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के सहायक जहांगीर के और अन्य के यहां से लगभग 35 करोड़ रुपये नगद बरामद किये गये हैं। अब कौन इस बात पर यकीन करेगा कि झारखंड के लोग गरीब हैं? लेकिन वास्तव में झारखंड को ऐसे ही लोगों ने गरीब बना कर रखा है। राज्य के विकास की नीतियां बनाने वालों और उन नीतियों को लागू करनेवालों ने मिल कर इस प्रदेश को इस कदर लूटा है कि यह अब अंतहीन सा लगने लगा है।

आज से 13 वर्ष पहले 2011 के अप्रैल महीने में जब रालेगांव सिद्धी के गांधीवादी अन्ना हजारे ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन किया था, तब पूरा देश उनके साथ खड़ा हो गया था। देश में सत्ता परिवर्तन को उस आंदोलन का परिणाम बताया गया था, लेकिन पिछले दो साल के दौरान झारखंड की कुछ घटनाओं ने बड़ा सवाल सामने रख दिया है कि क्या इस राज्य में भ्रष्टाचार अपनी जड़ें इतने गहरे जमा चुका है। इन घटनाओं ने राजनीति यानी विधायिका के अलावा नौकरशाही, यानी कार्यपालिका के भीतर के सड़ चुके माहौल को ही बेपर्दा कर दिया है। झारखंड में भ्रष्टाचार की कहानियां झारखंड की वो स्याह तस्वीर है, जिसके कारण दुनिया भर में इसकी पहचान एक भ्रष्ट राज्य और समाज के रूप में बन गयी है। आखिर ये राजनीतिज्ञ और नौकरशाह इतने बेशर्म और निडर कैसे हो जाते हैं कि गलत करने में जरा भी नहीं हिचकते। भारतीय आयकर विभाग का सूत्र वाक्य है 'कोष मूलो दंड', अर्थात राज्य चलाने के लिए राजस्व सबसे जरूरी चीज है। भारतीय संविधान ने अपने नागरिकों को जो मौलिक अधिकार दिया है, उसमें संपत्ति का अधिकार भी शामिल है।

बात शुरू करते हैं, भ्रष्टाचार की ताजा कहानियों से। राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के सहायक जहांगीर और अन्य के यहां प्रवर्तन निदेशालय की टीम सोमवार की सुबह छापा मारती है, तो वहां से लगभग 35 करोड़ रुपये नगद बरामद होते हैं। एक ठेकेदार मुन्ना सिंह के पीपी कंपाउंड स्थित आवास में छापा मारती है, तो वहां से तीन करोड़ से ज्यादा रुपये मिलते हैं। आज से ठीक दो साल पहले 6 मई को राज्य की एक वरिष्ठ आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल के यहां छापामारी होती है, तो उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट के यहां से 19 करोड़ रुपये नगद बरामद किये जाते हैं। इन दो घटनाओं के बीच में एक अन्य आइएएस अफसर छवि रंजन के घर पर छापामारी के दौरान पता चलता है कि उसके बेडरूम में 'लेजर लॉक' है, जिसकी कीमत लाखों में होती है। एक चीफ इंजीनियर बीरेंद्र राम के घर पर छापे के दौरान इडी टीम को एक कमरे में केवल शर्ट का पहाड़ मिलता है, जो उसके बेटे का है और इन शर्ट में किसी को भी दोबारा नहीं पहना गया है। इडी की टीम को पता चलता है कि इस चीफ इंजीनियर के घर में हर दिन 10 हजार रुपये का विदेशी मिनरल वाटर खर्च होता है और इसकी पत्नी जब खरीदारी के लिए निकलती है, तो वह दाम नहीं पूछती है। इसी राज्य के एक सांसद धीरज साहू के ओड़िशा स्थित ठिकानों पर जब आयकर की टीम छापा मारती है, तो वहां से 350 करोड़ से अधिक राशि बरामद होती है। कांग्रेसी नेता दलील देते हैं कि यह व्यवसाय का पैसा है। उनसे कौन पूछे कि इतने पैसे घर में किसी व्यवसायी को रखने की इजाजत देश के किस कानून में है। धीरज साहू एक नागरिक हैं और उनका ठिकाना कोई रिजर्व बैंक या बैंकिंग गोडाउन नहीं।



इन सूचनाओं ने देश को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर इन लोगों को इतनी संपत्ति जमा करने की ताकत कहां से मिलती है। भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान पर नजर रखनेवाली एजेंसियों का कहना है कि देश की कार्यपालिका ही नहीं, लगभग सभी अंग कमोबेश इस अभिशाप से ग्रस्त हो चुके हैं। यह बात अलग है कि कार्यपालिका में यह बीमारी अधिक गंभीर है।

झारखंड के संदर्भ में देश के एक चर्चित आइएएस अधिकारी रहे अनिल स्वरूप ने कहा थाः झारखंड की कुव्यवस्था के लिए नौकरशाही ढांचा और लोकसेवक आंशिक रूप से जिम्मेवार हैं। जब झारखंड अलग राज्य बना, बिहार की नौकरशाही चारा घोटाले के दबाव से गुजर रही थी। ऐसे में आरएस शर्मा और राजीव गौबा जैसे उत्कृष्ट लोक सेवक थोड़े दिनों के लिए नये राज्य में मुख्य सचिव बनने के बाद केंद्र में चले गये। बकौल अनिल स्वरूप, झारखंड में अनेक ऐसे नौकरशाह हैं, जो बेहद काबिल हैं, लेकिन कुछ अधिकारियों की अक्षमता, अनिर्णय और बेइमानी की वजह से यह स्थिति पैदा हुई है। अधिकारी का कहना सच ही है, काबिल अधिकारियों को श्रीकृष्ण लोकसेवा संस्थान में संटिंग में डाल दिया जाता है और बदनाम अधिकारियों को मलाईदार पदों पर आसीन कर दिया जाता है।

वैसे तो भारत में भ्रष्टाचार की कहानी नयी नहीं है, लेकिन इसके बेलगाम होने का सिलसिला उदारीकरण के बाद शुरू हुआ। वर्ष 1991 में भारतीय अर्थव्यवस्था को उदारीकरण एवं वैश्वीकरण की विश्वव्यापी राजनीति-अर्थशास्त्र से जोड़ा गया। तब तक सोवियत संघ का साम्यवादी महासंघ के रूप में बिखराव हो चुका था। पूर्वी यूरोप के अधिकांश देश पूंजीवादी विश्व व्यवस्था के अंग बनने की प्रक्रिया में प्रसव-पीड़ा से गुजर रहे थे। साम्यवादी चीन बाजारोन्मुखी पूंजीवादी औद्योगिकीकरण के रास्ते औद्योगिक विकास का नया मॉडल बन चुका था। पहले भ्रष्टाचार के लिए परमिट-लाइसेंस राज को दोष दिया जाता था, पर जब से देश में वैश्वीकरण, निजीकरण, उदारीकरण, विदेशीकरण, बाजारीकरण एवं विनियमन की नीतियां आयी हैं, तब से घोटालों की बाढ़ आ गयी है। इन्हीं के साथ बाजारवाद, भोगवाद, विलासिता तथा उपभोक्ता संस्कृति का भी जबरदस्त हमला शुरू हुआ है।

लेकिन झारखंड के आइएएस-अफसरों के कारनामों की फेहरिस्त तो इतनी लंबी है कि इस पर पूरी किताब लिखी जा सकती है। एक घटना याद दिलाते हैं। यह घटना 2004 की है। झारखंड बने चार साल ही हुए थे। राज्य में तैनात एक आइएएस अधिकारी राजधानी रांची के सबसे पॉश इलाके अशोक नगर के इलाके में अपने लिए एक मकान खोज रहे थे। तभी उन्हें अरगोड़ा में बन रहे एक अपार्टमेंट के बारे में जानकारी मिली। वह उसे देखने पहुंचे और फ्लैट की बुकिंग कराने की जगह उन्होंने पूरा अपार्टमेंट ही खरीद लिया। उस अपार्टमेंट में आठ फ्लैट थे। सौदा ढाई करोड़ में तय हुआ था। उन दिनों इस सौदे की खूब चर्चा हुई थी। बाद में उस अपार्टमेंट को ध्वस्त कर आलीशान बंगला बनाया गया। हाल के दिनों में आइएएस पूजा सिंघल और छवि रंजन के कारनामों से पूरा प्रदेश शर्मसार हुआ है। तब सवाल उठता है कि इस स्थिति का कारण क्या है।

इसका जवाब बहुत मुश्किल भी नहीं है। इस विकराल होती समस्या के पीछे राज्य के राजनीतिक नेतृत्व में भ्रष्ट अफसरों के खिलाफ कार्रवाई करने की इच्छा शक्ति का अभाव है। पिछले 22 वर्षों में झारखंड में एकाध मामलों में ही आइएएस-आइपीएस अफसरों के खिलाफ कार्रवाई इसका प्रमाण है। पूजा सिंघल और छवि रंजन के खिलाफ इडी की कार्रवाई को छोड़ दें, तो झारखंड के कई आइएएस-आइपीएस अफसरों ने अकूत संपत्ति अर्जित की है और उनका कुछ नहीं बिगड़ा है। उदाहरण के लिए राज्य के एक पूर्व मुख्य सचिव के पास हाउसिंग कॉलोनी की जमीन पर विशाल बहुमंजिली इमारत है। हर कोई जानता है कि पूर्व डीजीपी डीके पांडेय ने कांके के चामा में अवैध तरीके से जमीन खरीद ली और फिर उस पर आलीशान मकान बना लिया। उनकी पत्नी के नाम से हुए इस पूरे सौदे के खिलाफ कार्रवाई पर हाइकोर्ट ने रोक लगा दी है। राज्य के एक पूर्व मुख्य सचिव एके बसु को चारा घोटाले में 2017 में सजा भी सुनायी गयी थी। यह सूची यहीं खत्म नहीं होती। झारखंड के एक आइएएस अफसर के पास रांची में एक सात मंजिली व्यावसायिक इमारत है, तो एक पूर्व मुख्य सचिव ने मुंबई में फिल्म स्टूडियो में निवेश कर रखा है।

झारखंड के अफसरों के भ्रष्टाचार की कहानी का सबसे दुखद पहलू यह है कि पहले ये लोग अपनी संपत्ति दूसरे राज्यों में निवेश करते थे, लेकिन अब ये खुलेआम झारखंड में निवेश करने लगे हैं। इतना ही नहीं, इनके घरेलू नौकर भी इस खेल में शामिल हो गये हैं। इसके पीछे का कारण यह है कि अब इन अफसरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती। इसलिए इनकी हिम्मत बढ़ गयी है। एक आइएएस अफसर ने कहा कि यदि पूजा सिंघल के खिलाफ 2010 में ही मनरेगा घोटाले में कार्रवाई हो गयी होती, तो आज झारखंड को शर्मसार नहीं होना पड़ता। भ्रष्टाचार की यह नदी ऊपर से शुरू होती है और नीचे तक आती है। अपने सीनियर अफसरों के कारनामों को देख कर जूनियर अफसर भी सोचते हैं कि यहां कार्रवाई नहीं होती, तो फिर संपत्ति अर्जित करने में बुराई क्या है।

प्रख्यात हास्य कवि काका हाथरसी की एक मशहूर कविता है, 'क्यों डरता है बेटा रिश्वत लेकर-छूट जायेगा तू भी रिश्वत देकर'। अच्छी और कमाऊ पोस्टिंग की लालच में अफसर अपने राजनीतिक आकाओं के आगे दुम हिलाते हैं और बदले में भ्रष्टाचार का लाइसेंस पाते हैं। झारखंड को लूटनेवाले इन अफसरों के खिलाफ अब कार्रवाई का समय आ गया है। इनकी महंगी पार्टियों का शोर, जिनमें विदेशी शराब पानी की तरह बहायी जाती है और संपन्नता का अश्लील प्रदर्शन किया जाता है, अब झारखंड के जंगलों-बस्तियों में सुनी जानेवाली मांदर की थाप की गूज में दबाने के लिए यह मुफीद वक्त है।

---

# आइसीएसइ में 90.47 फीसदी पास

**जमशेदपुर का बजा डंका, रांची ने दिखाया दम, 10वीं में प्रियांशु को 99.6 और दीया को 99.4 प्रतिशत मार्क्स**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आइसीएसइ 10वीं और 12वीं में 99.47 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए हैं। बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट पर सोमवार को रिजल्ट जारी किया गया। इस बार 10वीं का पास प्रतिशत 99.47 रहा, जबकि 12वीं का पास प्रतिशत 98.19 फीसदी रहा। इस बार आइसीएसइ की परीक्षा में जमशेदपुर के विद्यार्थियों ने एक बार फिर पूरे देश में अपना लोहा मनवाया। डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल के छात्र प्रियांशु कुंडू को दसवीं में सर्वाधिक 99.6 प्रतिशत अंक हासिल हुए हैं। वहीं लोयला स्कूल की छात्रा दीया विश्वास को 99.4 प्रतिशत अंक हासिल हुए हैं। प्रियांशु कुंडू भविष्य में डॉक्टर बनना चाहता है। प्रियांशु के पिता



मधुसूदन कुंडू कपड़ा दुकानदार हैं, जबकि मां सुनीता कुंडू गृहिणी हैं।

### रांची के छात्रों का भी बेहतरीन प्रदर्शन

रांची के डॉन बॉस्को स्कूल के दसवीं के छात्र आदित्य कुमार ने 95.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। वहीं दूसरे स्थान पर रचित लकड़ा, जिन्हें 93.80 प्रतिशत अंक मिले हैं। तीसरे स्थान पर रेचल एक्का हैं, जिन्होंने 93.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। बारहवीं बोर्ड रिजल्ट की बात करें तो डॉन बॉस्को स्कूल के कॉमर्स स्ट्रीम के मनीष लुगुन ने स्कूल में टॉप किया है, जिन्हें 92.50 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है। दूसरे स्थान पर साइंस स्ट्रीम की मोमिता कुमारी, जिनको 92.25 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है। साथ ही तीसरे स्थान पर साइंस स्ट्रीम की कनिष्का श्री, जिन्हें 91.50 प्रतिशत अंक हासिल हुआ है।

### फैकल्टी वाइज रिजल्ट

रिजल्ट की बात करें तो साइंस स्ट्रीम में मोमिता कुमारी को 92.25 प्रतिशत अंक, कनिष्का श्री को 91.50 प्रतिशत अंक और तीसरा स्थान हासिल करने वाले एलेन वैभव को 90 प्रतिशत अंक मिले हैं। कॉमर्स स्ट्रीम की बात करें तो मनीष लुगुन, जो स्कूल टॉपर भी हैं, उन्हें 92.50 प्रतिशत अंक मिला है। स्वीटी कुमारी कॉमर्स स्ट्रीम से दूसरे स्थान पर हैं, जिन्हें 89.25 प्रतिशत अंक मिले हैं। तीसरे स्थान पर हैं सरोन किसकू, जिन्हें 84.75 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है।

### कक्षा 12 में 47 विषयों की परीक्षा

**रांची।** आइएससी के लिए परीक्षा 47 लिखित विषयों में आयोजित की गयी थी। इसमें 12 भारतीय भाषाएं, 4 विदेशी भाषाएं, 2 शास्त्रीय भाषाएं शामिल थीं।

---

# 6 मई 2022 को देश ने भ्रष्टाचार की 'पूजा' देखी थी

# 6 मई 2024 को भ्रष्टाचार का 'आलम' देखाः संजय सेठ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सांसद और रांची लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने कहा कि आज जिस प्रकार इंडी गठबंधन ने सरकार के एक मंत्री के आप्त सचिव के घर से रुपये बरामद किये हैं, इससे एक बार फिर झारखंड शर्मसार हो गया है। झारखंड के लिए यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है कि पूर्व मुख्यमंत्री जमीन घोटाले में जेल में है। उनके अधिकारी मनी लांड्रिंग के केस में जेल में हैं। मंत्री आलमगीर आलम के आप्त



सचिव के नौकर के यहां से 35 करोड़ से अधिक नकदी बरामद होती है। श्री सेठ ने कहा कि झारखंड इकलौता राज्य है, जहां भ्रष्टाचार की सालगिरह मनायी जाती है। दो साल पहले आज ही के दिन देश ने भ्रष्टाचार की पूजा देखी थी, आज देश भ्रष्टाचार का आलम देख रहा है। झारखंड में लूट तंत्र की सरकार चल रही है। झारखंड की सरकार ने यहां की गरीब जनता की जमीन लूटी, उनका हक छीना। सेना की जमीन लूटी। खनिज संपदा को लूटा, और तो और यहां के बालू तक को लूट कर अपनी तिजोरी भर ली। वहीं एक ओर नरेंद्र मोदी गरीब के मसीहा हैं, जिन्होंने अभी तक 25 करोड़ लोगों के जीवन में परिवर्तन लाया। इसलिए झारखंड को बचाने के लिए नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनायें। झारखंड में लोकतंत्र के नाम पर लूट तंत्र चल रहा है। सांसद सेठ ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि इसकी निष्पक्ष जांच हो और मंत्री आलमगीर आलम को अविलंब गिरफ्तार किया जाये। इस लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में झारखंड की जनता इन्हें मुंहतोड़ जवाब देगी, जिन्होंने झारखंड को पूरे देश में बदनाम करने का काम किया है।



# जब मंत्री के पीएस के घर 25-30 करोड़, तो सोचिये मंत्री जी के पास कितना होगाः अर्जुन मुंडा

**रांची (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस के नौकर के घर इडी की छापेमारी में बरामद करोड़ों रुपये पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के मंत्री के पीएस के नौकर के घर से 25-30 करोड़ रुपया मिल रहा है, तो सोचिए मंत्री जी के पास कितना होगा। क्या ऐसे लोग राष्ट्र निर्माण के बारे में सोच सकते हैं। ये जनता की गाढ़ी कमाई की लूट है।

www.epaper.azadsipahi.in

07 मई, 2024
वैशाख, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 196

दिल्ली के उपराज्यपाल ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआइए जांच की सिफारिश की



### बोकारो में सीपी चौधरी के नामांकन के बाद सभा का आयोजन

# पुलिस अफसर पीसीआर में पैसों की ढुलाई कर रहे: बाबूलाल मरांडी

## ■ जैना मोड़ हाइ स्कूल मैदान की सभा में उमड़ा जन सैलाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** चंद्रप्रकाश चौधरी के नॉमिनेशन के बाद सभा को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आप लोगों के समक्ष अपील करने के लिए खड़ा हूं। नामांकन पत्र को चंद्रप्रकाश चौधरी ने दाखिल कर दिया है। सभी से निवेदन है कि इस बार रिकॉर्ड मतों से जिताना है। पिछले चुनाव में चंद्रप्रकाश चौधरी को जितने वोट मिले थे, उससे अधिक मतों से जिताइये। बाबूलाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि हमें देश को विकसित भारत बनाना है। समृद्ध भारत बनाना है। यह तभी पूरा होगा, जब देश के प्रधानमंत्री 2024 में भारी मतों से जीतेंगे। 400 पार लक्ष्य है, उतना इस बार हासिल करना है। पीएम नरेंद्र मोदी गावों के लिए काम कर रहे हैं। गरीबों के लिए काम कर रहे हैं। महिलाओं के लिए काम कर रहे हैं। पिछड़ों-किसानों के लिए काम कर रहे हैं। इंडी गठबंधन के लोग अपने लिए राजनीति करते हैं। इसीलिए इंडी वालों में अधिकांश लोग आज जेल में हैं, कोई बेल पर है। कोई सजायाफ्ता है और ये लोग भारत के भाग्य विधाता बनना चाहते हैं। ये जेएमएम वाले, कांग्रेस वालों ने झारखंड में लूट मचायी है। सब कुछ लूटकर बेच दिया। बालू, लोहा, कोयला, गैरमजरुआ जमीन तक का पेपर बना कर के लूटने का काम कर रहे हैं। इन्होंने तो सेना तक की जमीन तक को नहीं छोड़ा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सोमवार को सुबह खबर मिली कि झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के नौकर के यहां से इडी की छापामारी के दौरान 30 करोड़ नकद मिले हैं। अब बताइये कि यह पैसा किसका है। क्या यह लूट का पैसा नहीं है। इनके नौकरों के पास इतना पैसा मिल रहा है, तो इनके आकाओं के पास कितना लूट का पैसा मिलेगा। इनके मंत्रियों और निजी सचिवों के यहां कितना पैसा होगा। इसके बाद भी कांग्रेस और जेएमएम के लोग कहते हैं कि हेमंत सोरेन का क्या कसूर है। अब तो राहुल गांधी भी आने वाले हैं। उन्हें बताना चाहिए कि इतना पैसा उनके नौकर के घर में कैसे मिला। चंपाई सोरेन को मंत्रिमंडल से आलमगीर आलम को बर्खास्त कर देना चाहिए, तब समझा जायेगा कि ये लोग भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि खबर तो यह भी है कि बोकारो से लेकर धनबाद तक, बोकारो से गिरिडीह तक पीसीआर के वैन में ये लोग पैसों की ढुलाई कर रहे हैं। पुलिस के अफसरों को चेतावनी देना चाहता हूं कि किसी भी पीसीआर में या पुलिस द्वारा पैसा पहुंचाया गया और जांच हुई तो एक भी पुलिस अफसर को नहीं छोड़ा जायेगा।





### इंडी गठबंधन: दूल्हा तय नहीं, बारात निकाल दिये: सुदेश

आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि आज जिस हिसाब से सभा में भीड़ की उपस्थिति है, उसे देखकर लग रहा है कि नामांकन सभा नहीं यह जीत की सभा है। सुदेश महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमने इस प्रदेश के दायित्व को एनडीए के परिपेक्ष्य में 14 की 14 सीट जीत का नारा तय किया है। इस बार 400 पार का उत्साह पूरी जनता में साफ दिखाई दे रहा है। हमारा संकल्प स्पष्ट है कि हम 2047 तक भारत को श्रेष्ठ देश की श्रेणी में शामिल करना चाहते हैं। इसलिए आपका वोट हासिल करना चाहते हैं। इंडी गठबंधन बता दे कि उनका दूल्हा कौन होगा। अभी तक तय नहीं कर पाये और बाराती निकाल दिये।

### दुनिया में भारत का डंका बज रहा है : सम्राट चौधरी

बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी को चुनने के बाद दुनिया भर में भारत का डंका बज रहा है। अंग्रेज के 200 साल तक शासन करने के बाद जब हमें आजादी मिली, आजादी से लेकर के 2014 तक भारत आर्थिक क्षेत्र में 12वें स्थान पर था। इसे मात देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की आर्थिक स्थिति को पांचवें स्थान पर पहुंचा दिया। भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था।

कभी मोहम्मद गजनी आया, उसने 17 बार देश को लूटने का काम किया। इसके बाद मुगल आये, उसने 400 साल तक देश को लूटा। इसके बाद अंग्रेज आये, उसने 200 साल तक लूटा। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस कांसेप्ट को चेंज किया है। अब सोने की चिड़िया नहीं सोने की शेर बना रहे हैं। जो दुनिया में दहाड़ने का काम करेगा।

2019 में जब फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आये, तो 2020 में भव्य राम मंदिर के निर्माण की शुरुआत कर दी। सम्राट चौधरी ने कहा कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सबको सोलर युक्त बिजली देने का काम करेंगे।

चुनाव के समय इन लोगों को आरक्षण और भारत का संविधान खतरे में नजर आता है। चुनाव के बाद फिर ये लोग संविधान और आरक्षण को भूल जाते हैं। इस बार एक मजबूत सरकार बनाने के लिए झारखंड और बिहार से 54 सांसद को दिल्ली भेजना है।

### विकसित भारत के संकल्प को पूरा करना है : सीपी

चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि आज जो जनसैलाब इस सभा में उमड़ा है, इसे देखकर दावे के साथ कह सकता हूं कि दो गुना वोट से हम यह चुनाव जीतने जा रहे हैं। इंडी गठबंधन ने किस प्रकार से झारखंड को लूटने का काम किया, अब वह किसी से छिपा नहीं है। कोयला, बालू, लोहा, जमीन सबको लूट डाला। अभी जो टेंडर घोटाला हुआ, उसे भी कैसे भुला जा सकता है। झारखंड सरकार के मंत्री के निजी सचिव के नौकर के यहां से 30 करोड़ नकद मिल रहा है। यह सब किसका पैसा है। सब लूट का है। लूट-लूट कर ये लोग झारखंड को खोखला कर दिये हैं। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जो विकसित भारत का संकल्प है, उसे हमें पूरा करना है।


### सीएम चंपाई सोरेन ने पीएम पर बोला हमला

# 15 लाख देने का वादा 15 पैसा भी नहीं मिला

## ■ मथुरा महतो ने किया नामांकन, उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** सोमवार को गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में बोकारो के पुस्तकालय मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। कहा कि झूठ बोलकर दस वर्ष तक प्रधानमंत्री सत्ता में रहे हैं। अब देश की जनता उन्हें विदा करने वाली है। पेट्रोल-डीजल और महंगाई के नाम पर भाजपा केंद्र की सत्ता में आयी। सत्ता में आते ही यह मुद्दा समाप्त हो गया। मोदी जी ने जनता को 15-15 लाख देने की वादा किया था। अभी तक जनता को 15 पैसा भी नहीं दिये। कहा कि जनता को पांच साल में एक बार मौका मिलता है। केंद्र की सत्ता से मोदी जी को हटाने के लिए जनता चूक जाती है, तो फिर पांच साल रोना पड़ेगा। मोदी सरकार में देश का विकास, नहीं विनाश हुआ है। केंद्र सरकार ने झारखंड में ग्यारह लाख राशन कार्ड को रद्द कर दिया था। हेमंत सरकार ने रद्द राशन कार्ड को ग्रीन कार्ड बनाकर सभी को राशन देने का काम किया है। इस मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बन्ना गुप्ता, बेबी देवी उपस्थित थे।



### मोदी सरकार ने जनता को गरीब बनाने का किया काम

सीएम चंपाई सोरेने ने कहा कि मोदी सरकार ने देश की 80 करोड़ जनता को पांच किलो अनाज देकर गरीब बनाने का काम किया है। कहा कि आदिवासियों की पहचान के लिए सारना धर्म कोड लागू होना चाहिए। इसके लिए राज्य सरकार की ओर भेजे गये प्रस्ताव को केंद्र सरकार ने रोक दिया। सीएम ने कहा कि यह चुनाव संविधान बचाने का है। प्रत्येक कार्यकर्ता चुनाव में गठबंधन के प्रत्याशी के लिए काम करें।

### यशस्विनी के नामांकन के बाद मोरहाबादी में सभा

# कांग्रेस पार्टी जितनी आबादी उतनी हिस्सेदारी देगी : मीर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी सहाय ने सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। जिला निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के समक्ष यशस्विनी ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान यशस्विनी सहाय के पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, राज्यसभा सांसद महुआ माजी सहित अन्य मौजूद थे। नामांकन के बाद मोरहाबादी में आयोजित चुनावी सभा में कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि जितनी आबादी, उतनी हिस्सेदारी कांग्रेस पार्टी देगी। महिलाओं को एक-एक लाख रुपये मिलेंगे। नौकरी में 50 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को मिलेगा। पहले और दूसरे फेज के चुनाव में भाजपा दूर तलक नहीं दिख रही है। अब झारखंड की बारी है। झारखंड की जनता भी मत देकर फैसला सुनायेगी। बाहरी लोगों को जनता इस बार भगायेगी। खोखले नारों के पीछे बाहर के लोग नुमाइंदगी कर रहे हैं। इसी कारण लोग आपके मामले को नहीं उठाते हैं।

### बाहरी नहीं खतियानी हूं, झारखंड की बेटी हूं : यशस्विनी सहाय

यशस्विनी सहाय ने जनसभा में कहा कि झारखंड की बेटी हूं। खतियानी हूं। वकालत बाहर की। मुझे समझ में आया कि मुझे लोगों की मदद करनी है। इसलिए मैंने चुनावी में आने का फैसला किया। सबने झारखंड की धरती का सम्मान बढ़ाया है। इंसानी जिंदगी इसलिए मिली है। कहा कि हम केवल आपका वोट नहीं चाहते है। हमें सेवा का मौका दें। हमें आशीर्वाद दें हम न्याय पत्र की बात कर रहे हैं, क्योंकि उन्होंने अच्छे दिन का वादा कर नफरत फैलायी। लोगों के मौलिक अधिकार छीन लिये गये। किसी के अच्छे दिन आये। न्याय पत्र में केवल शब्द नहीं है। इसमें हर वर्ग के लिए न्याय है। महिलाओं को 1 लाख रुपये सालाना मिलेगा। सरकारी नौकरी में महिलाओं में 50 फीसदी आरक्षण मिलेगा। कहा कि पहली नौकरी पक्की होगी, कांग्रेस के शासन में। झारखंड की धरती में खेल प्रतिभा है। उभरते खिलाड़ियों को 10 हजार रुपए महीने मिलेंगे। आर्थिक मदद से उनका विकास होगा। हमें आपका मान सम्मान सोचना है। पिछले 10 साल में रोजगार छीन गया है। पिछले 50 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है।

### बेटी आज से नये जीवन की शुरुआत कर रही है: सुबोधकांत

इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि उनकी बेटी आज से नये जीवन की शुरुआत कर रही है। उनकी बेटी सोशल एक्टिविस्ट रही है, लेकिन लोकतांत्रिक व्यवस्था में पहली बार चुनाव मैदान में उतरी है। जनता उसे आशीर्वाद देगी। वह पेशे से अधिवक्ता है। झामुमो की राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि पूरे राज्य में इंडी गठबंधन की लहर है। सभी 14 सीटों पर गठबंधन की जीत होगी।

### लोकतंत्र और संविधान खतरे में है: राजेश ठाकुर

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि आपकी बिटिया और बहन रांची प्रत्याशी यशस्विनी सहाय है। इन्हें कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाया है। मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी और प्रदेश के बड़े नेताओं ने तय किया है। देश में लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। ये चुनाव इसी को बचाना है। मिलकर लड़ना है। लड़ेगा झारखंड, जुड़ेगा भारत और जीतेगा इंडिया। देश खतरनाक दौर से गुजर रहा है। हर वर्ग एक दूसरे को शक की निगाह से देख रहा है। पीएम हठधर्मी हैं। वे मुद्दों पर बात नहीं करते है। रांची में प्रत्याशी के माध्यम से राहुल गांधी का हाथ को मजबूत कीजिये।

### देश को बचाने के लिए आगे आयें: बंधु तिर्की

कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि देश को बचाने के लिए आगे आयें। दस साल तक पीएम नरेंद्र मोदी ने झूठ बोलकर सरकार चलायी। जुमलेबाज सरकार है। जनता इसे नकार चुकी है। गुमला की सभा में भी प्रधानमंत्री झूठ का पुलिंदा खोलकर चले गये। इस कारण बूथ को मजबूत करें, और हर हाल में मतदान करें। इस बार करो या मरो की स्थिति है।

### इनकी रही मौजूदगी

आलमगीर आलम, शहजादा अनवर, विनय सिन्हा दीपू, कैलाश यादव, अजयनाथ शाहदेव, राकेश किरण, रोहित सिन्हा, रवींद्र कुमार, नीतीश कुमार, सूरज शर्मा, केके वर्मा, नीरज सांगा, आर्या नायक, अभिषेक कुमार, छोटू वर्मा समेत अन्य मौजूद थे।

# जैना मोड़ की सभा में आजसू ने दिखायी ताकत पैर रखने तक की जगह नहीं, हर तरफ जाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सोमवार को करीब डेढ़ बजे चंद्रप्रकाश चौधरी ने नामांकन किया। नामांकन बोकारो समाहरणालय में हुआ। उनके साथ बाबूलाल मरांडी, सुदेश महतो, सम्राट चौधरी और लंबोदर महतो थे। नामांकन से पहले पेटरवार से करीब 500 गाड़ियों का काफिला जिस पर आजसू का झंडा या तो पट्टा लगा था, दिखाई देना शुरू हो गया। भाजपा समर्थकों की भी गाड़ियां उसी कतार में थीं। सभा जैनामोड़ के हाइ स्कूल मैदान में थी। जो समाहरणालय से करीब 19 किलोमीटर की दूरी पर थी। जब आजाद सिपाही की टीम सभास्थल की ओर बढ़ रही थी, तब करीब 4 किलोमीटर पहले से सड़क जाम हो चुकी थी।



आजसू और एनडीए के समर्थक पैदल और गाड़ियां भर-भर कर भारी मात्रा में सभा की ओर जा रहे थे। जैसे ही हमारी टीम सभास्थल पहुंची, तब वहां का नजारा देखने लायक हो गया था। भीड़ इतनी की सच में पैर रखने की जगह नहीं थी। जहां तक तक नजर दौड़ा सकते हैं, उतनी भीड़ आजसू के प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के नामांकन में पहुंची। भीड़ का अंदाजा इससे भी समझा जा सकता है कि हजारों में आजसू कार्यकर्ता सड़क पर ही खड़े रह गये। महिलाओं की तो फौज ही थी। जैसे-जैसे सभा अपने रंग में आने लगा। गर्मी भी दूर होने लगी, क्योंकि बादल ने अब कमान संभाल लिया था।

सभा के दौरान चंद्रप्रकाश चौधरी के नाम के नारे, सुदेश महतो के नाम के नारे, बाबूलाल मरांडी, सम्राट चौधरी के नाम के नारे लग रहे थे। मंच पर भी एनडीए नेताओं की फौज खड़ी थी। नेताओं में चंद्रप्रकाश चौधरी के साथ सम्राट चौधरी, बाबूलाल मरांडी, सुदेश महतो, ढुल्लू महतो, मनीष जयसवाल, सुनील सिंह, बिरंची नारायण, रामचंद्र सहिस, उमाकांत रजक, छत्रधारी महतो सरीखे नेता मौजूद थे। अद्भुत समागम देखने को मिला, जहां एनडीए के सभी घटक ने शक्ति प्रदर्शन किया। आस- पास के सभी ठेले खोमचे में भीड़, करीब 10 किलोमीटर के अंदर जितने होटल थे, सभी में खचाखच भीड़। सभा खत्म होते ही ओलावृष्टि भी होने लगी। इसके बाद लोग अपने-अपने गंतव्य की ओर निकल गये।

# हर साख पर आलमगीर बैठा है, अंजाम-ए-झारखंड क्या होगा : तरुण चुग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सोमवार को एक दिवसीय झारखंड दौरे पर नयी दिल्ली से रांची आये। श्री चुग ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित चतुर्थ चरण में होने वाले चुनाव संसदीय क्षेत्र पलामू, सिंहभूम, खूंटी लोहरदगा के लोकसभा प्रभारी, सह प्रभारी, संयोजक, जिलाध्यक्ष के साथ



बैठक की। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह उपस्थित थे। मीडिया से मुखातिब होते हुए तरुण चुग ने कहा कि अब तो झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के पीएस के सहायक के घर से इडी की कार्रवाई में करोड़ों रुपये नकद बरामद हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड के हर साख पर एक आलमगीर बैठा है। ऐसे में ठगबंधन की सरकार में अंजाम ए झारखंड क्या होगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को बताना चाहिए कि ये पैसे किनके हैं। उन्होंने दावा किया कि झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर एन डी ए की जीत पक्की है। जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना चाहती है। इस चुनाव में ठगबंधन दलों की दाल नहीं गलनेवाली है।

## भाजपा ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के परसाबाद भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष विजय कुमार राणा के नेतृत्व में विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी के चुनाव चिन्ह कमल फूल पर बटन दबाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हाथों को मजबूत करने का अपील किया। मौके पर जिप सदस्य केदारनाथ यादव, सांसद प्रतिनिधि विजय पंडित, जिला मंत्री सुधीर सिंह, पंसस धानेश्वर राणा, महावीर यादव, महेश रजक, कैलाश लाल बर्णवाल, राम लखन यादव, खिरु साव, होरिल यादव सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## इंडिया गठबंधन के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बंधन चौक स्थित क्षत्रिय भवन में सोमवार की शाम इंडिया गठबंधन के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन कोडरमा लोक सभा प्रत्याशी बिनोद सिंह ने फीता काट कर किया। इस दौरान जेएम एम, राजद, कांग्रेस, माले के कार्यकर्ताओं ने चुनाव की रणनीति बनाई साथ ही इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने पर जोर दिया। वहीं कार्यकर्ताओं ने कहा कि बिनोद सिंह के चुनाव चिन्ह झंडे में तीन तारा को लेकर समर्थको की टोली घर घर जाकर चुनाव का प्रचार प्रसार करेंगे। मौके पर प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर तिवारी, मोहम्मद खलील, राजद के सरफराज खान, बिनोद साव, बसंत पासवान, तुलसी यादव, उमेश सिंह, सरफुद्दीन अंसारी, भुवनेश्वर प्रसाद यादव, मनिंदर राम, बीस सूत्री अध्यक्ष रविशंकर सिंह, मो सोहराब, मंसूर आलम, मो अमजद, अशोक सिंह, मनीष सिंह, चंद्रदेव सिंह, तोकीर अहमद, राजद के बबलु यादव, लालु यादव, बहादुर यादव, अशोक यादव, विदेशी दास, कोसर शाह, एरकान अहमद, अफजाल मियां, गुलाम मुस्तफा, मोहम्मद अफजल समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में चार घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना अंतर्गत इंदरवा बैंक आफ इंडिया के पास दोपहर 12 बजे ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में बाइक सवार चार लोग घायल हो गये। घायलों की पहचान अजय सिंह उम्र 38 वर्ष, सुमन देवी उम्र 35 वर्ष पति अजय सिंह, शिवम कुमार उम्र 8 वर्ष पिता अजय सिंह, रानी कुमारी उम्र 5 वर्ष ग्राम सभी ढोढाकोला साफी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपनी बाइक से पति-पत्नी बच्चे सवार होकर ढोढाकोला से कोडरमा की तरफ आ रहे थे। इंदरवा बैंक ऑफ इंडिया के समीप ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर हो जाने से बाइक सवार लोग घायल हो गये। ग्रामीणों की मदद और 108 के सहयोग से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज चल रहा है।

## मतदाताओं को बांटी जा रही है वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 20 मई 2024 को मतदान दिवस निर्धारित है। जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार बीएलओ के द्वारा मतदाताओं को घर-घर जाकर वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप का वितरण किया जा रहा है और मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया और सभी मतदाताओं के बीच मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण किया गया। बीएलओ द्वारा सभी मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

## परिजनों और पड़ोसियों को आमंत्रण पत्र देकर मतदान करने का दिया संदेश

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देशानुसार जिले में शत-प्रतिशत मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के उद्देश्य से स्वीप कोषांग कोडरमा के द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में अभियान के तहत जिले के सभी विद्यालयों में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन कर दिनांक-20 मई 2024 दिन सोमवार मतदान दिवस के दिन शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया। संगोष्ठी के माध्यम से अभिभावकों से स्वयं और अपने परिवारजनो, पास पड़ोस के लोगों को मतदान केंद्रों पर लाने को कहा और नैतिक मतदान करने की अपील किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने परिजनों और पड़ोसियों को आमंत्रण पत्र देकर दिनांक-20 मई को अवश्य मतदान करने का संदेश दिया।

## फिर मोदी सरकार बनेगी, उत्साह चरम पर: टोनी जैन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी हजारीबाग के वरिष्ठ कार्यकर्ता द्वारा बड़कागांव में भाजपा लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में सघन दौरा किया गया। आज हजारीबाग के वरिष्ठ नेता टोनी जैन और उनके साथी ने बड़कागांव कंडाबेर के मंदिर में माता अष्टभुजी के दर्शन, पूजा अर्चना कर भाजपा और देश में मोदी सरकार की जीत की कामना की। वहां से विभिन्न गांव का दौरा प्रारंभ किया, सर्वप्रथम कंडाबेर ग्राम पत्राखुर्द, सीकरी, चमगढा परपेन, मोतिखर, सांड चेपरवा, शिवाडीह, सोनपुरा, महुदी, सतबहिया, चयुइंगदाग आदि ग्रामों का दौरा कर नरेंद्रमोदी के योजना के बारे में ग्राम वासियों से चर्चा की और जितने भी गांव के लोग उस योजना का लाभ उठा रहे हैं उसके बारे में जानकारी ली, आगामी 5 वर्षों में मोदी जी कौन-कौन से योजना देश हित और जनता के हित में आयेगी यह सभी बातों का ग्रामीणों के बीच चर्चा साझा की, ग्रामीणों में अति उत्साह है, फिर से हम लोग मोदी के अबकी बार 400 पर के नारे को आगे बढ़ायेंगे, और मोदी जी की सरकार को बनायेंगे आज के कार्यक्रम में विशेष रूप से महिला मोर्चा की टीम से लीलावती देवी, ज्योत्सना देवी, पूनम मिश्रा, उपस्थिति रही साथ में हजारीबाग से सोनू गुप्ता, शेखर गुप्ता बड़कागांव से सुमन गिरी और जितेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे।

# हजारीबाग लोस चुनाव में 17 उम्मीदवार हैं मैदान में

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा चुनाव में नाम वापसी के बाद 17 उम्मीदवार मैदान में बचे है। सोमवार को सभी 17 उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया गया। जिनमें इंडियन नेशनल कांग्रेस के जय प्रकाश भाई पटेल को हांथ छाप, भाजपा के मनीष जायसवाल को कमल फूल, बसपा के मो मोइनुद्दीन अहमद को हांथी, सीपीआई के अनिरुद्ध कुमार को बाल और हंसिया, लोकहित अधिकार पार्टी के कुंज बिहारी कुमार को सेव, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के छठी देवी को केतली, पीपीआई (डी) के निशांत कुमार सिन्हा को फलों की टोकरी, भारतीय आजाद सेना के प्रकाश सोनी को बांसुरी, समता पार्टी के भुनेश्वर बेदिया को बैटरी टार्च, झारखंड पार्टी के राजकुमार कुशवाहा को एयरकंडिसनर, भागीदारी पार्टी (पी) के श्यामबिहारी प्रजापति को अलमीरा वहीं निर्दलीय के रूप में मैदान में उतरे अभिषेक कुमार को ऑटो रिक्शा, मनोज कुमार बेदिया को हांकी और बॉल, बिनोद कुमार राणा को बेबी वॉकर, शशि भूषण केशरी को गुब्बारा, संजय कुमार मेहता को हेलमेट और मो सेराज को बल्ला चुनाव चिन्ह मिला है।



### कल से पोस्टल बैलेट के माध्यम से आयोजित होंगे मतदान

**हजारीबाग।** लोक सभा आम चुनाव 2024 अंतर्गत 14 हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के अलावे झारखंड के अलग-अलग जिला में मतदान की तिथि अलग-अलग निर्धारित है। उक्त संसदीय क्षेत्र के वैसे मतदाता जिनकी नियुक्ति निर्वाचन कार्य हेतु हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत है, के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान हेतु निम्न सुविधा केंद्र बनायें गये है। संसदीय क्षेत्र सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा, पलामू के मतदाता जिनकी नियुक्ति निर्वाचन कार्य हेतु हजारीबाग में हुई है वें 8 मई से 10 मई तक समय प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक प्रमंडलीय पंचायत प्रशिक्षण संस्थान जबरा के केंद्र संख्या 1 में पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना मतदान दे सकते है। संसदीय क्षेत्र गिरिडीह, धनबाद, रांची, जमशेदपुर के मतदाता जिनकी नियुक्ति निर्वाचन कार्य हेतु हजारीबाग में हुई है वें 14 मई से 17 मई 2024 तक समय प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक प्रमंडलीय पंचायत प्रशिक्षण संस्थान जबरा के केंद्र संख्या 2 में पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना मतदान दे सकते है। संसदीय क्षेत्र राजमहल, दुमका, गोड्डा के मतदाता जिनकी नियुक्ति निर्वाचन कार्य हेतु हजारीबाग में हुई है वें 24 मई से 25 मई 2024 तक समय प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक प्रमंडलीय पंचायत प्रशिक्षण संस्थान जबरा के केंद्र संख्या 3 में पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना मतदान दे सकते है।

26 अप्रैल से 3 मई के बीच 20 लोगों को द्वारा नॉमिनेशन फार्म खरीदा गया था, मगर 19 प्रत्याशियों ने ही नामांकन पत्र दाखिल किया गया था। स्कृतनी के बाद 2 प्रत्याशी सुरेश ठाकुर और प्रकाश कुमार का नाम अस्वीकृत किया गया।

डीसी नैंसी सहाय ने बताया की आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद अभी तक तीन आदर्श आचार संहिता का मामला दर्ज हुआ है, जिनमें दो बरही और एक बड़कागांव में दर्ज हुआ है। साथ ही डीसी ने कहा की निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है।

वहीं एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया की 327 भवन में 1680 बूथ बनाये गये हैं, जिनमे सिआरपीएफ सुरक्षा व्यवस्था में लगेंगे, वहीं 1122 बूथ में सुरक्षा के लिए जिला बल, होम गार्ड, जैप के जवान लगेंगे। एसपी ने मतदाताओं से अपील किया है की डरने की जरूरत नहीं है, निर्भीक होकर मतदान करें। इस बार मतदान का समय सुबह 7 से शाम 5 बजे तक है। अगर किसी प्रकार की समस्या होती है तो कंट्रोल रूम के नंबर 8002589349 पर कॉल कर सकते हैं।

## बरकट्ठा में शराब के साथ एक गिरफ्तार

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** गोरहर पुलिस ने अवैध शराब बेचने वाले के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान गुप्त सूचना मिलने पर गोरहर थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने जमुआ मोड़ स्थित एक होटल में छापामारी की। छापामारी के दौरान बिहारी मंडल पिता मनु महतो ग्राम जमुआ मोड़ के दुकान से एक भारी मात्रा में शराब बरामद हुआ। जिसके पश्चात गोरहर पुलिस ने धारा 272/ 273/ 278/ 290 भाद वि धारा - 47 ए उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर हजारीबाग जेल भेजा। इस मामले का केस नंबर 13/24 है। इस तरह की कार्रवाई करने से अवैध शराब बेचने वाले दुकानदारों में हड़कंप मंच गया है।

# स्वीप कार्यक्रम को लेकर रैली

आजाद सिपाही संवाददाता

**विष्णुगढ़।** सोमवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने, निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की जागरूकता और नैतिक सहभागिता को विकसित करने के उद्देश्य से प्रखंड के जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं द्वारा प्रखंड मुख्यालय से मोटरसाइकिल रैली निकाली गयी। मोटरसाइकिल रैली को प्रखंड मुख्यालय में अंचलाधिकारी विकास कुमार टुडु ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



गया। मोटरसाइकिल रैली प्रखंड मुख्यालय से सात मिल चौक होते हुए बनासो चौक तक किया गया। इस अवसर पर एमओ पीयूष सिन्हा, पंचायती राज पदाधिकारी रामचन्द दांगी, जन वितरण प्रणाली विक्रेता उमेश पांडेय, महेंद्र राम, तपेश्वर रजक, भोला प्रसाद, चेतलाल महतो, गोवर्धन प्रसाद, सुरेश रजवार, हीरो राम, हीरालाल महतो, नंदकिशोर प्रसाद, जीवाधन यादव, सुरेंद्र प्रसाद, गोविंद पटेल, मुकेश कुमार, केदार मंडल, महावीर महतो, हीरालाल महतो, दुर्गा महिला मंडल, प्रवीण कुमार, प्रदीप पांडेय, नंदकिशोर पांडेय, रवि कुमार पांडेय, कैलाश महिला मंडल, उमेश सिंह, लालमन महतो, टेकलाल महतो आदि शामिल थे।

# केरेडारी में सैकड़ों ने थामा भाजपा का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरेडारी।** प्रखंड के बरियातू पंचायत में सैकड़ों लोगों ने विभिन्न राजनितिक दलों को छोड़कर भाजपा का दामन थामा और एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल को भारी मतों से विजय बनाने का संकल्प लियो भाजपा के मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साहू के नेतृत्व में सैकड़ों युवा व महिला पुरुष ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामो इस कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार, एनडीए प्रत्याशी मनीष जासवाल के छोटे भाई निसिकांत जायसवाल भी मौजूद थे। भाजपा में शामिल हुए लोगों ने पीएम नरेंद्र मोदी और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को भारी मतों से विजय बनाने का संकल्प लिया। भाजपा में शामिल होने वालों में हरदयाल साहू, पंचायत समिति सदस्य जागेश्वर साहू, रामेश्वर साहू, राजेश साहू, शंकर साहू, खुदूष मियां, खीरोया देवी, विनोद गोस्वामी, दुखू साव, पूर्व मुखिया रामेश्वर साहू, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि गौतम साहू, वार्ड सदस्य वीना देवी का नाम शामिल है। इन सबों ने एक साथ कहा कि भाजपा राष्ट्रीय हित और जनहित के आदर्शों पर कार्य करती है जिससे प्रेरित होकर हम सभी ने भाजपा का दामन थाम रहा हूं और आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को जिताने में पूरी क्षमता झोंक दूंगा। मौके पर केरेडारी मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शेर सिंह, उपाध्यक्ष सुनील कुमार ठाकुर, जिला कार्य समिति सदस्य महेंद्र सिंह, बड़कागांव सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार, बद्रीनारायण सिंह, अमित गुप्ता, युवा मोर्चा मंत्री पवन रजक, प्रीतम साहू, विकास कुमार साहू, नीतू कुमारी, विनोद गोस्वामी, अनिल सिंह, सविता देवी, रेखा देवी, सोहन गोस्वामी, सीताराम गोस्वामी पूर्व मुख्य रामेश्वर साहू सहित मौजूद थे।

## सड़क हादसे में पत्रकार के पिता की मौत, मां घायल

**बरकट्ठा(आजाद सिपाही)।** गोरहर और बगोदर थाना के सीमाने पर स्थित तारा पंजाब होटल के समीप जीटी रोड पर हुई सड़क हादसे में दैनिक अखबार संवाददाता साहेब सोरेन के पिता रामेश्वर मांझी 56 वर्ष पिता सोमर मांझी घंघरी निवासी की मौत अज्ञात वाहन के चपेट में आने से घटना स्थल पर हो गयी। सुचना मिलते ही घटना स्थल पर गोरहर और बगोदर पुलिस पहुंच कर बगोदर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। वहीं घायल महिला का इलाज अस्पताल में किया गया। वहीं इस घटना के बाद प्रेस क्लब बरकट्ठा ईकाई के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद, वरिष्ठ पत्रकार रियाज खां, उपाध्यक्ष ईश्वर यादव, सचिव रामकृष्ण पांडेय, कोषाध्यक्ष अनिल वर्णवाल, पंकज मोदी, उपसचिव अजीत मोदी, सुरेश पांडेय, संतोष कुमार मंडल, शहनवाज खां, मंटू पांडेय समेत पत्रकारों ने दुखः व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया।

# माउंट कार्मेल की साक्षी प्रिया बनी स्कूल और जिला टॉपर

### शत प्रतिशत रहा स्कूल के दसवीं बोर्ड का रिजल्ट

डॉ मिथिलेश




**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** आईसीएसई बोर्ड के 10वीं का परीक्षा परिणाम आज जारी हुआ। जिसमें हजारीबाग के इकलौते आईसीएसई बोर्ड संचालित माउंट कार्मेल स्कूल की छात्राओं ने दमदार प्रदर्शन किया।

आइसीएसई बोर्ड के दसवीं क्लास के आइसीएसई बोर्ड के रिजल्ट में साक्षी प्रिया 98.8 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर व जिला टॉपर बनी। उन्हें मैथ और साइंस विषय में 100 प्रतिशत अंक मिला है। साक्षी के पिता मूलतः बिहार के रहने वाले हैं लेकिन वह अब हजारीबाग के हीराबाग में रहते हैं। साक्षी प्रिया ने बताया कि उनके घर वालों और स्कूल को पहले से ही भरोसा था कि वह दसवीं में अच्छी अंक लाकर पास करेगी। साक्षी ने केजी से लेकर दसवीं तक की पढ़ाई हजारीबाग के माउंट कार्मेल स्कूल से की। वही शीति भारद्वाज 96 प्रतिशत अंक लाकर दूसरे स्थान पर रही। कुमारी तान्या 95.6 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे स्थान पर रही। 95.4 अंक लाकर चौथे स्थान पर अंशी सोनी रही। 94.8 प्रतिशत अंक लाकर अर्वंतिका पटेल पांचवें स्थान पर रही। छठे स्थान पर 94.8 अंक लाकर कृति कश्यप रही। सातवें स्थान पर लकी कुमारी 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। आठवें स्थान पर 94 प्रतिशत अंक लाकर अव्या दास रही। नवें स्थान पर अमान्या कर्ण 93.2 अंक प्राप्त किया। दसवें स्थान पर ज्योत्सना चंद्रा ने 92.2 अंक प्राप्त किया। ग्यारहवें स्थान पर सौभाग्य सिन्हा रहीं जिन्हें 92 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ। बारहवें स्थान पर स्येदा मरयम जहरा रहीं जिन्हें 91.4 अंक प्राप्त हुआ। तेरहवें स्थान पर अपराजिता सिकदर रही जिन्हें 90 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ। चौदहवें स्थान पर जेना कुमारी रहीं जिन्हें 90 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ। कार्मल स्कूल की दसवीं आईसीएसई बोर्ड की परीक्षा में कुल 106 छात्राएं शामिल हुई थी। जिसमें से 14 छात्राओं को 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हुआ। स्कूल की 97 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी और 9 छात्राओं ने द्वितीय श्रेणी से इससे 10वीं की परीक्षा पास कर सफल हुई। इस परिणाम पर स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर सविथा मेरी ने सफल प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि स्कूल का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा इसमें सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह परीक्षा परिणाम प्राप्त कर छात्राओं ने स्कूल के मान और सम्मान को और अधिक बढ़ा कर गौरांवित किया है।

## हजारीबाग में मुन्ना सिंह घूम-घूम कर जेपी भाई पटेल के लिए मांग रहे वोट



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह कटकमदाग प्रखंड के पसई, सलगांवा, मसरातु सहित विभिन्न पंचायतों के दर्जनों गांवों में जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान महागठबंधन से लोकसभा प्रत्याशी जेपी भाई पटेल के लिए वोट मांगा। साथ ही मतदाताओं को जागरूक कर कांग्रेस पार्टी की नीतियों और विचारधाराओं को उनके समक्ष रखा। मुन्ना सिंह ने अपने जनसंपर्क अभियान में कांग्रेस पार्टी के विकास कार्यक्रमों, नीतियों और उनके द्वारा जनता के हित में किये गये कार्यों का जिक्र किया। साथ ही साथ कांग्रेस के न्याय पत्र से लोगों को अवगत करवाते हुऐ कहा की कांग्रेस देश के हर वर्ग को ध्यान में रखकर कार्य करती है और जनता से आगामी चुनाव में जेपी भाई पटेल को समर्थन देने की अपील की। इस अभियान में उनके बातों को सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए और उनके संदेश को जनता ने गंभीरता से लिया। इस अभियान के माध्यम से मुन्ना सिंह ने न केवल जेपी भाई पटेल के लिए समर्थन जुटाया, बल्कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को भी जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया। उनके इस अभियान से कांग्रेस पार्टी को नयी ऊर्जा मिलने की उम्मीद है। मौके पर राजद जिलाध्यक्ष चरका यादव, समाजसेवी निरज यादव, समाजसेवी आशीष कुमार, मोंटी कुमार राणा, बबलू सिंह, दिनेश यादव, सुजित सिंह, रंजीत यादव, आशीष कुमार, अभिषेक कुमार रविदास, रिंकू कुमार समेत कई लोग शामिल थे।

## कयुम अहमद बने हजारीबाग जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला प्रभारी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** बीजेपी, झारखंड प्रदेश, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष-अनवर हयात जी के निर्देशानुसार बीजेपी झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के, प्रदेश महामंत्री एस सम ताजदार आलम द्वारा हजारीबाग जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला प्रभारी कयुम अहमद और सह प्रभारी मोनालिसा लकड़ा और अब्दुल कयूम अंसारी को नियुक्त किया गया है। कयुम अहमद पुर्व में, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला से प्रदेश स्तर के पदाधिकारी रह चुके है। उनके अनुभव को देखते हुए पार्टी ने हजारीबाग जिला का अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला प्रभारी नियुक्त किया है। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गयी।

## रविवार को भी खुला रहा डाकघर

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग डाक प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले हजारीबाग, चतरा और कोडरमा लोकसभा चुनाव 20 मई को है। इसको लेकर नये मतदाता भी चिह्नित किये गये हैं। साथ ही पुराने वोटर आइडी कार्ड में सुधार भी किया गया है। ऐसे मतदाताओं तक उनका नया वोटर आइडी पहुंचाने की जिम्मेदारी डाक विभाग को सौंपी गयी है। मतदाताओं तक वोटर आइडी पहुंचे, इसके लिए रविवार को भी डाकघर खुले रहे। सहायक डाक अधीक्षक ब्रजेश कुमार पासवान ने बताया कि डाक विभाग ने डाककर्मी, डाकिया और जीडीएस कर्मियों की मदद से बचे हुए सभी 3392 वोटर आइडी कार्ड का वितरण शनिवार व रविवार को कर दिया और आने वाले सभी मतदाता पहचान पत्र को समय पर मतदाताओं तक पहुंचने के लिए संकल्पित है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए डाक विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम किये जा रहे हैं।

# विस्थापितों के साथ न्याय हो इसलिए जेपी पटेल को जिताना है: अंबा प्रसाद



### 9 मई को जयप्रकाश भाई पटेल का बड़कागांव में चलेगा जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता


**बड़कागांव।** आगामी 9 मई दिन बृहस्पतिवार को लोकसभा महागठबंधन प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल का बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान प्रस्तावित है। दिन बृहस्पतिवार को होने वाले जनसंपर्क अभियान को लेकर बड़कागांव में महागठबंधन के नेता और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक हुई। उक्त बैठक में मुख्य रूप से स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद मौजूद रही। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे और संचालन मोहम्मद मजहर ने किया।

उक्त बैठक में लोकसभा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को भारी मतों से विजयी बनाने और आगामी बृहस्पतिवार को होने वाले जनसंपर्क अभियान को लेकर तैयारी को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। विधायक अंबा प्रसाद ने संबोधित करते हुए कहा कि केरेडारी में महागठबंधन प्रत्याशी का अद्भुत समर्थन प्राप्त हुआ है आगामी दिन बृहस्पतिवार को जयप्रकाश भाई पटेल का बड़कागांव प्रखंड में जनसंपर्क अभियान को सफल बनाने का कार्य सभी को मिलजुल कर करना है अंबा प्रसाद ने कहा कि कंपनियां बड़कागांव के विस्थापितों के साथ शोषण कर रही है लेकिन आज तक बड़कागांव का मामला संसद तक नहीं पहुंचा, जयप्रकाश भाई पटेल की जीत ही बड़कागांव के विस्थापितों के साथ न्याय की शुरूआत करेगी। वहीं प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने बताया कि 9 मई को सुबह 6:30 बजे बरवाडीह भोक्ता स्थान से जनसंपर्क अभियान की शुरूआत होगी उन्होंने महागठबंधन के सभी घटक दलों से जनसंपर्क अभियान में शामिल होने का आह्वान किया है। झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह ने जयप्रकाश भाई पटेल के जनसंपर्क अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही है।

मौके पर मुख्य रूप से मुखिया इलियास अंसारी, जिला परिषद प्रतिनिधि दीपक करमाली, मुखिया प्रतिनिधि बिगल चौधरी, संजय महतो, सुरेश महतो, तेली समाज के प्रखंड अध्यक्ष जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, युवा प्रखंड अध्यक्ष आनंद मेहता, वरिष्ठ कांग्रेसी कुलेश्वर राम, चंदर साव, पदुम साव, पंचायत अध्यक्ष गिरधारी प्रजापति, कामेश्वर सिंह, दिनेश साव, सुरेश चौधरी, श्याम भार्गव, त्रिलोकी साव, झामुमो नेता झमन महतो,मोहम्मद हुसैन, विशेश्वर राम, कांग्रेस कार्यकर्ता संजय साव, उमाशंकर साव, विक्रम गुप्ता, अशोक सिंह, किशन शुक्ला, गौतम वर्मा,राजेश रजक, चंद्रिका साव, विमल करमाली, बाबूलाल साव, अनिल राम, रघुवर राम सहित कई लोग मौजूद थे।

## कैमरे की नजर में

# चाचा के श्राद्धकर्म में शामिल हुए हेमंत सोरेन, सभी रीति निभायी और परिजनों से मिल कर हुए भावुक




सोमवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कुछ तस्वीरें उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने सोशल मीडिया पर जारी की हैं। हेमंत सोरेन अपने माता रूपी सोरेन से मिलने के दौरान दोनों भावुक हो गये। इसके बाद वे नेमरा के लिए निकल गये।




पूर्व सीएम हेमंत सोरेन अपने पैतृक आवास नेमरा पहुंचे और अपने चाचा के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए। इस दौरान वे परिवार के लोगों से मिलकर भावुक हो गये। उन्होंने मीडिया से दूरी भी बनायी रखी। श्राद्ध कर्म में शामिल होने के बाद वापस लौट गये।

## ट्रक की चपेट में आने से पति-पत्नी घायल

**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सीसीएल सौंदा बी साईडिंग तीखी मोड के समीप सोमवार को एलपी ट्रक की चपेट में आने से बाईक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में बाईक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं दुर्घटना के बाद ट्रक डिवाइडर की रैलिंग से टकरा गया। जिसके बाद ट्रक चालक गाड़ी छोड़कर वहां से फरार हो गया। दुर्घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने गतिरोधक लगाने की मांग को लेकर टायर जलाकर सड़क जाम कर दिया। पुलिस के समझाने-बुझाने के बाद जाम हटा लिया गया। जानकारी के अनुसार एलपी ट्रक जेएएच 02 एएन 3774 सीसीएल सौन्दा से भुरकुंडा की ओर आ रहा था। इसी दौरान सीसीएल सौंदा बी रेलवे साइडिंग के तीखी मोड के समीप विपरीत दिशा से आ रही होंडा साईन बाईक जेएच 24 एच 6875 पर सवार उरीमारी निवासी 45 वर्षीय रंजन करमाली और 40 वर्षीय पत्नी दसमी देवी को ट्रक ने पीछले चक्के से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाईक सवार रंजन करमाली असंतुलित होकर सड़क पर गिर गया। जिसके बाद रंजन का दाहिना पैर नीचे से टुट कर लटक गया। वहीं रंजन के दोनों हाथ पैर और शरीर में गंभीर चोटे आयीं है। टक्कर लगने से दसमी देवी बाईक से सड़क पर गिर पड़ी। दुर्घटना में उन्हें अंजरून्नी चोटे आयी।

## एनडीए प्रत्याशी ने 65 दिनों में पांच सौ पंचायतों के 1200 गांवों में किया जनसंवाद

# पीएम चेहरा की पहली पसंद नरेंद्र मोदी: मनीष जायसवाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल अपने विशेष रणनीति के तहत एक भाजपा मंडल में एक दिन का ग्राम भ्रमण कार्यक्रम शुरू किया। इस कार्यक्रम के तहत उन्होंने प्रतिदिन करीब एक दर्जन पंचायत के दो दर्जन से अधिक गांवों में पहुंच कर ग्रामीण के बीच जनसंपर्क अभियान चलाया और जनसंवाद कर उनसे भाजपा और अपने पक्ष में मतदान करने की अपील किया। लोगों से संपर्क साधते हुए गांवों में पदयात्रा कर, घरों में दस्तक देकर और चौपाल के माध्यम से खोरठा भाषा में संवाद, खटिया पर आराम और गांवों में लोगों के घरों पर चाय-पानी और नाश्ता करके उन्हें अपनापन का सुखद एहसास कराया।

**अनवरत जारी है मनीष का तूफानी दौरा:** सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने पिछले करीब 64 दिनों से अनवरत बिना बिना रुके, बिना थके अहले सुबह से लेकर देर रात्रि तक लोगों के बीच जा रहे है। क्षेत्र के धार्मिक अनुष्ठानों में भी शामिल हों रहे है। 65 दिनों से मनीष जायसवाल जनसंपर्क अभियान चला रहे है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में लगातार चुनावी जनसंपर्क कर रहे भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बताया कि जनसंपर्क के दौरान उन्हें जनता का बेशुमार प्यार, आशिर्वाद और समर्थन मिल रहा है। वे कहते हैं की घर से अकेले निकलते हैं लेकिन रास्ते में लोग जुड़ते जाते हैं और एनडीए के कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर होता है। गांव में जब हमारा कारवां पहुंचता है तो लोगों के चेहरे की खुशी देख हमारी थकान मिट जाती है और क्षेत्र में बने रहने और बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है। मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता पीएम पद के लिए नरेंद्र मोदी को ही तीसरी बार देखना चाहती है और इसीलिए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से इस बार प्रचंड मतों से विशाल कमल खिलेगा।



## रजरप्पा में मनीष जायसवाल ने चलाया जनसंपर्क

**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल सोमवार को गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के नामांकन सभा में शामिल होने बोकारो जिले के जरीडीह पहुंचे। बोकारो से लौटकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ जिला अंतर्गत प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने मां छिन्नमस्तिका का आशिर्वाद प्राप्त किया और संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की । सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के रजरप्पा पहुंचने पर स्थानीय मंदिर परिसर के दुकानदार संघ और मंदिर समिति के सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया। मनीष जायसवाल ने यहां दुकानदारों, पंडा समाज और आसपास के लोगों के बीच जनसंपर्क अभियान चलाकर आगामी 20 में को होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की ।



## चतरा लोक सभा क्षेत्र से 22 उम्मीदवार रह गये चुनावी मैदान में



**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने आज प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि कुल 31 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। जिसमें 4 मई को स्क्रूटनी में 08 उम्मीदवारों का नामांकन पत्र में त्रृटिपूर्ण रहने के कारण नामांकन पत्र अस्वीकृत किया गया। वहीं 6 मई को नाम वापसी की दिन जय प्रकाश सिंह भोगता, पिता-महेन्द्र सिंह भोगता, पता ग्राम-तिलैया, पोस्ट-द्वारी, थाना-गिद्धौर, जिला-चतरा निर्दलीय ने अपना नामांकन वापस लिया। इसके पश्चात चतरा लोकसभा क्षेत्र से शेष 22 उम्मीदवार लोकसभा चुनाव में भाग्य आजमायेंगे। जिसमें मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्यीय राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी में काली चरण सिंह भारतीय जनता पार्टी, कृष्णानंद त्रिपाठी इंडियन नेशनल कांग्रेस, नागमणि बहुजन समाज पार्टी से उम्मीदवार है। पंजीकृत राजनैतिक दलों के सदस्य (मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्यीय राजनैतिक दलों अतिरिक्त) अभ्यर्थी में अर्जुन कुमार कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, कर्मलाल उरांव पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक), कामदेव डिहो राणा राष्ट्रीय जन उत्कर्ष पार्टी, दर्शन गंझु झारखण्ड पार्टी, दुलेश्वर साव भारतीय जवान किसान पार्टी, विमल लकड़ा आंबेडरकराईट पार्टी ऑफ इंडिया, महेश बांडो बहुजन मुक्ति पार्टी, लव कुमार पंडित भागीदारी पार्टी, संजय कुमार स्नेही लोकहित अधिकार पार्टी, सुमित कुमार यादव समता पार्टी के अलावा निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों में अर्जुन प्रजापती, मो अबुजर खां, डॉ अभिषेक कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, चंदन कुमार, दीपक कुमार गुप्ता, योगेश कुमार सिंह, विक्रांत कुमार सिंह, श्रीराम सिंह शामिल है। उपायुक्त ने सभी पत्रकार बंधुओं से अपील करते हुए कहा कि 7 मई को संध्या 6 बजे से 8 बजे रात्रि तक सोशल मीडिया पर #Main Bhi Election Ambassador कैंपेन चलेगा आप सभी इस कैंपेन में भाग लें। प्रेस कांफ्रेस में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, जिला जन संपर्क पदाधिकारी शकील अहमद उपस्थित थे।

## रामगढ़ और मांडू में शराब तस्करों पर गिरी गाज

# 354 अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** एसपी डॉ बिमल कुमार के निर्देश पर रामगढ़ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में नशीले पदार्थों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान 354 बोतल अवैध शराब जब्त किया गया है। साथ ही 92 लीटर अवैध देसी महुआ शराब बरामद हुआ है। इस संबंध में एसपी ने बताया कि रामगढ़ थाना क्षेत्र के अरगड्डा नीचे धौड़ा में छापेमारी के दौरान राजेश सागर के घर से 10 बोतल अंग्रेजी शराब और 85 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद किया गया। गोबरदहा चौक के स्थित आर्यन लाइन होटल से 41 बोतल शराब मिली है। रजरप्पा थाना क्षेत्र में राजू महतो के घर और दुकान से 37 बोतल अंग्रेजी शराब, कुजू ओपी क्षेत्र के बरमसिया गांव निवासी वीरेंद्र कुमार महतो की पान दुकान से 147 बोतल अवैध शराब जप्त किया गया है। वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के केदला गांव में विनोद कुमार केसरी की दुकान से 68 बोतल अंग्रेजी शराब, सूरज गुप्ता के घर से 51 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। बरलंगा थाना के हारुबेड़ा गांव निवासी मोहनलाल बेदिया के होटल से चार लीटर देसी महुआ शराब, सिल्ली मोड़ स्थित रुसनी देवी के होटल से 3 लीटर देसी महुआ शराब जब्त किया गया है। इस अभियान में कल 354 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब जब्त किया है।

**इन तस्करों को किया गया गिरफ्तार:** छापामारी के दौरान रामगढ़ थाने के कैथा, सवैयागढ़ा निवासी नरेश साव, कुजू ओपी के बरमसिया गांव निवासी वीरेंद्र कुमार महतो, बेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के केदला निवासी विनोद कुमार केसरी शामिल है।

छापामारी दल में रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, प्रशिक्षु डीएसपी फौजन अहमद, मांडू अंचल पुलिस निरीक्षक सुरेश लिंडा, रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अजय कुमार साहू, बरलंगा थाना प्रभारी अनंत कुमार सिंह, कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## पतरातू में महुआ और शराब जब्त, चार गिरफ्तार

**पतरातू(आजाद सिपाही)।** पतरातू एसडीपीओ कार्यालय में सोमवार को पतरातू पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार राम ने प्रेस कांफ्रेंस कर पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव में स्वतंत्र और निष्पक्ष आयोजन के लिए पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ विमल कुमार के निर्देश पर विशेष टीम गठित कर पतरातू अंचल थाना क्षेत्र सहित विभिन्न ओपी क्षेत्रों में अवैध शराब के विरुद्ध सख्ती से छापेमारी अभियान चलाया गया। पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बीरेंद्र कुमार राम ने बताया की रामगढ़ एसपी द्वारा प्राप्त निर्देश पर की गयी। छापेमारी में पतरातू थाना अंतर्गत कोतो निवासी विक्रांत कुमार के पास बिक्री योग्य अंग्रेजी शराब की 228 बोतले जब्त की गयी है। बासल थाना निवासी रमेश साव की दुकान से 47 अंग्रेजी शराब जब्त की गयी है। भदानीनगर ओपी क्षेत्र चिकोर निवासी जितेंद्र प्रसाद कुशवाहा के यहां अवैध देशी महुआ शराब 20 लीटर और एक क्विंटल जावा महुआ की बरामदगी की गयी है। भुरकुंडा ओपी क्षेत्र निवासी नकुल साव के घर से 105 लीटर देशी महुआ शराब और 180 किलो जावा महुआ बरामद किया गया है। जबकि बरकाकाना ओपी क्षेत्र अंतर्गत पीरी निवासी 28 वर्षीय देवानंद बेदिया के यहां की गयी छापेमारी में आवास और मकान से किंगफिशर स्ट्रॉन्ग बीयर 650 एमएल की कुल 59 बोतल, ब्लैक हॉर्स व्हिस्की 750 एमएल की कुल 23 बोतल, नाइट गर्ल व्हिस्की 750 एमएल की कुल 49 बोतल और रॉयल स्टेग व्हिस्की 180 एमएल की 12 बोतले जब्त की गयी है। एसडीपीओ ने बताया की बरामद किये गये शराब में दूसरे राज्य का रैपर लगा हुआ पाया गया है, जिसकी जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध पतरातू पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर सभी अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा।



## नामांकन में जाने से पूर्व चंद्रप्रकाश चौधरी ने मां छिन्नमस्तिका की पूजा अर्चना की



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर 6 मई को गिरिडीह लोकसभा एनडीए प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी रजरप्पा स्थित मां छीनमस्तिका मंदिर में पहुंचे और विधि विधान से माता का पूजा अर्चना किया और नारियल की बलि चढ़ाई व रक्षा सूत्र बंधवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया, गिरिडीह लोक सभा सीट पर नामांकन के पूर्व ने सोमवार सुबह मां छिन्मस्तिका का किया पूजा, उन्होंने बताया कि मां भगवती के कृपा से लाखों मतदाताओं का समर्थन है और 2024 की लोकसभा चुनाव में गिरिडीह से चार लाख से अधिक मतों से विजय प्राप्त होगी, अबकी बार एनडीए 400 पार को लेकर संकल्पित है विकसित भारत का निर्माण को देखते हुए मतदाता रिकॉर्ड मतो से विजय बनाने का काम करेंगे, गांव से लेकर शहर तक जनता का मुझे आशिर्वाद भी प्राप्त है। इस शुभवसर पर साथ मे रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, प्रदीप प्रसाद, जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी भाजपा नेता गुणानंद महतो, रामगढ़ पार्षद धनेश्वर उर्फ डियम महतो, रामगढ़ युवा समाजसेवी पीयूष चौधरी, आजसू पार्टी के केंद्रीय नेता अमृतलाल मुंडा, कुंदरूकला मुखिया किशुनराम मुंडा, आजसू पार्टी के रामगढ वनगर सचिव नीरज मंडल, छात्र नेता अनुराग भरद्वाज राजकिशोर महतो, चितरपुर प्रखंड सचिव दसरथ महतो, महिला नेत्री देवंती देवी, संगीता कुमारी आजसू नेता किशोर महतो, जिला संगठन सचिव गणेश महतो, आजसू मिडिया प्रभारी राजेन्द्र कुमार उर्फ रमन पटेल, जगदेव महतो, रोहिन महतो और रजरप्पा मंदिर के मुख्य पुजारी अशीम पंडा, सुभाशीष पंडा, गुड्डू पंडा, छोटू पंडा, सहित भारी संख्या में आजसू भाजपा समर्थक शामिल थे।

## आइसीएसइ बोर्ड के रिजल्ट में सेंट एंस स्कूल का रहा शत प्रतिशत रिजल्ट




**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** आइसीएसई बोर्ड ने दसवीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। रामगढ़ के सेंट एंस स्कूल का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि उनके स्कूल से 113 छात्रों ने परीक्षा दिया था। इसमें 13 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल और जिले का नाम रोशन किया है। 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्रों की संख्या 36 है। डिस्टिंक्शन प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या 85 है। जबकि 112 छात्र फर्स्ट डिवीजन से पास हुए हैं। प्रिंस भौमिक को मिला 98.4 प्रतिशत अंक विद्यालय प्रबंधन की ओर से जारी के लिए सूची में प्रिंस भौमिक को सबसे अधिक 98.4 प्रतिशत अंक मिले हैं। इसके बाद चंदन प्रसाद को 97.6 प्रतिशत अंक, श्रेया कुमारी को 97.4 प्रतिशत, अंतरा खंडेलवाल को 97.2 प्रतिशत, मानवी सिंह 97 प्रतिशत, जैद अहमद 97 प्रतिशत, ऋषभ चौधरी 97 प्रतिशत, आयुष कुमार 96.4 प्रतिशत, अर्पण आइंदा 96 प्रतिशत, निवेदिता 96 प्रतिशत, शौर्य गुप्ता 95 प्रतिशत, क्रिषिका बंसल 95 प्रतिशत और ऋषि पंडा को 95 प्रतिशत अंक मिले हैं। सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल का बिरहा 100 प्रतिशत रिजल्ट रामगढ़ शहर के सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल से आठ छात्रों ने परीक्षा दिया था। वह सभी पास हो चुके हैं। विद्यालय प्रबंधन ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## जेपी भाई पटेल की सभा को लेकर बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी जेपी भाई पटेल आगामी 10 मई को कोयलांचल का दौरा कर सभा करेंगे। सभा की तैयारी को ले रीवर साईड भुरकुंडा स्थित राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में सोमवार को इंडिया गठबंधन के श्रमिक संगठन एआइटीयूसी, सीएमयू, सीटू, बीसीकेयू, जेसीएमयू, आरपीडब्लुयू, आरसीएमएस कि संयुक्त बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता राम नरेश सिंह और संचालन संजय यादव ने किया। बैठक में सभी यूनियन नेताओ ने सर्वसम्मति से इंडिया गठबंधन के साझा उम्मीदवार कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल को समर्थन देने की बात कही। साथ ही लोकसभा चुनाव को लेकर आगे की रणनीति बनाई गयी। बताया गया 10 मई को रीवर साइड भुरकुंडा स्थित कांग्रेस यूनियन कार्यालय में संध्या 4 बजे बैठक सह सभा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल, पूर्व सांसद सह केद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा, पूर्व सांसद रमेन्द्र कुमार, बडकागांव विधायक अंबा प्रसाद, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। मौके पर राजद के प्रदेश महासचिव सह स्टार प्रचारक गिरधारी गोप, राजद प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल, नरेश मंडल, प्रेम साहु, जानकी ठाकुर, नरेश मंडल, संजय यादव, पप्पू सिंह, अमर यादव, कमलेश कुमार, भीम महतो, भागीरथ महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

## कालीचरण सिंह ने 13 गांव में चलाया जनसंपर्क



**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने बारियतु प्रखंड के 13 गावों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया और लोगों से चतरा में पुन: कमल खिलाने की अपील किया। भाजपा प्रत्याशी के जनसंपर्क कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं के साथ भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल हुए। कालीचरण सिंह ने गोनिया, गढ़गोभा, बालूभांग, हरेनटोपा, लाटू, फूलसू, दिसरी, ढाड़ा, सालवे, रेंची, पिपराडीह, रहिया, बारियातु में सघन जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आपका प्यार और सम्मान देख अभिभूत हूं। इस क्षेत्र की जनता ने फिर से चतरा में भाजपा को जीत दिलाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि इंडिया एलायंस के नेता सिर्फ.लूट खसोट में लगे है इन्हें आमजन के दुख-दर्द से कोइ लेना देना नहीं है। इन्होंने सिर्फ.अपना ही विकास किया है। इन्होंने सत्ता में रह कर प्रदेश की जनता को ठगने का काम किया है। इनका सिर्फ.एक ही उद्देश्य है कि वे किस तरह सत्ता प्राप्त कर सकें और ये वो लोग हैं जो सत्ता पाने के लिए धन-बल से लेकर हर हथकंडा अपनाने से नहीं चूक रहे हैं दूसरी और भाजपा की प्राथमिकता में ही आमजन का विकास और कल्याण शामिल है। इसके अलावा कालीचरण सिंह ने फुलसू पंचायत के करमा गांव में लोगों के साथ उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें मोदी सरकार की योजनाओं के बारे विस्तृत जानकारी भी दी।

# हकीकत नहीं बदलेगी

पड़ोसी देश नेपाल के साथ सीमा पर कुछ क्षेत्रों को लेकर विवाद नयी बात नहीं है, लेकिन जिस तरह से नेपाल सरकार ने सौ रुपये के नये नोट पर इन विवादित क्षेत्रों को अपने देश का हिस्सा दिखाने वाला नक्शा छापने का फैसला किया है, वह वाकई चौंकाने वाला है। नेपाल भारत के सबसे करीबी पड़ोसी देशों में शामिल है। इसकी 1850 किलोमीटर से भी लंबी सीमा भारत के पांच राज्यों से मिलती है। दोनों देशों के बीच सामाजिक और सांस्कृतिक रिश्तों की भी जड़ें काफी गहरी हैं। बावजूद इसके, पिछले कुछ समय से दोनों देशों के संबंधों में खासा उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। अगर सीमा संबंधी इसी मसले को देखा जाये तो चार साल पहले दोनों देशों के बीच यह मुद्दा काफी गरमा गया था। साल 2020 में तत्कालीन केपी ओली सरकार ने जब देश का नक्शा अपडेट किया, तो उसमें तीन क्षेत्र लिपुलेख, लिपियाधुरा और कालापानी नेपाल के हिस्से के रूप में दिखाये गये थे। मामला तब और भड़का जब भारत ने 8 मई 2020 को लिपुलेख होते हुए मानसरोवर की ओर जाने वाली सड़क का उद्घाटन किया। नेपाल ने इस पर कड़ी आपत्ति की, जबकि उत्तराखंड के पिथौरागढ़ से होकर जाती हुई यह सड़क पूरी तरह भारत के इलाके में पड़ती है। उस वक्त नेपाल सरकार ने नक्शे में बदलाव को मजबूती देने के लिए इसके पक्ष में संविधान संशोधन विधेयक भी पारित किया था। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों देशों में अस्थायी तौर पर संवाद बंद कर दिया गया, लेकिन ऐसे विवाद इस तरह के माहौल में नहीं सुलझाये जा सकते। जल्दी ही दोनों पक्षों को इसका अहसास हुआ और इस मसले को एक साझा प्लेटफॉर्म पर धीरे-धीरे बातचीत के जरिए सुलझाने पर सहमति बनी। यह प्रक्रिया जारी है। ऐसे में अचानक एकतरफा ढंग से किया गया यह फैसला स्वाभाविक ही चौंकाता है। गौर करने की बात यह है कि नोट पर नक्शा छापने के फैसले पर नेपाल के अंदर भी सवाल उठ रहे हैं। कहा जा रहा है कि जिन पर क्षेत्रों पर नेपाल के दावों को अंतरराष्ट्रीय मान्यता हासिल नहीं हुई है, उन्हें देश की करंसी पर छापने का फैसला कहीं जल्दबाजी न साबित हो। बहरहाल, जहां तक सीमा संबंधी मतभेदों के सवाल हैं, तो भारत स्पष्ट कर चुका है कि इस तरह की एकतरफा कार्रवाई से जमीनी हकीकत नहीं बदलने वाली। इस विवाद को निपटाने की जो प्रक्रिया दोनों देशों ने आपसी सहमति से तय की है, उसे आगे बढ़ाते हुए किसी सहमति पर पहुंचना ही सर्वश्रेष्ठ विकल्प है।

**बहरहाल, जहां तक सीमा संबंधी मतभेदों के सवाल हैं, तो भारत स्पष्ट कर चुका है कि इस तरह की एकतरफा कार्रवाई से जमीनी हकीकत नहीं बदलने वाली। इस विवाद को निपटाने की जो प्रक्रिया दोनों देशों ने आपसी सहमति से तय की है, उसे आगे बढ़ाते हुए किसी सहमति पर पहुंचना ही सर्वश्रेष्ठ विकल्प है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**अकूत दौलत के दम पर इन्होंने दुबई के रेगिस्तान को एक हरे-भरे शहर में बदल दिया। जहां घर-घर स्विमिंग पूल और फव्वारे देख कर कोई सोच भी नहीं सकता कि ये सब रेगिस्तान में हो रहा है, पर जैसे ही आप दुबई शहर से बाहर निकलते हैं आपको चारों ओर रेत के बड़े-बड़े टीले ही नजर आते हैं। न हरियाली और न पानी। इन हालातों में यह स्वाभाविक ही था कि दुबई का विकास इस तरह किया गया कि उसमें बरसाती पानी को सहेजने की कोई भी व्यवस्था नहीं है।**

# रेगिस्तान में पानी की मृग तृष्णा हुई पूरी

विनीत नारायण

एक ही महीने में दूसरी बार दुबई में बादल फटने से बाढ़ के हालात पैदा हो गये। रेगिस्तान की तपती रेत में पानी का मिलना सदियों से एक आकस्मिक और चमत्कारिक घटना माना जाता है। तपती रेत पर हवा गर्म हो कर कई बार पानी होने का भ्रम देती है और प्यासा उसकी तलाश में भटकता रहता है। इसे ही मृग तृष्णा कहते हैं। जब से खाड़ी के देशों में पैट्रो-डॉलर आना शुरू हुआ है, तब से तो इनकी रंगत ही बदल गयी। दुनिया के सारे ऐशो आराम और चमक दमक इनके शहरों में छा गयी।

अकूत दौलत के दम पर इन्होंने दुबई के रेगिस्तान को एक हरे-भरे शहर में बदल दिया। जहां घर-घर स्विमिंग पूल और फव्वारे देख कर कोई सोच भी नहीं सकता कि ये सब रेगिस्तान में हो रहा है, पर जैसे ही आप दुबई शहर से बाहर निकलते हैं आपको चारों ओर रेत के बड़े-बड़े टीले ही नजर आते हैं। न हरियाली और न पानी। इन हालातों में यह स्वाभाविक ही था कि दुबई का विकास इस तरह किया गया कि उसमें बरसाती पानी को सहेजने की कोई भी व्यवस्था नहीं है।

**खाड़ी देशों में आयी इस बाढ़ की वजह को कुछ विशेषज्ञों ने क्लाऊड सीडिंग यानी कृत्रिम बारिश को बताया है।**

इसलिए जब 75 साल बाद वहां बादल फटा तो बाढ़ के हालात पैदा हो गये। कारें और घर डूब गये।

हवाई अड्डे में इतना पानी भर गया कि दर्जनों उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। एक तरफ इस चुनौती से दुबई वासियों को जूझना था और दूसरी तरफ वे इतना सारा पानी और इतनी भारी बरसात देख कर हर्ष में डूब गये, पर ऐसा हुआ कैसे? क्या यह वैश्विक पर्यावरण में आए बदलाव का परिणाम था या कोई मानव निर्मित घटना? खाड़ी देशों में आयी इस बाढ़ की वजह को कुछ विशेषज्ञों ने क्लाऊड सीडिंग यानी कृत्रिम बारिश को बताया है। जब एक निश्चित क्षेत्र में अचानक अपेक्षा से कहीं गुना ज्यादा बारिश हो जाती है, तो उसे हम बादल फटना कहते हैं।



**क्लाऊड सीडिंग तकनीक हमेशा से बहस का विषय बनी रही है। दशकों के शोध से स्थैतिक और गतिशील बीजारोपण तकनीकें सामने आयी हैं। ये तकनीकें 1990 के दशक के अंत तक प्रभावशीलता के संकेत दिखाती हैं, परंतु कुछ संशयवादी लोग सार्वजनिक सुरक्षा और पर्यावरण के लिए संभावित खतरों पर जोर देते हुए क्लाऊड सीडिंग के खतरों पर जोर देते हुए इसके खिलाफ शोर मचाते रहे हैं।**

हालांकि, हाल ही में प्रकाशित एक समाचार के अनुसार अमेरिकी मौसम वैज्ञानिक रयान माऊ इस बात को मानने से इंकार करते हैं कि दुबई में बाढ़ की वजह क्लाऊड सीडिंग है। उनके मुताबिक खाड़ी देशों पर बादल की पतली लेयर होती है। वहां क्लाऊड सीडिंग के बावजूद इतनी बारिश नहीं हो सकती है कि बाढ़ आ जाये। क्लाऊड सीडिंग से एक बार में बारिश हो सकती है। इससे कई दिनों तक रुक-रुक कर बारिश नहीं होती जैसा कि वहां हो रहा है। माऊ के मुताबिक अमीरात और ओमान जैसे देशों में तेज बारिश की वजह क्लाइमेट चेंज है। जो क्लाऊड सीडिंग पर इल्जाम लगा रहे हैं वह ज्यादातर उस मानसिकता के हैं, जो ये मानते ही नहीं कि क्लाइमेट चेंज जैसी कोई चीज होती है।

क्लाऊड सीडिंग तकनीक हमेशा से बहस का विषय बनी रही है। दशकों के शोध से स्थैतिक और गतिशील बीजारोपण तकनीकें सामने आयी हैं। ये तकनीकें 1990 के दशक के अंत तक प्रभावशीलता के संकेत दिखाती हैं, परंतु कुछ संशयवादी लोग सार्वजनिक सुरक्षा और पर्यावरण के लिए संभावित खतरों पर जोर देते हुए क्लाऊड सीडिंग के खतरों पर जोर देते हुए इसके खिलाफ शोर मचाते रहे हैं। चूंकि सरकारें और निजी कंपनियां जोखिमों के बदले लाभ को ज्यादा महत्व देती हैं, इसलिए क्लाऊड सीडिंग एक विवाद का विषय बना हुआ है। जबकि कुछ देशों में इसे कृषि और पर्यावरणीय उद्देश्यों के लिए अपनाया जाता है। इतना ही नहीं अन्य संभावित परिणामों से अवगत होकर ऐसे देश इस पर सावधानी से आगे बढ़ते हैं।

यदि इतिहास की बात करें तो क्लाऊड सीडिंग का आयाम वियतनाम युद्ध के दौरान ऑपरेशन पोपेय जैसी घटनाओं से मेल खाता है। उस समय मौसम में संशोधन एक सैन्य उपकरण था। विस्तारित मानसून के मौसम और परिणामी बाढ़ के कारण 1977 में एक अंतर्राष्ट्रीय संधि हुई, जिसमें मौसम संशोधन के सैन्य उपयोग पर रोक लगा दी गयी। रूसी संघ और थाईलैंड जैसे देश हीटवेव और जंगल की आग को दबाने के लिए इसका सफलतापूर्वक उपयोग कर रहे हैं, जबकि अमेरिका, चीन और ऑस्ट्रेलिया सूखे को कम करने के लिए वर्षा के दौरान पानी के अधिकतम उपयोग के लिए इसकी क्षमता का उपयोग कर रहे हैं।

संयुक्त अरब अमीरात में इस तकनीक का उपयोग अपनी कृषि क्षमताओं का विस्तार करने और अत्यधिक गर्मी से लड़ने के लिए सक्रिय रूप से किया जाता है। आर्थिक लाभ के लिए सरकारें और उद्योगपति कुछ भी करने को तैयार हो जाते हैं।

यही बात क्लाऊड सीडिंग के मामले में भी लागू होती है। जबकि क्लाऊड सीडिंग लंबे समय तक बने रहने वाले स्वास्थ्य जोखिमों पर भी गंभीरता से ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

आधुनिकता के नाम पर जैसे-जैसे हम क्लाऊड सीडिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं, विशेषज्ञों द्वारा इसके सभी आयामों पर शोध करना एक नैतिक अनिवार्यता है।

## जमशेदपुर की खबरें

# साकची केंद्रीय गुरुद्वारा प्रबंधन समिति ने प्रत्याशी समीर मोहंती, मंगल कालिंदी को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बहरागोड़ा झामुमो विधायक सह जमशेदपुर लोकसभा प्रत्याशी समीर कुमार मोहंती ने अपने समर्थकों के साथ लगातार शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से समर्थन के लिए आग्रह कर रहे हैं। सोमवार को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर कुमार मोहंती व जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी साकची स्थित केंद्रीय गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के कार्यालय पहुँचे। जहा उन्होंने जमशेदपुर के तमाम गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के प्रधान व सिक्ख समाज के बुद्धिजीवीयों संग बैठक की। मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के द्वारा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर कुमार मोहंती व विधायक मंगल कालिंदी को माला पहनाकर स्वागत किया गया। वही गठबंधन के नेताओं ने बैठक कर इस वार लोकसभा चुनाव में समर्थन देने के लिए आग्रह किया। मौके पर समीर मोहंती ने कहा झारखंड में सभी समाज व अलग-अलग धर्म के लोग रहते हैं। उन्होंने कहा भेदभाव को दूर कर-के एक नया राजनीतिक व्यवस्था का कायम कर हर जाति व धर्म के लोगो को सम्मान देते है। उन्होंने कहा निश्चित रूप से बीते कई दिनों से सिख समुदाय के लोगों के साथ मिल रहे है। सिख समुदाय के लोग अपने आपको उपेक्षित समझ रहे है। समीर महंती ने कहा



सिख समुदाय एक एक खून का बूंद से देश को आजादी मिला है। कई महापुरुषों ने अपनी जान की कुबार्नी दी है। उन्होंने कहा सिख समुदाय के बिना इतिहास भी अधूरा है। लेकिन जो सम्मान समाज को मिलना चाइए व देश के प्राधनमंत्री नही दिया। सिख समुदाय के लोग दिल्ली में किसानों का लड़ाई लड़ा था लेकिन प्रधानमंत्री ने एक बार वार्ता करने के लिए भी जरूरत नहीं समझा। उन्होंने कहा इस बार लोकसभा चुनाव के पूर्व 45 डिग्री तापमान के बावजूद घूम घूम कर सिख समाज बंगाली समाज उड़िया समाज मुख्य समाज बिहारी समाज के लोगों के साथ मिलकर समर्थन मांग रहे हैं। उन्होंने कहा लोगों का इंडिया गठबंधन के प्रति अपार समर्थन मिल रहा है। इस अवसर पर महागठबंधन के जमशेदपुर लोकसभा के प्रत्याशी समीर कुमार मोहंती के साथ जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी, कॉंग्रेस के जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे,केंद्रीय गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार भगवान सिंह, सरदार शैलेंद्र सिंह,मोहित विग सहित बड़ी संख्या में सिख समाज के बुद्धिजीवी वर्ग के लोग उपस्थित रहे।

# ट्रैफिक पुलिस के जवानों के बीच बांटी गयी धूप से बचने की सामग्री



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** प्रचंड गर्मी में शहर के चौक चौराहों पर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलने हेतु ड्यूटी देने वाले जमशेदपुर ट्रैफिक पुलिस के जवानों के बीच छतरी, घड़ा, तोलिया का वितरण किया गया। जमशेदपुर पुलिस और सामाजिक संस्था मित्र हेल्दी ह्यूमैनिटी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को सीसीआर परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के बतौर उपस्थित एसएसपी किशोर कौशल ने सभी ट्रैफिक थाना के आए जवानों के बीच धूप से बचने हेतु सामग्री का वितरण किया। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि इस प्रचंड गर्मी में ट्रैफिक पुलिस के जवान लगातार धूप में खड़े होकर ड्यूटी करते हैं। ऐसे में उनकी तबीयत का ख्याल रखते हुए जमशेदपुर पुलिस और सामाजिक संस्था मित्र हेल्दी ह्यूमैनिटी के द्वारा यह पहल किया गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी आशु दोदराजका का भी बहुत योगदान रहा। इस मौके पर सिटी एसपी मुकेश कुमार लुनायत ट्रैफिक डीएसपी संजय कुमार, मित्र संस्था के प्रभात कुमार, राकेश प्रसाद ,आदर्श वर्मा, आयुष कांत, देवेंद्र कुमार, चंद्रशेखर मुख्य रूप से उपस्थित ।

# सीतारामडेरा मंडल में चुनावी कार्यालय का विद्युत महतो ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सीतारामडेरा मंडल में भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। सोमवार को कार्यालय का विधिवत उद्घाटन जमशेदपुर के सांसद सह प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो ने किया। इस दौरान पुर्वी विधानसभा के प्रभारी देवेंद्र सिंह, संयोजक मिथिलेश सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष गुंजन यादव एवं मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा समेत पार्टी के अन्य वरीय नेतागण मौजूद रहे।मौके पर सांसद बिद्युत महतो ने कार्यकताओं संग बैठक कर चुनावी मंथन किया। कार्यकताओं ने लोकसभा चुनाव में मंडल अधीन सभी बूथों पर प्रत्याशी बिद्युत महतो को बड़े अंतर से वीजयी बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। सांसद बिद्युत महतो ने कहा जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत सभी मंडलों में चुनावी कार्यालय खोले जा रहे हैं। कार्यालय खुलने से चुनावी अभियान को गति मिलेगी। वहीं दूसरी ओर संगठन को बड़ी विजयश्री दिलाने संबंधी रणनीति तैयार की जा सकेगी। कार्यालय सीतारामडेरा क्षेत्र के मध्य में बना है। कार्यकर्ता, समर्थक व आमजन अपनी बातों को आसानी से पहुंचा सकेंगे। मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को जनसंपर्क अभियान में तेजी लाने के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर चंद्रशेखर मिश्रा, कल्याणी शरण, आदि लोग मौजूद थे ।



# भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने विभिन्न गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सिंहभूम लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने सोमवार को सरायकेला प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने लोगों से मिलकर भाजपा के समर्थन में भोट देने के लिए आग्रह किया। साथ ही केंद्र में सशक्त भारत के निर्माण के लिए भाजपा का साथ देने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान गीता कोड़ा ने गोविंदपुर, मानिक बाजार, भुरकुली, पठानमारा, पहाड़पुर, बड़बिल, हेबा, एटा कुंदर समेत दर्जनों गांव का दौरा किया। गीता ने कहा विपक्ष का गठबंधन है। झामुमो झूठ बोलकर जनता को गुमराह कर रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गरीबों की चिंता है। जिसके कारण उन्होंने न सिर्फ करोड़ों लोगों को मुफ्त में अनाज उपलब्ध कराया, बल्कि आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख तक मुफ्त में इलाज की व्यवस्था कराने का काम किया। इससे आज लाखों लोग स्वस्थ हुए हैं। राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा राज्य की झामुमो सरकार खुद जुमलेबाजी कर रही है। चुनाव के समय स्थानीय नीति सहित नौकरी देने का वादा करने वाला झामुमो पिछले पांच वर्षों में एक भी युवा को नौकरी नहीं दी। युवाओं को झूठ बोल कर गुमराह करने का काम किया जा रहा है। उससे पिछले 5 सालों के दौरान राज्य सरकार द्वारा की गई संगठित लूट जगजाहिर हो चुकी है।जनसंपर्क में भाजपा नेता गणेश महाली, मनोज चौधरी, सोहन सिंह, रोशन सामड़, हरी लोहार, मुकुंद दास, राजू महाली, माइकल महतो, महेश महतो, मनोज महतो, प्रीतम सिंह देव सहित काफी संख्या में भाजपाई उपस्थित रहे।



# अंतिम दिन बसपा सहित 12 उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर लोक सभा क्षत्र से नामांकन के अंतिम दिन 12 लोगों ने पर्चा दाखिल किया। इनमें बसपा के प्रणव कुमार महतो, आमरा बंगाली पार्टी के अंगद महतो, अखिल भारतीय झारखंड पार्टी के मंगल हेम्ब्रम, निर्दलीय संजीव कुमार कुंड़ निर्दलीय विश्वनाथ महतो, निर्दलीय दुर्गा लाल मुर्म भागीदारी पार्टी (पी) के डोमन चंद्र भकत, निर्दलीय आनंद मुखी, निर्दलीय राकेश कुमार, निर्दलीय पिंकी महतो, निर्दलीय असित कुमार सिंह और निर्दलीय दिलीप कुमार टड़ शामिल है। शनिवार तक 20 नामांकन होचुके थे। इन 12 को मिलाकर कुल 32 लीगं ने नामांकत किए हैं। मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी। जबकि नौ मई तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। नौ मई की शाम में अंतिम रूप से प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी जायेगी। इसके बाद चुनाव चिह्न आवंटित किये जायेंगे। नामांकन के अंतिम दिन भी दो लोगों ने पर्चा खरीदा। इनमें एक डिमना की रिपीट कॉलोनी के राकेश कुमार और दूसरे जादूगोड़ा के राजदोहा निवासी दिलीप कुमार ट्ड़ शामिल हैं। दोनों नामांकन करने मेंसंफल रहै। दिलीप कुमार टड़ सबसे अंत में नामांकन कर करीब पौने चार बजे डीसी के चैम्बर से बाहर निकले।

# ऐसी पार्टी को जिताइये जिसकी खुशी भारत मनाये पाकिस्तान नहीं : वीडी राम

**भाजपा प्रत्याशी वीडी राम ने कई गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान**

**गढ़वा विधानसभा से झामुमो को उखाड़ फेकेंगे : सत्येंद्र नाथ तिवारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पलामू के निवर्तमान सांसद और पलामू लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने गढ़वा विधान सभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क के दौरान गढ़वा जिला अंतर्गत गढ़वा प्रखंड के रंका बौलिया, बांये, डुमरिया, तिलदाग, करके, ओबरा, वीरबंधा, अचला, हूर, फरठिया, मेढन, प्रतापपुर, संग्रहे, चिरौंजिया, कोरवाडीह, कल्याणपुर, जाटा, उड़सूगी, छतरपुर, नवादा आदि गांवों का भ्रमण कर अपने और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को लोगों के बीच रखते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा किसी धर्म समुदाय और परिवारवाद की पार्टी नहीं है। यह पार्टी सबका साथ, सबका विकास के तर्ज पर कार्य करती है। सरकार की नीति और नियति दोनों बिल्कुल स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि आज के परिपेक्ष्य में मोदी का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। कहा कि ऐसे व्यक्ति को जिताइये जिसकी जितने की खुशी भारत की जनता मनायें, ऐसे व्यक्ति को मत चुनिए कि जिसके जितने कि खुशी पाकिस्तान मनाये। वहीं पूर्व की अपेक्षा इस चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ाने हेतु और घर से एक-एक व्यक्ति को निकल कर मतदान देने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पूर्व में ऐसा था कि यदि किसी बूथ पर 80% से अधिक मतदान हो जाता था, तो उसे बूथ को बोगस बोटिंग मान कर कैंसिल कर दिया जाता था। परंतु अब ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि 100% भी मतदान हो जाता है, तो वह बूथ कैंसिल नहीं होगा। बल्कि उस बूथ को सम्मानित भी किया जायेगा। इसी क्रम में श्रीराम ने 4 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चियांकी हवाई अड्डा पर आयोजित विशाल जनसभा में लोगों, कार्यकर्ताओं और पार्टी के पदाधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोगों को मोदी जी की तरफ से नमस्ते और जय श्री राम कहते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करने का निवेदन किया। जनसंपर्क के दौरान मिल रहे जन समर्थन के लिए उन्होंने अपने समर्थकों को धन्यवाद भी दिया। मौके पर उपस्थित पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि गढ़वा का बाईपास सड़क तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाली अनेकों सड़कें सभी वीडी राम के परिश्रम का ही प्रतिफल है। लेकिन झामुमो विधायक इसे अपनी उपलब्धि बताकर अपना पीठ थप थपाने का का काम करते रहे हैं। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे, भगत सिंह साहू, ब्रजेश उपाध्याय, सूरज गुप्ता, राजकुमार मधेशिया, मिथिलेश तिवारी, प्रमोद चौबे, संतोष दुबे, रिंकू तिवारी समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# ममता भुइया को जीताने के लिए रंका में चलाया गया जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** राजद समर्थित इंडिया महागठबंधन के सांसद प्रत्याशी ममता भुईया को जिताने के लिए रंका प्रखंड के सभी अनुमंडल क्षेत्र में बैठक और जनसंपर्क अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रखंड के कंचनपुर पंचायत प्रभारी मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया की अध्यक्षता में झारखंड मुक्ति मोर्चा के रंका अनुमंडल अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी के आवास पर लोकसभा के इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी ममता भुईया के पक्ष में वोट देने के लिए निर्णय लिया गया। इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी ममता भुईया के जीत सुनिश्चित करने के लिए सिरोईखुर्द पंचायत के बीरबांध बुथ संख्या 359 में प्रखंड प्रभारी गुलाब सिंह आशीष सिंह, सोनदाग बुथ प्रभारी धर्मेंद्र पाठक, अनिल चंद्रवंशी, इजहार अंसारी, मानपुर पंचायत के पुरेगाड़ा के वार्ड नं० 10 में, झामुमो चिनियां प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव बेता के कुंभीखांड़ टोला में, मानपुर पंचायत के बुथ नंबर 389 में और बुथ संख्या 390, रमकंडा प्रखंड अंतर्गत बिराजपुर पंचायत के कुशवार में विधायक प्रतिनिधि फिरोज मंसूरी, रमकंडा प्रखंड के रक्शी पंचायत के मुरली में श्रवण कमलापुरी, ईमाम मंसूरी, लोवादाग पंचायत प्रभारी करीब अंसारी, जगजीवन राम और महिला मोर्चा के आराधना सिंह, चिनियां प्रखंड के हेताड़ कला पंचायत में जिपस बनारसी सिंह, प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव और रंका प्रखंड के रतनपुरा में झामुमो कार्यकर्ताओं के द्वारा जनसंपर्क अभियान चला कर ममता भुईया को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया गया।

# बूथ जीतो चुनाव जीतो की तर्ज पर चलाया जा रहा जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडारिया।** भंडारिया बाजार रोड के हॉस्पिटल गेट के सामने इंडिया गठबंधन के कार्यालय में बैठक हुई, जिसमें मुख्य अतिथि गढ़वा जिला अध्यक्ष ओबेदुल्ला अंसारी पलामू जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार ममता भुइया के पक्ष में वोट देकर जीताने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हम बूथ जीतेंगे तभी हमारा इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार ममता भुइया को जीत तभी दिला सकते है। इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुइया को इस क्षेत्र से भारी मतों से विजयी बनाने पर चर्चा करते हुए जनसंपर्क अभियान चलाकर ममता भुइया के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने का निर्णय लिया गया। साथ ही कार्यकर्ताओं द्वारा चुनावी कार्यालय से वन विभाग होते हुए इंदिरा गांधी चौक तक सभी ग्रामीण और दुकानदारों से मिलकर लालटेन छाप वोट देने तथा ममता भुइया के पक्ष में मतदान करने की अपील की। वहीं दोनों जिला अध्यक्षों के साथ विद्यासागर सिंह चेरो नसीम अंसारी, दिवाकर चौबे ने इंदिरा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर झारखंड आंदोलनकारी रवि शंकर कश्यप झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की झारखंड मुक्ति मोर्चा के अनुमंडल उपाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष निर्मला ठाकुर राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष बजरंगी यादव, प्रदीप ठाकुर, लॉरेंस कुजूर, अर्जुन राम प्रियंका कुमारी और सभी इंडिया गठबंधन के घटक दल उपस्थित थे।

## किड्स एथलेटिक्स डे के अवसर पर प्रतियोगिता का आयोजन आज

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में सात मई को स्थानीय रामासाहू स्टेडियम में शाम 4 बजे से किड्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना सुनिश्चित है। इस प्रतियोगिता में किसी भी सरकारी और निजी विद्यालय के अंडर 12 और अंडर 14 आयु वर्ग के छात्र /छात्रा भाग ले सकते है अंडर 12 आयु वर्ग में जिसकी जन्म तिथि अप्रैल 2012 के बाद का हो तथा अंडर 14 आयु वर्ग जिसका जन्म तिथि अप्रैल 2010 के बाद का हो वह प्रतियोगिता में भाग ले सकता है। अंडर 12 आयु वर्ग में 30 मीटर रेस, 60 मीटर और अंडर 14 आयु वर्ग में 60 मीटर, शॉट पूट, जेवलिन थ्रो का आयोजन किया जायेगा। सभी प्रतिभागियों को जन्म प्रमाण पत्र के साथ प्रतियोगिता स्थल पर आना अनिवार्य है।

## अभाविप ने चलाया मतदाता जागरूक अभियान

गढ़वा (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा नगर इकाई के द्वारा मतदाता अभियान के अंतर्गत शहर के कई मोहल्ले और गांव ग्रामीण क्षेत्र में संपर्क अभियान और ग्राम चौपाल आयोजित किया गया। इसी क्रम में गढ़वा पॉलिटेक्निक कॉलेज में मतदाता जागरूक अभियान चलाया गया जि समेत मुख्य रूप से प्रांत संगठन मंत्री राजीव रंजन जी, प्रदेश सह मंत्री निशांत चतुर्वेदी, सविश्कार के प्रांत सह संयोजक हरिओम तिवारी, विभाग संगठन मंत्री रत्नेश त्यागी मौजूद रहे।

## लायंस क्लब ऑफ गढ़वा पदाधिकारियों का चयन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी की बैठक रघुनंदन रेजिडेंसी में संपन्न हुई, जिसमें प्रतिनियुक्ति नॉमिनेशन कमेटी के अध्यक्ष लायन दयाशंकर गुप्ता और सदस्य लायन राजमणि प्रसाद एवं लायन संजय कुमार सोनी द्वारा वर्ष 2024- 25 के कुशल नेतृत्व हेतु चयनित अधिकारियों की सूची अध्यक्ष लायन सुशील कुमार केशरी को सुपुर्द किया, जिसमें एमजेएफ लायन डॉक्टर अशोक कुमार को अध्यक्ष, लायन सुनील कुमार कुशवाहा को सचिव एवं लायन शिवकुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। क्लब के सभी सदस्यों ने नॉमिनेशन कमेटी के कार्यो पर अति प्रसन्नता व्यक्त किया तथा चुने गए पदाधिकारीगण को बधाई दी। इस अवसर पर लायन उमाशंकर श्रीवास्तव ने कहा कि लायंस क्लब का उद्देश्य सेवा करना है, हम सेवा की भावना से कार्य करते हैं और आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आने वाले अध्यक्ष अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य करेंगे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन डॉक्टर अशोक कुमार ने सदस्यों को आस्वस्थ किया कि आने वाले सत्र में सेवा कार्यों में एक कृतिमान स्थापित करेंगे। इस अवसर पर लायन दीपक कुमार केसरी, लायन संजय कुमार ,लायन लखन प्रसाद कश्यप, बंशीधर प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# सभी लोकसभा सीटों को हम जीतेंगे : दुर्गा जौहरी



**भाजपा नगर मंडल गढ़वा का चुनाव नियंत्रण कार्यालय का उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** लोकसभा चुनाव संचालन को लेकर भाजपा नगर मंडल गढ़वा का चुनाव नियंत्रण कार्यालय का उद्घाटन पूर्व विधायक सतेंद्र नाथ तिवारी, विधानसभा प्रभारी दुर्गा जौहरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सूरज गुप्ता, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनीता गुप्ता, प्रभारी रूपा सिंह, मुरली श्याम सोनी, रविंदर जायसवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। पूर्व विधायक सतेंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि कोई टक्कर में नहीं है। पूरा देश एक तरफ मोदी जी के पीछे चल चुका है। देश के हर कोने से एक ही आवाज निकल रही है, सिर्फ मोदी मोदी। विपक्ष के पास ना तो कोई चेहरा है और ना उनका कोई चरित्र। वह चाहते हैं कि देश के लोग आपस में लड़ते रहें और हम देखते रहे। लेकिन मोदी जी ऐसा होने नहीं देंगे। मोदी जी ने संकल्प लिया है, जब तक वे जिंदा रहेंगे भारत को विश्व गुरु, भारत को विश्व में नंबर वन पर स्थापित नहीं कर देते, तबतक चैन से नहीं रहेंगे। किसी को खाने की छूट नहीं मिलेगी, भ्रष्टाचार को हम जडमुक्त करेंगे। दुर्गा जौहरी ने कहा, झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीटों को हम जीतने का काम करेंगे। बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में झारखंड के सभी सीट पर हम विजय प्राप्त कर रहे है। धन्यवाद ज्ञापन नगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष चंदन जायसवाल ने किया। उमेश कश्यप ने कहा कि मोदी जी के हाथों को मजबूत करने के लिए हम सभी को जो दायित्व दिया गया है, एक-एक फूल का माला अपने संसदीय क्षेत्र से दिल्ली को भेजना है, हम सब कड़ी मेहनत करके इस कार्य को पूरा करेंगे। मुरली श्याम सोनी ने कहा, हम सबको मिलकर दिन रात हर गली हर चौराहे पर हर गांव में घूम-घूम कर हर घर के चौखट पर जाकर मतदाताओं से अपील करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के द्वारा किया गया।

## कार्यकर्ताओं को बूथ जितने की जरूरत : कृपाल सिंह



विशुनपुरा। पलामु लोकसभा संसदीय क्षेत्र के विशुनपुरा मुख्यालय अपर बाजार स्थित वीरेंद्र बीज भंडार के सामने भाजपा का चुनाव कार्यालय खोला गया। जिसका उद्घाटन भाजपा मंडल संगठन प्रभारी कृपाल सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी बीड़ी राम की बड़ी जीत को लेकर चर्चा किया गया। इस मौके पर कृपाल सिंह ने कहा कि संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी बीडी राम को भारी बहुमत से जिताने के लिए सभी बूथ स्तरीय कार्यक्रताओं को अपने अपने बूथ को जीतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समय बहुत कम है, इस लिए सभी कार्यकर्ता मतदाताओं के बीच जाकर भाजपा के पक्ष में वोट करने का आग्रह करेंगे। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अवधविहारी गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि पुलस्त्य शुक्ल, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा, मंडल महामंत्री जगदीश चंद्रवंशी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भवनाथपुर के जंगल में आग नहीं लगाने और इसके बचाव को लेकर बैठक

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। उतरी वन क्षेत्र के डीएफओ एफ एबिन बेनी इब्राहिम बिगत एक माह से भवनाथपुर में लगातार भ्रमण कर महुआ चुनने वाले ग्रामीणों को जंगल में आग नहीं लगाने और इसके बचाव को लेकर बैठक कर रहे है, ताकि पर्यावरण संतुलित रहे और जंगली जीव जंतु के साथ-साथ पेड़ पौधा भी सुरक्षित रहे। परंतु लोगों पर इसका उल्टा प्रभाव देखने को मिल रहा है, विगत 15 दिनों से भवनाथपुर उतरी वन क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर जंगल, पहाड़ों और आस पास के पहाड़ी जंगलो में आग लगी की घटना हो रही है, जिसमें पेड़ पौधों को नुकसान तो हो ही रहा है, साथ में वन कर्मी भी परेशान हो रहे है। आगलगी की हुई घटना में पानी की असुविधा और दमकल नहीं पहुंचने के कारण आग पर काबू पाना कठिन हो रहा है, जिसके कारण लगातार आग लगी से पेड़ पौधा नष्ट होने के कारण इसका पर्यावरण पर काफी दुष्प्रभाव पड़ रहा है। डीएफओ लगातार आग लगी की घटना के कारण भवनाथपुर में ही कैंप किये हुए है, और 24 घंटे अपने वन कर्मियों को भी अगलगी से निपटने के लिए मुस्तैद है। अब तक क्षेत्र के कैलान जंगल, सेल के प्लांटेंशन, आवासीय परिसर के गैस गोदाम, भवनाथपुर के दवना पहाड़ केतार मुख्य पथ के सटे पहाड़ों, भवनाथपुर श्रीबंशीधर नगर मुख्य पथ के जंगलों में जबकि बीती रात्रि भवनाथपुर वन विभाग के विश्राम गृह के आसपास ही असमाजिक लोगों के द्वारा आग लगा दिया गया है। इन सभी अगलगी की घटना में लोगों के द्वारा या तो बीड़ी सिगरेट पीकर या जानबूझ कर जंगलों में अगलगी की घटना की अंजाम दिया जा रहा है।

## एलकेजी से आठवीं तक स्कूल बंद होने के बाद आदर्श पब्लिक स्कूल की अनूठी पहल



सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड में संचालित निजी विद्यालय आदर्श पब्लिक स्कूल द्वारा का अनूठा पहल गुरुजी गांव गांव जाकर बच्चो को पढ़ा रहे हैं। झारखंड सरकार द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए एल केजी से आठवीं तक के स्कूल अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है। इस कारण स्कूल में पढ़ने वाले बच्चो का पठन पाठन प्रभावित न हो, इसे लेकर सगमा प्रखंड के बीरबल गांव में संचालित आदर्श पब्लिक स्कूल द्वारा अनूठा पहल करते हुए स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को गांव में जाकर पढ़ाया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए आदर्श पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक जवाहर प्रसाद गुप्ता ने बताया कि क्षेत्र में इस समय भारी लू चलने के कारण हिट वेव की स्थिति बनी हुई है, इसे देखते हुए एल केजी से लेकर आठवीं तक के स्कूल बंद हैं। इस कारण बच्चों का पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रहा है, इसे लेकर विद्यालय के शिक्षक गांव-गांव में जाकर सुबह दो घंटे तक चिन्हित स्थान पर बच्चों को इकट्ठा कर प्रतिदिन पढ़ाया जा रहा है। इसका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। इस पहल के बाद अभिभावकों ने इसकी भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया है। अभिभावकों का कहना है कि इस विद्यालय की जितनी भी प्रशंसा की जाये कम होगा।

# पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश की महिलाओं का सम्मान बढ़ा है : मीरा पांडेय

**मीरा पांडेय ने पीएम मोदी को प्रभु श्रीराम की तस्वीर भेंट की**

**पीएम मोदी के कार्यक्रम में मंच पर महिला नेत्रियों को स्थान मिलने पर गदगद हुई महिलाएं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा नगर परिषद उपाध्यक्ष मीरा पांडेय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश की महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पलामू में महाविजय संकल्प सभा कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित गढ़वा नगर परिषद उपाध्यक्ष मीरा पांडेय, रूपा सिंह, लवली आनंद सहित भारतीय जनता पार्टी गढ़वा महिला मोर्चा के द्वारा प्रभु श्री राम की तस्वीर भेंट कर प्रधानमंत्री का स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के पश्चात गढ़वा नगर परिषद उपाध्यक्ष मीरा पांडेय ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के पलामू आने के बाद जिस तरह से महिलाओं को सम्मान दिया गया और जिस तरह से प्रधानमंत्री जी के साथ मंच साझा करने का हम सभी महिलाओं को मौका मिला, इससे मोदी जी के लिए महिलाओं में उनके प्रति और भी सम्मान बढ़ा है। नगर परिषद उपाध्यक्ष मीरा पांडेय ने सभी महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को और मजबूत करने के लिए गढ़वा पलामू से लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चुने गये वीडी राम को वोट देकर भरी मतों से जितायें।

मीरा पांडेय ने महिलाओं के हित में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किये गये कार्यों के बारे में बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हम महिलाओं के लिए गैस सिलेंडर की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, घर की व्यवस्था, मुस्लिम धर्म के लिए तीन तलाक जैसे कुप्रथा से छुटकारा दिलवाना और सबसे बड़ी चीज लोकसभा और राज्यसभा में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण की व्यवस्था सहित कई ऐसे नेक कार्य कर महिलाओं के सम्मान में बढ़ोतरी की है। इससे सभी तबके के समाज की महिलाओं को सर ऊंचा उठाकर पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए प्रोत्साहित करने का कार्य है। देश का विकास और महिलाओं का सम्मान ऐसे ही बढ़ते रहे। इसके लिए देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने और पीएम मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए गढ़वा पलामू के भाजपा प्रत्याशी वीडी राम को भरी मतों से जीत दिलाने की जरूरत है।

**कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, हजारीबाग**
**(प्रेक्षक कोषांग)**

-: आम सूचना :-

लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अवसर पर 05-कोडरमा लोकसभा आम निर्वाचन क्षेत्र (20-बरकट्ठा विधानसभा) के सभी अभ्यर्थियों, राजनैतिक दलों, आम मतदाताओं एवं अन्य व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि उक्त निर्वाचन के निमित भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक से मिलने का समय एवं उनका मोबाईल नम्बर निम्नवत् है :-

| Sl. | प्रेक्षक का नाम एवं पदनाम | | आवंटित मोबाईल नं0 | मिलने का समय | मिलने का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | General Observer | Mr.Alok Kumar Singh IAS, 2008 | 9304674574 | 09:30 AM to 11:00 AM | परिसदन भवन, गिरिडीह |
| 02 | Police Observer | Mr. Nelli Kumar Subramanyam IPS, 1996 | 8987796321 | 11:00 AM to 12:00 PM (सोमवार से गुरूवार) | |
| 03 | Expenditure Observer | Mr. Gandhi Donthi IRS (C&CE) 2009 | 8294677561 | 10:00 AM to 12:00 PM | |

नोडल पदाधिकारी,
प्रेक्षक कोषांग-सह-नजारत उपसमाहर्ता
हजारीबाग

PR 324478 Election(24-25).D

**उपायुक्त का कार्यालय,कोडरमा**
**(सामान्य शाखा)**

**आम सूचना**

आगामी लोकसभा निर्वाचन, 2024 के मद्देनजर सुरक्षा के दृष्टिकोण से शस्त्र नियमावली 1962 के नियम (63) के तहत जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने स्थानीय थाना/ओ0पी0/आर्म्स डीलर के पास शस्त्र जमा करने हेतु अंतिम तिथि **दिनांक 16-04-2024** तक विस्तारित किया गया था।

उक्त निर्धारित तिथि तक निम्न तालिका में सूचीबद्व शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा अब तक शस्त्र जमा नहीं किया गया है। आपके विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत शस्त्र अनुज्ञप्ति निलंबित/रद्द करने की कार्रवाई की जा रही है।

| क्र0 | नाम | लाईसेंस सं0 | थाना | पता |
|---|---|---|---|---|
| 01 | हरगौरी सिंह | 02/75 | जयनगर थाना | पिता-श्री तोता सिंह, सा0-परसाबाद, थाना-जयनगर, जिला-कोडरमा। |
| 02 | विनय कुमार सिंह | 19/2007 | कोडरमा थाना | विनय कुमार सिंह पिता-कृष्णा चन्दरा प्रसाद पता-चाराडीह करमा,थना+जिला-कोडरमा। स्थायी पता-ग्राम-पुरन्दर बिगहा, पो0-जपला, जिला-पलामु, झारखंड। |
| 03 | अभय कुमार सिंह | 20/2007 | कोडरमा थाना | अभय कुमार सिंह पिता-शिवलाल प्रसाद यादव, पता-चाराडीह करमा, थाना+जिला-कोडरमा। स्थायी पता-ग्राम-पुरन्दर बिगहा, पो0-जपला, जिला-पलामु, झारखंड। |
| 04 | विजय यादव | 02/2015 | कोडरमा थाना | विजय प्रसाद यादव, पिता-श्री सरयु प्रसाद यादव पता-फ्लैट नं0-1/c ,BLOCK -गणेश वाटिका उलियान, अनिलसुर पथ, थाना-कदमा, जिला-पूर्वी सिंहभूम |
| 05 | कन्हैया पाण्डेय | 02/2008 | कोडरमा थाना | कन्हैया पाण्डेय A/P -DC, Koderma, P/A - पिता- फेकु पाण्डेय, ग्राम-कपरी, थाना-नासरीगंज, जिला-रोहतास (बिहार) |
| 06 | ज्ञान प्रकाश मिंज | 05/10 | कोडरमा थाना | ज्ञान प्रकाश मिंज, पूर्व डी0एल0ए0ओ0, कोडरमा, स्थायी पता-अम्बाटोली शांतिपुर, पो0+थाना-महुआटांड, जिला-लातेहार, झारखंड। |
| 07 | रंजीत प्रसाद | 05/72 | तिलैया थाना | पता-शिक्षक, सी0एच0 स्कूल, झुमरी तिलैया। |
| 08 | रंजीत प्रसाद | 12/74 | तिलैया थाना | पता-शिक्षक, सी0एच0 स्कूल, झुमरी तिलैया। |
| 09 | रामाधार सिंह | 06/88 | तिलैया थाना | पिता- धरिधन सिंह, वार्ड न0-09, झुमरी तिलैया, जिला-कोडरमा। |
| 10 | अभिचन्द्र | 117/66 | तिलैया थाना | पिता-सोमपाल सिंह, पता-ताराटांड, पो0+थाना-झुमरी तिलैया, जिला-कोडरमा |

ह0/-
उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, कोडरमा

PR 324451 Election(24-25)#D

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 07 मई, 2024
www.azadsipahi.in



## ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम 8 को कुडू में

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** संसदीय कार्य एवं ग्रामीण विभाग झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम बुधवार 8 मई को कुडू पहुंचेंगे। उनके साथ अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रभारी उमैर खान, प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी सहित राज्यस्तर के कई नेता और वरिष्ठ कांग्रेसी भी मौजूद रहेंगे। मंत्री श्री आलम समय दोपहर करीब एक बजे कुडू जामा मस्जिद के समीप कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा करेंगे, साथ ही इंडीया गठबंधन के लोहरदगा लोकसभा के उम्मीदवार सुखदेव भगत की जीत सुनिश्चित करने का मंत्र भी देंगे। उक्त आशय की जानकारी जिला कार्यकरिणी के सदस्य सह पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष जफर खान ने देते हुए प्रखंड के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व पार्टी के समर्थको और इंडिया गठबंधन दल के सभी लोगों से समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने भंडरा में किया जनसंपर्क, कहा...

# नरेंद्र मोदी को फिर से एक बार प्रधानमंत्री बनाना है

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार समीर उरांव ने अपने समर्थकों के साथ देर शाम तक भंडरा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव का चुनावी दौरा किया। दौरा के क्रम में उनके साथ मुख्य रूप से त्रिपुरा के कैबिनेट मिनिस्टर विकास देव वर्मा सम्मिलित हुए। भंडरा के अलावे भंडरा प्रखंड अंतर्गत भौरों, बेदाल एवं मसमानो सहित कई अन्य गांव का भाजपा चुनावी जीत हेतु दौरा किया। मौके पर समीर उरांव ने कहा कि देशहित, सामाजिक के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से एक बार प्रधानमंत्री बनाना है। इसके लिए आप सभी तमाम लोग भाजपा को वोट देकर हमें विजयी बनायेंगे। उन्होंने कहा की भाजपानित केंद्र सरकार ने जनकल्याणकारी योजना जैसे हर घर नल जल योजना, मुफ्त राशन, किसान सम्मन निधि



सहित पीएम आवास योजनाएं सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित है। आने वाले समय में लोकहित के लिए हर घर सोलर पैनल के अलावे और भी कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित होगी। उन्होंने आग्रह किया की सभी एकमत से भाजपा को वोट कर भाजपा के उम्मीदवार को जीताने का काम करें। वही त्रिपुरा के कैबिनेट मिनिस्टर विकास देव वर्मा ने भी भाजपा के उम्मीदवार समीर उरांव को वोट करने की अपील की। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा प्रखंड अध्यक्ष विवेक सोनी, विनोद भगत, संतोष कुमार, लाल देवव्रत, सुकरा पाहन, त्रिभुवन नाथ शाहदेव, त्रिविक्रम नाथ शाहदेव, देवेंद्र सिंह, अमित लाल, आनंद साहू, कलेश्वर साहू, रोहित साहू, विनोद उरांव, हरी पाहन सहित काफी संख्या में गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

## भाजपा की चुनावी पथसभा का आयोजन

**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कैरो भारतीय जनता पार्टी कैरो मंडल के दो सक्ति केंद्र सढ़ाबे के टाटी और हनहट के हुदू गांव में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चुनावी पथसभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष लखन उरांव ने किया। मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रजबिहारी प्रसाद ने सभा को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार समीर उरांव को भारी मतों से विजय दिलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मजबूत करने की बात कहा, जनसभा को संबोधित करते हुए विगत दस वर्षों में भाजपा के द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं को गिनाया गया। वहीं झारखंड में गठबंधन की सरकार पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस जेएमएम व राजद ने मिलकर झारखंड को खोखला कर दिया। यहां के मंत्री



विधायक के पास करोड़ो रुपये आये दिन पकड़े जाते हैं और आमजनता के लिए कोई नहीं करता है। आप सभी मतदाताओं से आग्रह हैं कि ऐसे भ्रष्टाचारियों को उखाड़ कर फेंक दे। कार्यक्रम को उमेश कंस्कार, पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश महतो, पूर्व बिससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र महतो, हनहट मुखिया श्रवण मुंडा, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय चौधरी, आजसू जिला सचिव परमेश्वर महतो ने भी संबोधित किया वहीं मंच संचालन मंडल महामंत्री मनोज साहू के द्वारा किया गया।

# सभा में कालीचरण सिंह को जिताने पर हुई चर्चा



आजाद सिपाही संवाददाता

**हेरहंज/ लातेहार।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा संगठन द्वारा कई कार्यक्रम किए जा रहे हैं। जनताओं को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए डोर टू डोर ग्रामीणों तक पहुंचने का काम कर रहे हैं ताकि भाजपा की जीत नहीं बल्कि मोदी जी अबकी बार चार सौ पार, वहीं प्रखंड क्षेत्र के 3 पंचायत सेरनदाग, तासु और चिरु में भाजपा पार्टी का पथ सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी मंच अतिथियों का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ में सभी बूथ अध्यक्ष पंचायत प्रभारी व वरिष्ठ लोगों को भाजपा जिला मंत्री संतोष यादव व भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल ने अंग वस्त्र से सम्मानित किया। लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को चुनाव में भारी मतों से जिताने पर चर्चा हुई। स्थानीय प्रत्याशी मिलने से जनता में काफी खुशी का माहौल है। पार्टी के कार्यकर्ता ने भी कहा अबकी बार 400 पार फिर एक बार मोदी सरकार। हेरहंज की जनता ने कहा की मोदी जी फिर से प्रधानमंत्री बने। कार्यक्रम में सभी पंचायत में मंडल पदाधिकारी बूथ अध्यक्ष पंचायत प्रभारी भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मैट्रिक और इंटर में अच्छे अंक लाने वाले छात्र हुए सम्मानित




आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार समाहरणालय सभागार में मैट्रिक- इंटर में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 के परीक्षाफल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलें के 14 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान उपायुक्त महोदया ने बेहतर परीक्षा परिणाम पर विद्यार्थी व अभिभावकों को बधाई दी। उन्होने कहा कि अभिभावकों के सहयोग शिक्षकों के समर्पण और विद्यार्थी की मेहनत के फलाफल ही अच्छे परिणाम सामने आ रहे है। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बेहतर कैरियर निर्माण की नसीहत दी। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, विद्यालयों के प्रिंसिपल, छात्र-छात्राओं के अभिभावक, उपस्थित थे।

## निर्वाचन कार्य में लगे पुलिस पदाधिकारियों ने किया मतदान



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा आम चुनाव, 2024 अंतर्गत निर्वाचन कार्य में संलग्न पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों ने पुलिस लाईन,लोहरदगा में पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया। मतदाता सुविधा केंद्रों में अपने मताधिकार का प्रयोग पोस्टल बैलेट के जरिये किया। मतदाता सुविधा केंद्र में पोस्टल बैलेट हेतु हेल्प डेस्क भी बनाया गया था।

# भाकपा माले की बैठक में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को जीताने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के मुरू ग्राम में भाकपा माले प्रखंड सचिव के कमलेश सिंह की अध्यक्षता में माले के प्रमुख नेता, कार्यकर्त्ता और गांव के ग्राम प्रधान, बैगा पूर्व मुखिया और पंचायत समिति सहित गांव के लोगों की बैठक इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को विजयी बनाने को लेकर हुई। बैठक में प्रत्याशी के एन त्रिपाठी के छोटे भाई नकुल त्रिपाठी उपस्थित रहें। वही बैठक का संचालन माले जिला कमिटी के सदस्य कॉमरेड राजेंद्र सिंह ने किया। प्रखंड सचिव कमलेश सिंह ने कहा की इस बार की चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने की हैं। भूतपूर्व मुखिया देवनाथ सिंह ने कहा की आज आदिवासियों और दलितों का सबसे बड़ा दुश्मन भाजपा और भाजपा के प्रधानमंत्री



हैं और हमेशा इन्होंने रोजगार के नाम पर गरीबों को ठगा हैं। पंचायत समिति सदस्य घनश्याम राम ने कहा की मोदी इस बार 200 सौ भी पार नहीं करेंगे। नकुल त्रिपाठी ने कहा की चतरा को बाहरी सांसदों ने हमेशा ठगा हैं इस बार अपना माटी का बेटा घर के बेटा के एन त्रिपाठी खड़ा हैं और चारों तरफ हाथ छाप का लहर हैं इंडिया गठबंधन का लहर हैं न सिर्फ चतरा बल्कि हम झारखंड के 14 सीट भी जीतेंगे। चिकित्सक रमेश कुमार ने कहा की बरवाडीह के पूर्वी जिला परिषद क्षेत्र के सभी गांवों में हम सभी मजबूती के साथ जायेंगे और ग्राम बैठक कर बूथों को मजबूती प्रदान करेंगे। बैठक में कॉम. दिहल सिंह, कॉम. सूरजदेव सिंह, ग्राम प्रधान राम वृक्ष सिंह, कॉम देवराज सिंह सहित दर्जनों कैडर उपस्थित रहें और सबों ने भाजपा भगाओ संविधान और लोकतंत्र बचाओ का संकल्प लिया। बैठक का समापन की घोषणा प्रधान रामवृक्ष सिंह ने किया। बैठक में आसपास के काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### आज चलेगा 'मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर हैशटैग कैंपेन'

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के निर्देश पर 7 मई 2024 को संध्या 6 बजे से रात्रि 8 के बीच सभी सोशल मीडिया हैंडल्स पर हैशटैग में '#MainBhiElectionAmbassador' कैंपेन चलाया जायेगा। इस दिन विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां शामिल की जाएंगी जिसका फोटो व वीडियो ट्विटर (एक्स), फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर हैशटैग के साथ अपलोड किया जायेगा। इस दिन सभी मतदान केंद्रों पर गठित बूथ अवेयरनेस ग्रुप की बैठक भी आयोजित की जायेगी और मतदाता शपथ भी दिलायी जायेगी। 7 मई को चलाये जानेवाले इस हैशटैग अभियान का हिस्सा कोई भी बन सकते हैं। वे अपनी सेल्फी के साथ अपना फोटो व वीडियो सोशल मीडिया हैंडल्स पर अपलोड करें और उसे जिला निर्वाचन पदाधिकारी, लोहरदगा के एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम व यू-ट्यूब हैंडल्स पर टैग करें। अपना फोटो और वीडियो, जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोहरदगा, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड और भारत निर्वाचन आयोग को भी टैग करें। साथ ही, हैशटैग '#MainBhiElectionAmbassador' का इस्तेमाल करना ना भूलें।

### सीता नवमी कार्यक्रम की विशेष तैयारी करेगी विहिप



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** विश्व हिन्दू परिषद् बजरंग दल जिले की बैठक लोहरदगा संघ कार्यालय में हुआ। जिसमें तीन बार प्रणवोच्चार, एकात्माता मंत्र एवं तेरह बार विजय महामंत्र से की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिले में नवीन प्रांत अध्यक्ष का आगमन एवं उनका स्वागत किया गया। बैठक में अनेक बिंदुओं पर चर्चा की गयी। जैसे आगामी कार्यक्रम सीता नवमी को हर प्रखंड में मनाना है, तथा प्रशिक्षण वर्गों में सभी प्रखंडों से कार्यकर्त्ता प्रशिक्षण वर्ग में जाएं। बैठक में प्रांत सहमंत्री सह गुमला विभाग पालक रंगनाथ महतो ने कहा कि एक कुशल कार्यकर्त्ता बनने के लिए अनेक कष्ट सहने पड़ते हैं। तब जाकर एक परिपक्व कार्यकर्त्ता समाज को मिलता है। मौके पर बैठक में संत कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी, प्रांत कार्यसमिति सदस्य लाल ओंकारनाथ शाहदेव, विभाग संगठन मंत्री कुलदीप सिंह, जिला संगठन मंत्री कार्तिक विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, सह मंत्री रंजीत साहू, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख रोहित वर्मा, जिला गोरक्षा प्रमुख परशुराम गोप, बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू, बजरंग दल सुरक्षा प्रमुख उमेश सिंह, विश्व हिंदू परिषद उपाध्यक्ष अशोक कास्यकार, जिला दुर्गावाहिनी, संयोजिका आशा सोनी, जिला मातृशक्ति प्रमुख अनुराधा देवी, कैरो प्रखंड अध्यक्ष जितबाहन महतो, भंडरा प्रखंड उपाध्यक्ष लाल भीमनाथ सहदेव, पूर्व बजरंग दल संयोजक प्रमोद प्रजापति उपस्थित थे।

### विधवा महिला का अर्धनिर्मित आवास की दीवार तोड़ी, जांच में जुटी पुलिस

**सेन्हा/ लोहरदगा:** कोराम्बे ग्राम में अबुआ आवास योजना का लाभ ले विधवा महिला जमीन सत्यापन के उपरांत निर्माण कार्य मे जुट गयी। परंतु रात में अंधेरा का फायदा उठा दीवार गिराने की बात पर पहुंची थाना। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि सेन्हा थाना क्षेत्र के कोराम्बे ग्राम निवासी स्वर्गीय रमेश पांडेय की पत्नी रीता देवी को अबुआ आवास योजना का लाभ दिया गया था। जिसके बाद योजना को धरातल पर चालू करते ही जमीन विवाद उतपन हो गया और कार्य को बंद करने की चेतावनी कोराम्बे निवासी स्वर्गीय बासुदेव पांडेय के पुत्र संजय पांडेय के द्वारा दिए जाने के बाबजूद निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसपर अपना जमीन बताते हुए संजय पांडेय द्वारा रोक लगया गया। परंतु रीता देवी द्वारा नही मानने पर रात का फायदा उठाते हुए अर्धनिर्मित आवास का दीवार को गिरा दिया गया। विदित हो कि प्रधानमंत्री आवास या अबुआ आवास स्वकृति के पश्चात अंचल से जमीन सत्यापन के उपरांत निर्माण कार्य का आदेश निर्गत लाभुक को किया जाता है। जब जमीन सत्यापन हुआ है तो दूसरे पक्ष के लोग दाबेदार क्यों यह बात कई संदेह को जताता है।

# अधिकारियों को सुनियोजित तरीके से कार्य करने का डीसी ने दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार चतरा लोकसभा क्षेत्र, सामान्य प्रेक्षक निखिल निर्मल की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त सभी कोषांगो के वरीय पदाधिकारी, माइक्रो आब्जर्वर के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी, गरिमा सिंह के द्वारा सामान्य प्रेक्षक महोदय को 74 लातेहार तथा 73 मनिका विधान सभा चुनाव 2024 के निमित्त सभी कोषांग द्वारा की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी गयी। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक महोदय, निखिल निर्मल के द्वारा सभी कोषांगो द्वारा किए जा रहे कार्यों की क्रमवार से समीक्षा की गयी तथा सभी संबंधित अधिकारियों को



सुनियोजित तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक ने सभी कोषांगों की समीक्षा करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष व भयमुक्त निर्वाचन को लेकर अधिकारियो को कई बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिया। उन्होंने सभी कोषांग को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उन्होंने निर्वाचन कार्य के लिए उपलब्ध इवीएम व वीवीपैट की संख्या, सी- विजिल, इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम, एफएसटी, वीएसटी व वीवीटी की संख्या की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावा उन्होंने 74 लातेहार तथा 73 मनिका विधान सभा क्षेत्रों के मतदाताओं की संख्या तथा जेंडर रेशियो की जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही सामान्य प्रेक्षक के द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी मतदान केंद्रों पर एएमएफ की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित हो, ताकि मतदाताओं व मतदान कर्मियों को कठिनाई न हो। इसके पश्चात सामान्य प्रेक्षक के द्वारा सामग्री कोषांग का निरीक्षण किया गया।

## प्रेमी पति ने गला दबाकर की हत्या

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा के किस्को में एक पति ने अपनी प्रेमिका सह पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी है। पति ने यह कदम क्यों उठाया है इसका खुलासा नहीं हुआ है। लेकिन पति ने साक्ष्य को छुपाने की नीयत से शव को कब्रिस्तान में दफनाने के लिए ले गया था जहां इस हत्या की का खुलासा हुआ। मिली जानकारी के अनुसार किस्को निवासी अख्तर अंसारी ने अपनी पत्नी बालमुनि लोहरा की गला दबाकर हत्या कर दी हत्या करने के बाद साक्ष्य छुपाने की नीयत से उसने कब्रिस्तान में दफनाने के लिए ले गया। जहां स्थानीय ग्रामीणों और मृतक के परिजनों से घटना की जानकारी मिलने पर किस्को पुलिस दल बल के साथ किस्को कब्रिस्तान पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेते हुए आरोपी पति को किस्को पुलिस गिरफ्तार कर किस्को थाना ले आयी है।

# गार्डवाल पुल निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के मंगरा पंचायत के अमडीहा ग्राम में मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत धरधरी नदी में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा करोड़ो रुपए की लागत से गार्डवाल पुल का निर्माण किया जा रहा है। गार्डवाल निर्माण में कार्य में संबंधित संवेदक द्वारा कई अनिमितता बरती जा रही है। निर्माण कार्य में नदियों से निकाली गयी निम्न स्तर का पत्थर का अवैध उत्खनन कर निर्माण कार्य में लगाया जा रहा है व नीचे के सतह बिना ढलाई किए बोल्डर को जोड़ दिया जा रहा है। जिसे लेकर सोमवार को निर्माण स्थल में आसपास के ग्रामीणों ने निर्माण स्थल पहुंच कर विरोध दर्ज कराते हुई जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों का कहना था कि एक ओर जहां करोड़ों रुपए की



लगत से बनने वाली पुल का नदी के आसपास खुदायी किया हुआ पत्थर का ही इसमें उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने इसका विरोध करते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग किया है। वही दूसरी ओर बता दें कि शुरूवाती दौर से ही विवादों मे रहा है। जंहा 3 जून 2023 को पुल निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा एक साथ 45 विस्पोट कर इलाके को दहला दिया गया था। जिसमे कईं स्थानीय लोग इसके झटके से घायल भी हो गए थे। इतना बड़ा घटना को अंजाम दिए जाने के बाद भी अबतक कोई कार्रवाई नही हुई।

# नलजल योजना से वंचित ग्रामीणों ने उठायी आवाज, जांच की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** नलजल योजना से वंचित ग्रामीणों की आवाज हुआ बुलन्द। सर्वे कर्मियों पर लगाया आरोप, मुहल्ला चिन्हित कर दिया जा रहा है योजना का लाभ। यह मामला लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड पंचायत ग्राम के साहू मुहल्ला में देखने को मिला। जहां नलजल योजना संचालित करवाने हेतु बोरिंग कराया गया परंतु सही चयन नही होने तथा जरूरत मंद को योजना का लाभ नही मिलने पर सर्वे कर्मियों पर ग्रामीणों ने लगाया आरोप निर्माण कार्य को बंद करने तथा जांच करवाने का किया मांग। सेन्हा साहू मुहल्ला में ग्रामीणों की बात जेई कृष्णा लोहरा तक पहुंचते ही निर्माण कार्य स्थल पहुंच ग्रामीणों की समस्या को सुनते हुए निदान करवाने का आश्वासन दिया गया। बताया जाता है कि ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि मुस्लिम मुहल्ला में जगह जगह पर बोरिंग ग्रामीणों के अनुसार कर शतप्रतिशत घरों में योजना का लाभ दिया जा रहा है.लेकिन साहू मुहल्ला तथा अन्य मुहल्ला में योजना लिमिट बता कर सही स्थान का चयन नही करने तथा जरूरत मंद लोगो को योजना से वंचित रखने का आरोप है।

# वैदिक सोसाइटी ने बाल विवाह को लेकर जागरूकता अभियान चलाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार बाल विवाह सभ्य समाज के लिए एक अभिशाप है। इसकी रोकथाम के लिए कई स्तरों पर प्रयास जारी है। लातेहार जिला में बचपन बचाओ आंदोलन और स्वयंसेवी संस्था वैदिक सोसाइटी जिला प्रशासन के साथ मिलकर बाल विवाह के रोकथाम हेतु सकारात्मक प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में अक्षय तृतिया पर होने वाले संभावित बाल विवाह की रोकथाम को लेकर सोमवार को जिले में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला बाल संरक्षण इकाई लातेहार के निर्देशन में वैदिक सोसाइटी, बचपन बचाओ



**जागरूकता से ही रोकथाम संभव : रीना**

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी रीना कुमारी ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक अभिशाप है। जिसे समाज से समाप्त करने की जवाबदेही हम सब पर है। 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र का लड़के की शादी बाल विवाह के दायरे में आता है। बाल विवाह के मामले में दो साल तक की सजा और एक लाख रुपये जुमार्ना का प्रावधान है और यह कानून उन सभी पर लागू होगा जो बाल विवाह में शामिल होते हैं। डीसीपीओ ने कहा कि जागरूकता कार्यक्रम चलाकर बाल विवाह की रोकथाम की जा सकती है।

आंदोलन और चाइल्ड हेल्पलाइन लातेहार की संयुक्त टीम ने लातेहार के चंदवा प्रखंड अंतर्गत नगर भगवती मंदिर, मां उग्रतारा मंदिर में जागरूकता कार्यक्रम कर लोगों को बाल विवाह नहीं करने के लिए खबरदार किया। इस दौरान मंदिर के मुख्य पुजारी समेत अन्य पुरोहितों एवं उपस्थित दुकानदारों को बाल विवाह रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। भीड़ भाड़ वालो जगहों पर पोस्टर चिपकाकर और उपस्थित ग्रामीणों के बीच पंपलेट का वितरण कर लोगों को बाल विवाह कानून की जानकारी दी गयी। मौके पर वैदिक सोसाईटी की काउंसलर आरती कुमारी, कुणाल कुमार, पीएलवी सबिता देवी, चाइल्ड हेल्पलाइन से अनुज तिग्गा समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### छात्राओं ने रंगोली बना वोट करने की अपील की




**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** राजा मेदनी राय इंटर कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत सोमवार को नारा लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसके बाद मतदाताओं को अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई ।व रंगोली बनाकर मतदाताओं को राष्ट्र हित में वोट करने अपील की। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्पधाओं में छात्रों के बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने पर कॉलेज के प्रधानाचार्य एके मिश्रा ने खूब सराहा ।जिसके बाद छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाकर वोटरों को मतदान करने संकल्प दिलाया। वही मोके पर शिक्षक अरुण कुमार,अर्चना सिंह, अमित कु सिंह,संतोष कु सिंह,राजेन्द्र सिन्हा, सुदामा सोनी,सुजीत कुमार मौजूद रहें।

# कांग्रेस को जिताने के लिए कार्यकर्ताओं ने किया दौरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला विधानसभा प्रभारी रमेश कुमार चीनी के निर्देश पर लोहरदगा लोकसभा महा गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत के पक्ष मे कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रचार किया। इसके लिए टोटो, लूटो कतरी, कोटाम, पतगछा आदि कई गांव का कार्यक्रताओं ने दौरा किया। साथ ही गुमला के बसिया में होने वाले कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के चुनावी सभा की तैयारी को लेकर के कांग्रेस चुनावी कार्यालय में गुमला विधानसभा प्रभारी रमेश कुमार चीनी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गयी। चुनावी सभा को सफल बनाने व आम लोगो तक राहुल गांधी की बात रखने की चर्चा की गयी। बता दें कि आज बसिया प्रखंड के एचइसी ग्राउंड में राहुल गांधी झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सहित जिले के वरीय कांग्रेस नेता मौजूद रहेंगे। बैठक में दीपनारायण उराँव, संतोष गुप्ता, अमृता भगत सहित अन्य मौजूद थे।

# राहुल गांधी के बसिया आगमन को लेकर प्रशासन चौकस



**उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और कई पदाधिकारियों ने लिया कार्यक्रम स्थल का जायजा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** राहुल गांधी के बसिया आगमन को लेकर प्रशासन चौकस है। बसिया के सभा स्थल पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा सोमवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया। जिसमें गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह बसिया एसडीपीओ बसिया वीडियो बसिया सीओ के अलावा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष चेतू उरांव पहुंचे। इन अधिकारी पदाधिकारियों के साथ-साथ कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी भी निरीक्षण में मौजूद थे। कार्यक्रम स्थल के निरीक्षण उपरांत हेलीपैड तथा आम जनों की व्यवस्था पर चर्चा की गई। गर्मी को देखते हुए आम लोगों के लिए पेय जल और छाया की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा सुरक्षा के इंतजाम को मजबूती प्रदान करने को लेकर पदाधिकारियों ने आपसी वार्ता की।

# ठग महिला को जाल में फंसा कर ले उड़े दो लाख के जेवरात नगद और मोबाइल

सुधाकर कुमार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के अत्यंत भीड़ भाड़ वाला इलाका टंगरा स्कूल के समीप एसएस गर्ल्स हाई स्कूल हॉस्टल की वार्डन चंद्रवति लकड़ा के साथ ठगों द्वारा ठगी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। चंद्रवति लकड़ा से अज्ञात ठग करीब दो लाख रुपये के सोने के जेवरात समेत बैग में रखे नगद राशि ठग कर भाग निकलने में सफल रहे है। पूरे मामले को लेकर चंद्रवति ने मंगलवार को देर शाम करीब छह बजे थाना पहुचकर घटना की शिकायत करते हुए ठगों के ऊपर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को चंद्रवति ने बताया कि मंगलवार को देर शाम वह टंगरा स्कूल के समीप से गुजर कर अपने होस्टल की ओर जा रही थी। तभी वहां पर खड़े एक अधेड़ व्यक्ति ने उन्हें आवाज देकर पहले रुकवा लिया। इसके बाद उनसे एक व्यक्ति के बारे में पूछताछ की। इनकार करने पर वह अधेड़



व्यक्ति एक अन्य राहगीर व्यक्ति को भी रुकवा लिया। फिर उनसे भी महिला से जिस व्यक्ति के बारे में पूछताछ किया गया था उन्ही के बावत पूछताछ किया। जिसपर वह व्यक्ति ने भी उनके बारे जानकारी होने की बात से इनकार किया। इसके बाद अधेड़ व्यक्ति दोनो से बाते करते हुए उनके साथ गुजरने वाले हर दुख तकलीफ की जानकारी देने लगे। इस पर चंद्रवती अचंभित रह गयी। साथ ही वह चंद्रवती को झांसे में लेकर उससे पहले 12 रुपये का दान मांगा। इसके बाद उक्त अधेड़ ने उक्त राहगीर व्यक्ति से भी दान स्वरूप 12 रुपये की मांग की। तब उस व्यक्ति ने भी 12 रुपये दान दिया। इसके बाद अधेड़ ने चंद्रवति से गले मे पहने सोने के हार,हाथ का बाला, झुमका, मोबाइल आदि को पर्स में रखने की सलाह दी। साथ ही उसे झांसे में लेने के लिए राहगीर व्यक्ति से भी उसके हाथ मे पकड़े बैग को ले लिया। इसके बाद उसे 12 कदम सामने की ओर चलकर आने को कहा।व्यक्ति जैसे ही चलकर आया,अधेड़ ने उसे उसका बैग वापस दे दिया।इसके बाद अधेड़ ने चंद्रवती को 12 कदम चलकर आने को कहा।फिर चंद्रवति जैसे ही कदम चलकर वापस लौटी तो देखा कि दोनो व्यक्ति वहां से उनका बैग लेकर गायब हो गए थे। वे किधर गये कहां गये उन्हें इस बात का ज्ञात नही हो सका। चंद्रवती से पूरा मामला की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ठग को पकड़ने के लिए घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज आदि खंगालने में जुट गई है। देर रात तक पुलिस को कोई सफलता नही मिल पाया था।

# चुनावी प्रशिक्षण में अनुपस्थित 50 से अधिक मतदान पदाधिकारियों/ कर्मियों के विरुद्ध निकाले गये स्पष्टीकरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** लोसकभा आम चुनाव 2024 के निमित लगातार मतदान पदाधिकारियों एवं कर्मियों का विधानसभावार एवं पाटीर्वार प्रशिक्षण कराया जा रहा है। ऐसा देखा जा रहा है कि उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में कई मतदान पदाधिकारी/ कर्मियों की अनुपस्थिति रही है जिसे देखते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं कार्मिक कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई एवं सभी अनुपस्थित मतदान पदाधिकारियों / कर्मियों के विरुद्ध स्पष्टीकरण निकाला गया है।

उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले कई दिनों से लोकसभा चुनाव के निमित मतदान पदाधिकारियों / कर्मियों के लिए जिले के अधिकारियों के द्वारा लोकसभा वार एवं पार्टी वार प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, एवं उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगातार कई मतदान पदाधिकारियों/ कर्मियों की अनुपस्थिति देखने को मिल रही है, चुनाव कार्यों में इस प्रकार की लापरवाही तथा उदासीनता बिलकुल भी बर्दाश्त योग्य नहीं है। उन्होंने कहा कि वैसे कर्मी जो चुनावी कार्य में लापरवाही दिखा रहें है एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए हैं के विरुद्ध स्पष्टीकरण जारी किए गए हैं, अब तक लगभग 50 से अधिक मतदान पदाधिकारियों/ कर्मियों के विरुद्ध स्पष्टीकरण निकाली जा चुकी है। उन्होंने कहा कि उक्त स्पष्टीकरण के विरुद्ध जिनके द्वारा 24 घंटे के अंतराल में संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं हुए हैं वैसे पदाधिकारियों एवं कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है इस दौरान उक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों का सेवा बर्खास्त भी किया जा सकता है।

# दंपति को बाइक सवार ने मारी जोरदार टक्कर चार लोग घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला रांची नेशनल हाईवे स्थित चैरंबा मोड़ के समीप एक बाइक की टक्कर से बाइक सवार दंपति बैंक कॉलोनी निवासी शिव शंकर प्रसाद पत्नी दीपा देवी 12 वर्षीय पुत्री आशी कुमारी और बेटा घायल हो गए। घटना के बाद बाइक सवार युवक तेजी से भरदा की ओर फरार हो गया घटना के बाद पूरा परिवार सड़क पर गिर गए घटना में बाइक का डिक्की सहित बाइक भी छतिग्रस्त हो गया गिरने से आशी के पैर में गंभीर चोट लगी जबकि उसके माता-पिता व बेटा को हल्की चोट लगी जानकारी के मुताबिक सभी एक बाइक में सवार होकर चेरंबा मोड स्थित एक दुकान के उद्घाटन कार्यक्रम में जा रहे थे और दुकान के पास मुड़ रहे थे तभी पीछे से बिना लाइट का बाइक अचानक आकर टक्कर मार दिया और फरार हो गया। घटना रात 7:30 बजे की है।

# गांवों में गहराया जल संकट, नदी में झिरिया खोदकर प्यास बुझाने को मजबूर ग्रामीण

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के बरवेनग पंचायत के सिलफरी गांव में मुखिया फंड से जलमीनार का निर्माण कराया गया था, लेकिन निर्माण के कुछ दिनों बाद से जलमीनार खराब हो गयी है। मुखिया ने ठीक कराने का प्रयास नहीं किया, साथ ही जलमीनार का समरसेबल मुखिया के पिता ने निकल कर अपने घर मे लगाने का बात बोले हैं। सिलफरी गांव के लोग ने जब मिडिया को खबर करती हैं कि हमारे गांव मे पानी की किलत हैं तो मिडिया कर्मी खबर संकलन मे जाने के बाद ग्रामीणों को मुखिया के पिता के द्वारा ग्रामीणों को धमाकाया जा रहा हैं। गांव में स्थित एक चापाकल से गांव के लोग पानी भरते हैं। चापाकल पर लोड ज्यादा होने के कारण वह भी अक्सर खराब हो जाता है। गांव के लोगों को पानी



के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता है। चापाकल के खराब होने पर दूर-दराज से पानी लाना पड़ता है। वहीं लाखों रुपए लगाकर बनायी गयी जलमीनार बेकार पड़ी हुई है।

**गर्मी बढ़ते ही पानी का संकट शुरू : बिष्णु कुमार लोहरा**

बर्वेनगर पंचायत के सिलफरी गांव निवासी बिष्णु कुमार लोहरा का कहना है कि गर्मी का मौसम आते ही पानी का संकट हो जाता है. इस क्षेत्र में आम दिनों में भी पेयजल की समस्या बनी रहती है. गर्मी के आते ही पानी की समस्या विकराल हो जाती है. पेयजल का एकमात्र साधन चापाकल भी गर्मी के दिनों में साथ छोड़ देते हैं. दूर-दराज से पानी लाना पड़ता है. मुखिया फंड से निर्मित जलमीनार काफी दिनों से खराब पड़ी है.

**पानी भरने में ही आधा समय बीत जाता है : अनीशा लकड़ा**

बर्वेनगर पंचायत के सिलफरी गांव निवासी अनीशा लकड़ा का कहना है कि गर्मी के दिनों में गंभीर पेयजल की समस्या उत्पन्न हो जाती है. पानी की व्यवस्था करने में ही आधा समय चला जाता है. स्कूल जानने में रोजाना लेट हो जाती हैं.जलमीनार के खराब होने से पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है. मुखिया केवल आश्वासन ही देते हैं कि जल्द ही जलमीनार को ठीक करवा दिया जाएगा, लेकिन एक वर्ष से जलमीनार नहीं बन पाई है.

**गर्मी का मौसम आते ही डर सताने लगता है : हेमंत कुमार लोहरा**

कहना है कि गर्मी के मौसम आते ही पानी की संकट से डर सताने लगता है.इस क्षेत्र में आम दिनों पेयजल की समस्या बनी रहती है.गर्मी के आते ही पानी की समस्या विकराल हो जाती है.पेयजल का एक मात्र साधन चापानल भी गर्मी के दिनों में साथ छोड़ देते है. दूर दराज से पानी लाना पड़ता है. जलमीनार एक वर्ष से खराब है.एक ही चापानल फिलहाल चालू हालत है.जिससे गांव के लोग पानी भरते हैं।

# 8 मई को निर्णायक सामाजिक सम्मेलन



आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी।** प्रखंड के ग्राम जैरागी स्थित दुगार्मंदिर परिसर में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन जिला गुमला की रणनीतिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में गुमला से जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार नीलेश जिला उपाध्यक्ष महेश कुमार लाल, जिला महामंत्री बिनोद कुमार साह एवं वरिष्ठ सदस्य शशिभूषण साहू (पिंकू) शामिल थे। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रखण्ड अध्यक्ष जयश्री साहू ने कहा कि आगामी 8 मई दिन बुधवार को दोपहर 12 बजे जैरागी के शिवाली बगीचा में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की एक निर्णायक सामाजिक सम्मेलन किया जाएगा। अपने सम्बोधन में जिला अध्यक्ष दिलीप नीलेश ने कहा कि इस सम्मेलन में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कई निर्णायक फैसले लिए जायेंगे। उपस्थित सभी लोगों ने एक मत से एक बृहद सम्मेलन करने का संकल्प लिया गया।

# गड्ढे में दफन नवजात शिशु का मिला शव

**गुमला (आजाद सिपाही)।** पालकोट रोड स्थित राजन गैरेज के पीछे एक बॉक्स में नवजात शिशु का शव के फेके जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार लगभग 5 दिन पूर्व एक कार्टून में नवजात के शव को झाड़ी में फेंका गया था। जिसे सोमवार को आसपास के बच्चों द्वारा खेलते खेलते कार्टून के रस्सी को खींचे जाने पर उसमें शव देखा गया। शव नवजात का था। वही शव के आसपास कुत्तों की भीड़ जमा थी। कुत्ते अपने पंजों से मिट्टी को खोद रहे थे। इसके बाद शव को ट्रैक्टर गैरेज के कर्मियों ने ऊपर से मिट्टी डालकर दफन कर दिया। इस संबंध गुमला थाना को सूचना दे दी गई है। वही देर रात तक शव दफन ही पड़ा था। वहीं आसपास के कुत्ते भी मिट्टी को खोदने में लगे हुए हैं।

# राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन ने कहा, जो सम्मान की बात करेगा समाज उसी के पक्ष में मतदान करेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन ने सभी राजनीतिक दलों के खिलाफ मोर्चा खोलने का एलान कर दिया है। पिछले दिनों गुमला के ग्राम टोटो में आयोजित एक बैठक में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन ने घोषणा कर दी है कि जो तेलियों को मान सम्मान देगा यहां के तेली उसी राजनीतिक दल के पक्ष में मतदान करेंगे। इस बैठक में तेली टोला के तेली समाज के सभी लोगों एवं महिलाओं ने भारी भीड़ के साथ बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। बैठक को समाज के जिला अध्यक्ष दिलीप नीलेश ने सम्बोधित कर कहा कि तेली समाज को सभी राजनीतिक दलों ने अछूत समझ कर रखा है। एक खास राजनीतिक दल ने सिर्फ बंधुआ वोटर के रूप



में दशकों से तेली समाज का शोषण किया है,अब समय आ गया है इस अछूत मानसिकता का भरपूर जवाब देने का, इसलिए अब जो भी राजनीतिक दल तेली समाज को मान सम्मान देगा समाज उसी को समर्थन देगी। इस बैठक को समाज के जिला उपाध्यक्ष महेश कुमार लाल ने भी सम्बोधित किया और आह्वान किया कि चाहे भूखे रहना क्यों न पड़े अपने मान सम्मान को बरकरार रख कर एकजुट होकर इस बार तेली समाज उस राजनीतिक दल को वोट करेगा जो समाज को सम्मान देगा और उसकी भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचायेगा। समाज के जिला महामंत्री विनोद कुमार साह ने भी बैठक में अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में जिला अध्यक्ष दिलीप नीलेश उपाध्यक्ष महेश कुमार लाल महामंत्री विनोद कुमार साह अशोक कुमार साहू रोहित कुमार सोनू साहू दीपक कुमार शारदा देवी सविता देवी सुनीता देवी संगीता देवी मधु देवी सीता देवी सहित भारी स्वजातीय महिलाएं उपस्थित थी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### हॉकी मैच खेलने के दौरान खिलाड़ी ने युवक के पैर में मारी हॉकी, टूटा एक पैर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत रजावल हाई स्कूल मैदान में हॉकी मैच के दौरान एक खिलाड़ी ने दूसरे खिलाड़ी के पैर में हॉकी स्टिक से मार कर उसका पैर तोड़ दिया। घायल को तत्काल उप स्वास्थ्य केंद्र डुमरी ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के उपरांत गुमला रेफर कर दिया गया जानकारी के मुताबिक रविवार को लाही टोली बनाम आकाशी के बीच मैच चल रहा था वही आकाशी की टीम ने लाही टोली को एक गोल मार दिया था मैच तनाव में चल रहा था तभी इसी दौरान एक प्लेयर ने अचानक आकाशी टीम के खिलाड़ी आकाशी पाकर टोली निवासी 19 वर्षीय चंचल लकड़ा के पैर में हॉकी स्टिक से मार दिया। इसके बाद मैदान में माहौल गर्म हो गया। इसके बाद घायल युवक को रात 9:00 बजे सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

### शौच करने गये वृद्ध की गिरने सें मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जारी थाना क्षेत्र अंतर्गत सीकरी गांव में शौच जाने के क्रम में गिरने से सीकरी निवासी 62 वर्षीय जब्बार खान की इलाज के क्रम में मौत हो गई। जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कुछ साल पहले पूरे गांव के प्रत्येक घरों में सरकार द्वारा शौचालय निर्माण कराया गया था लेकिन गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं होने और पानी की सुविधा नहीं होने के कारण शौचालय बंद हो गया इसके बाद लोग खुले में शौच जाने के लिए मजबूर हो गए। लोगों को रात में भी शौच जाने के लिए खुले में जाना पड़ता है। रविवार की सुबह लगभग 7:00 बजे वृद्ध खेत की ओर शौच करने जा रहा था तभी खेत में गिर गया तत्काल उसे सदर अस्पताल भेजा गया जहां उसका आईसीयू वार्ड में इलाज चल रहा था इलाज के क्रम में ही उसकी मौत हो गई उसे अंदरूनी चोट लगी थी।

### ट्रैक्टर के पलटने से युवक की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुरदरी थाना क्षेत्र अंतर्गत काढु पानी मोड में ट्रैक्टर के पलटने से गुरदरी खैरी पाट निवासी 25 वर्षीय संजय असुर की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं उसका साथी पुसा असुर घटना के बाद से लापता हो गया अब तक ना वह घर पहुंचा है नहीं उसका कहीं पता चल पा रहा है।जानकारी के मुताबिक रविवार की अपराह्न ट्रैक्टर चालक शराब पीकर ट्रैक्टर खड़ा कर बगीचा में सोया था। चाबी ट्रैक्टर में लगा हुआ था तभी संजय असुर और पूसा असुर वहां पहुंचे और ट्रैक्टर में चाबी लगा देख ट्रैक्टर स्टार्ट कर चलाने लग गए। इसके बाद काढु पानी मोड में अनियंत्रित होकर लगभग 5 फीट सड़क के नीचे ट्रैक्टर पलट गया जिससे घटनास्थल पर ही संजय की मौत हो गयी।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जशपुर रोड स्थित सीआरपीएफ कैंप सिलम के समीप अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक सवार रायडीह थाना के कांसीर गांव निवासी अनिल मिंज पिता इग्निनस मिंज गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आवाज सुनकर सीआरपीएफ कैंप के जवान बाहर निकले और घायल की मदद करते हुए एंबुलेंस बुलाकर उसे सदर अस्पताल भिजवाया। व्यक्ति के सिर चेहरा सहित शरीर के अन्य हिस्से में काफी चोट लगी है और वह बेहोशी की हालत में है एंबुलेंस चालक ने बताया घटनास्थल पर उसका हेलमेट और बाइक भी पड़ा मिला वही एक बैग भी मिला संभवत व्यक्ति गुमला से अपने गांव की ओर जा रहा था तभी कोई अज्ञात वाहन उसे अपने चपेट में लेकर घटना स्थल से फरार हो गया।

# 'एक शाम लोकतंत्र के नाम' कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सोमवार को जिले में स्वीप गतिविधि के तहत मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से शहरी क्षेत्र के मतदाताओं के लिए 'एक शाम लोकतंत्र के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश के आलोक में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी के द्वारा नगर भवन गुमला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त गुमला दिलेश्वर महत्तो, जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान, जिला सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सह जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी ललन कुमार रजक, डीपीएम खरछढर शैलेंद्र जारिका सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी रहें। इस दौरान मंच संचालन शिक्षा विभाग के दिलदार सिंह के द्वारा किया गया।

'एक शाम लोकतंत्र के नाम कार्यक्रम' के आयोजन का मुख्य उद्देश्य जिले के मतदाताओं को मतदान करने के प्रति प्रेरित करना है। जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी आरती कुमारी ने कार्यक्रम से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि अक्सर जिले के शहरी क्षेत्र के वोटिंग प्रतिशत में ग्रामीण क्षेत्र के वोटिंग प्रतिशत की तुलना में कमी देखने को मिली है। जिसे देखते हुए शहरी क्षेत्र के मतदाताओं के लिए जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके आलावा उन्होंने जिले में आयोजित विभिन्न स्वीप गतिविधि से संबंधित भी जानकारी सभी से साझा की। इस दौरान उन्होंने सभी मतदाताओं से 13 मई को वोट देते हुए अपने मताधिकार का उपयोग करने की भी अपील की।

मौके पर शहरी क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक संस्थानों/ संगठनों के प्रतिनिधि एवं मीडिया के प्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहें, सभी ने आपसी समन्वय के साथ किस प्रकार से शहर के मतदान के प्रतिशत को बढ़ाया जा सकता है के संबंध में अपने अपने विचारों को रखा। इस दौरान मीडिया के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचारों को रखा।

# 7 मई को चलाया जायेगा 'मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर' अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** राज्य में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य चुनाव आयोग के निर्देश के आलोक में 7 मई 2024 को संध्या 6 बजे से 8 बजे तक स्वीप गतिविधि के तहत सोशल मीडिया पर 'मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर' हैश टैग अभियान का आयोजन किया जायेगा। गुमला जिले में इस अभियान के सफल आयोजन हेतु आज जिला स्वीप प्रभारी पदाधिकारी अलीना दास द्वारा जिला सूचना और विज्ञान पदाधिकारी शुशील कुमार और सीएससी मैनेजर रंजन नन्दा के सहयोग से विभिन्न प्रखंड/ अंचल स्तरीय कंप्यूटर ऑपरेटर्स, जेएसएलपीएस के तकनीकी कार्य में संलग्न कर्मियों एवं शिक्षा विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर्स एवं तकनीकी कर्मियों का गूगल मीट के माध्यम से एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि राज्य चुनाव आयोग द्वारा आयोजित राज्य भर में संचालित इस अभियान के तहत जिले के सभी लोग इस सोशल मीडिया अभियान में जुड़ सकते हैं। 'मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर' अभियान के तहत जिले के सभी लोगों इस कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं।

## भाजपा नेताओं ने चलाया जनसंपर्क पार्टी प्रत्याशी के पक्ष मतदान की अपील



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेताओं ने सोमवार को विश्रामपुर विस क्षेत्र के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान लोगों से पार्टी प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के पक्ष में मतदान करने की अपील की। भाजपा नेताओं ने लोगों को मतदान के प्रति भी जागरूक किया। इसके अलावा ग्रामीणों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश भी सुनाया। जनसंपर्क का नेतृत्व कर रहे युवा भाजपा नेता अजय दूबे ने कहा कि इस बार का आम चुनाव काफी मायने में अहम है। यह चुनाव राष्ट्रवादियों और भ्रष्टाचारी परिवारवादियों के बीच है। यह चुनाव देश को विश्वगुरु बनाने का है। भ्रष्टाचारी परिवार अपने बेटे-बेटियों को स्थापित करना चाहते हैं और प्रधानमंत्री मोदी भारत को विश्व शक्ति के रूप में स्थापित करना चाहते है। निर्णय जनता को लेना है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा एनडीए गठबंधन के साथ 400 सीट का आंकड़ा पार करेगी। मौके पर राधेश्याम विश्वकर्मा, शंभू शरण सिंह, उदय तिवारी, विष्णु देव ठाकुर, विनोद पासवान, कृष्ण प्रजापति, प्रसाद सिंह, अनुप गुप्ता, महेंद्र प्रसाद साहू, सुदर्शन सिंह, कन्हाई राम, मनोरंजन गुप्ता, अवधेश सिंह, विमल चंद्रवंशी, जनक शर्मा, मनमोहन पाण्डेय, बैजनाथ सिंह, बिनोद प्रजापति, शंकर पाल, परमानंद पाल, देवेंद्र चंद्रवंशी, गोपाल ठाकुर, गुड्डू ठाकुर, जयराम पासवान, विजय गुप्ता, रामसुरेश चौधरी, रामेश्वर चौधरी, दिनेश पासवान, सुरेश पासवान, लालू साल, विरेंद्र सिंह, बिगन साव, विश्वनाथ चौधरी, घुरा चौधरी, राम शरन चौधरी, नागेश्वर यादव, गोविन्द सोनी, हरिवंश सिंह, सोनाबाचा चौधरी और अनिल विश्वकर्मा सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जनता ने मौका दिया तो विकास में सबकी भागीदारी सुनिश्चित होगी : राजन मेहता

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने सोमवार को विश्रामपुर विस क्षेत्र के कई इलाकों में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने लोगों से पलामू लोकसभा के बसपा प्रत्यासी कामेश्वर बैठा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कहा कि बसपा सर्वजन सुखाए सर्वजन हिताय के संकल्प के साथ जनता के बीच पहुंच रही है। बसपा सुप्रीमो बहन मायावती का स्पष्ट कहना है कि दबे कुचले लोगों का न्याय के साथ विकाश किया जायेगा। अगर जनता ने मौका दिया तो विकास कार्यों में सबकी भागीदारी भी सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा जहां धर्म की राजनीत कर रही हैं वहीं आइएनडीआइए गठबंधन जात पात की राजनीत कर रही है। जनता इस बार दोनों को नकारते हुए बसपा को अपर समर्थन से जीत दिलायेगी। मौके पर नई महासभा के प्रादेशिक नेता धर्मेंद्र ठाकुर आदि मौजूद थे।

## विश्रामपुर नगर परिषद ने मतदाता पाठशाला में लोगों को मतदान के लिए दिलायी शपथ



**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर नगर परिषद द्वारा सोमवार को मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी शुरूआत गांधी चौक से किया गया। जहां कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने नगरवासियों को मतदाता शपथ दिलाया। उन्होंने ने कहा कि लोग अपने मत के अधिकार को समझें और मताधिकार कर देश के जिम्मेवार नागरिक होने का फर्ज अदा करें। उन्होंने लोगों से 13 मई को होने वाले पलामू लोस चुनाव में मतदान करने की अपील की। दानिश हुसैन ने चुनाव आयोग द्वारा संचालित मीडिया कैम्पेन मै भी ब्रांड एंबेसडर के बारे में लोगों को बताया और इसमें शामिल होने का आग्रह किया। इसके बाद कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने मतदाता जागरूकता रथ को भी झंडा दिखाकर रवाना किया। यह रथ नप के सभी वार्डों में भ्रमण कर लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता लायेगा। इसके अलावा नप पदाधिकारियों और कर्मियों ने स्वय सहायता समूह की महिलाओं के साथ पदयात्रा भी निकाला। पदयात्रा के दौरान डेमोक्रेसी टैक्स का नोटिस भी कई वाहनों में चिपकाया गया। पदयात्रा नगर भ्रमण करते हुए महावीर चौक पहुंचा। जहां मतदाता पाठशाला लगाया गया। जिसमे लोगों को मतदान के अधिकार और उसकी शक्ति के बारे में बताया गया।

### शहरी जलापूर्ति योजना निगम क्षेत्र की बहनों को तोहफा

# सांसद वीडी राम व मैंने अपना वादा पूरा किया: अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि शहर की सबसे बड़ी मूलभूत समस्या रही जलापूर्ति योजना फेज 2 अब सभी व्यवधानों को दूर करते हुए सोमवार से हाउसिंग कॉलोनी मैदान में शुरू हो गया। प्रथम महापौर ने कहा कि मैंने अपने चुनावी वादे में जहां पार्क, मरीन ड्राइव, सड़क, नाली, गली चौक चौराहा का सुंदरीकरण, मोहल्ला दादा दादी पार्क और शहर की सफाई का वादा किया था वही सबसे बड़ा वादा घर-घर शुद्ध जल पहुंचने की भी थी, जिसे मैंने अपने कार्यकाल में सबसे पहले बोर्ड से पारित करते हुए रघुवर सरकार में भेजा थी। जिसे



हाउसिंग कॉलोनी में बन रही परियोजना का निरीक्षण करती अरुणा शंकर।

तत्कालीक सरकार ने अपने कैबिनेट से स्वीकृति दे दी थी जिसकी 80 प्रतिशत राशि एडीबी भारत सरकार द्वारा पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयास से उसी वक्त प्राप्त हो चुका था, लेकिन रघुवर सरकार बदल जाने के कारण चार साल तक झारखंड सरकार ने लंबित रखा और टेंडर पर टेंडर करते रहे। पर मुझे खुशी है अब यह काम कई प्रयासों के बाद शुरू हो गया। इस कार्य को भारत की पांच बड़ी कंपनियों में एक मेसर्स आरके इंजीनियरिंग सेल्स लिमिटेड लखनऊ ने 172 करोड़ में लिया है। जिसमें पूर्व में बने 5 पानी टंकी के अलावा चार नई टंकी पुलिस लाइन, आईटीआई मैदान रांची रोड, शाहपुर एवं हाउसिंग कॉलोनी में बनेगा। अरुणा शंकर ने बताया हाउसिंग कॉलोनी मैदान में भूमि टेस्टिंग शुरू हो चुका है। जहां पानी टंकी के अलावे अत्यधुनिक वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जा रहा है सभी नए इंटेक वेल से पानी लाकर सफाई करते हुए पूरे निगम क्षेत्र में नई पाइप लाइन से शुद्ध पानी घर-घर दिया जाएगा। प्रथम महापौर ने इस कार्य को अपने कार्यकाल का माइलस्टोन कर्तव्य बताया और सांसद के लगातार प्रयास के लिए बधाई दी है। कहा कि अब कोई घर शुद्ध जल से वंचित नहीं रहेगा यह हमारी बहनों के लिए सबसे बड़ा तोहफा है।

## सतबरवा की बहनों ने गले लगाकर अपना बनाया: अरुणा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर भाजपा प्रत्याशी वीडी राम के लिए वोट मांगने सैकड़ो समर्थकों के साथ सतबरवा पहुंची। जहां आशीष सिन्हा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पोचि ग्राम में उनका भव्य स्वागत किया। उसके बाद मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सतबरवा भाजपा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते हुए पूरे सतबरवा बाजार में गाजे बाजे के साथ रोड शो की। घर-घर जाकर महिलाओं, पुरुष, वृद्ध, युवा एवं व्यवसाईयों से आशीर्वाद



लेते हुए भाजपा प्रत्याशी वीडी राम जी को अपना कीमती वोट देकर भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। इस अवसर पर प्रथम महापौर ने कहा कि सतबरवा से जो मुझे प्यार मिला उसे भूल नहीं पाऊंगी। खासकर मां, बहनों ने मुझे गले लगा कर अपना बना लिया। मैं हमेशा उनके बीच रहना चाहूंगी। प्रथम महापौर ने कहा कि इस बार हर जगह महिलाएं, लाभुक, युवा और प्रथम बार वोट देने वाले फर्स्ट वोटर प्रधानमंत्री द्वारा किए जा रहे विकास के कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए उत्साही हैं। बस प्रचंड गर्मी को देखते हुए हम भाजपा के कार्यकर्ताओं को बूथ पर वोटर को सुविधा देने की आवश्यकता है। मैं अपने भाजपा के भाइयों से अनुरोध करूंगी की पहले अपने एवं अगल-बगल घर की महिलाओं को वोट देने का अवसर दें फिर अपना मतदान करें। प्रथम महापौर ने कहा कि इस जो गांव-गांव से प्यार मिल रहा है हमारे सांसद पिछली बार से अधिक मत से विजई होंगे और मंत्री बनेंगे जिससे हमारे क्षेत्र का चौमुखी विकास होगा। इस अवसर पर डाल्टेनगंज शहर के व्यवसाईयों के साथ ही सतबरवा से मोहन जोशी, बृजेश प्रसाद,प्रीति गुप्ता, सुरेंद्र प्रसाद, संदीप कुमार, आनंद कुमार, संतान जायसवाल, संजय कुमार, मनोज कुमार, परमेंद्र प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## अनियंत्रित ट्रक ने हाइवा में मारी टक्कर, चालक और व्यवसायी की मौत

-पुलिस की घंटों मशक्कत के बाद ट्रक में दबे शव को निकाला गया बाहर
-सोलापुर से 1090 कैरेट अंगूर लाद कर समस्तीपुर जा रहा था ट्रक, ढाब कला में घटी घटना

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** थाना क्षेत्र के ढाब कला ओवरब्रिज के समीप एनएच 98 पर सड़क किनारे खड़े हाइवा में फल लदे एक अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें मध्य प्रदेश के सिवनी निवासी अशोक के 24 वर्षीय पुत्र ट्रक चालक राज चौधरी उर्फ शैलेंद्र और बिहार के बेगुसराय के कारिचक निवासी मो इसामुल के पुत्र फल व्यवसाई मो जुबेर (65)



की दबकर घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि सह चालक महाराष्ट्र के कलमन थाना अंतर्गत निवासी रोशन लाल (40) गंभीर रूप से घायल है। जिसका हरिहरगंज सीएससी में प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर गैस कटर से काटकर जेसीबी व हाईड्रा मशीन से वाहनों को अलग कराया। इस दौरान पुलिस को करीब 4 घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। इस संबंध में पूछे जाने पर सीएचसी में इलाजरत सह चालक रोशन लाल ने बताया कि महाराष्ट्र के सोलापुर से 1,090 कैरेट अंगूर लादकर बिहार के समस्तीपुर जा रहे थे। इस दौरान अनियंत्रीत ट्रक खड़े हाईवे से जा टकराई। घटना के संबंध में हरिहरगंज पुलिस इंस्पेक्टर थाना प्रभारी चंदन कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों शव को कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया गया। उधर, हरिहरगंज थाना अंतर्गत एक अन्य सड़क हादसे में दो बाइक की आमने सामने हुई टक्कर में दो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया गया। उनकी पहचान सीमावर्ती कुटुंबा थाना के मटपा गांव निवासी सौरभ कुमार (20) और औरंगाबाद केतकी निवासी पंकज कुमार पाठक के रूप में हुई है।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## त्रुटिविहीन चुनाव कराना हम सभी का लक्ष्य, कार्य में कोताही अक्षम्य: डीडीसी



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह पलामू डीसी के आदेशा पर सोमवार को स्थानीय दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन में सेक्टर पदाधिकारियों को चुनाव प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पोलिंग पार्टी के बीच की कड़ी होते हैं। इसलिए सेक्टर पदाधिकारी को हर बिन्दु की जानकारी होनी चाहिए और चुनाव आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप उसे व्यावहारिक रूप देने की क्षमता होनी चाहिए। जीरो इरर पर चुनाव कराना हमारा लक्ष्य है। इसलिए कार्य में कोई भी कोताही अक्षम्य है। उन्होंने पोलिंग पार्टी के साथ समन्वय, मतदान केन्द्र पर पहुंचने, रिजर्व सामग्री का रखरखाव व आवश्यकता अनुसार उपयोग, विहित प्रपत्र में रिपोर्टिंग व सुरक्षित वापसी सहित प्रत्येक विन्दुओं पर संवाद करते हुए प्रशिक्षण व मार्गदर्शन दिया। वहीं कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने त्रुटि रहित रिपोर्टिंग पर विस्तार से जानकारी दी। मौके पर हुसैनाबाद एसडीओ पीयूष सिन्हा, सदर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी, छतरपुर एसडीओ हीरा कुमार, एलआरडीसी प्यारेलाल, छतरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा एवं डीएसओ प्रीति किस्कू मौजूद थे। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी ने इवीएम रिप्लेस करने के समय बरते जानेवाली सावधानियों, विजिट सीट,माकपोल एवं अनेक कठिन विंदुओं की जानकारी दी। इसे सफल बनाने में प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम, जिला प्रशिक्षक अमरेन्द्र पाठक,अजित कुमार व राजन बाखला सक्रिय रहे।वहीं दूसरी ओर हेरिटेज स्कूल मेदिनीनगर में जिला प्रशिक्षक रामानुज प्रसाद एवं अशोक सिंह के अनुसमर्थन में पीडब्ल्यूडी बूथ के मतदानकर्मी सहित 261 पोलिंग पार्टी को प्रशिक्षण दिया गया।

## मतदाता पहचान पत्र के बिना भी कर सकेंगे मतदान




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू लोकसभा सीट पर 13 मई को मतदान होना है। इसे लेकर जिले के सभी बीएलओ मतदाताओं के घर-घर जाकर वोटर इन्फार्मेशन स्लीप का वितरण कर रहें हैं। जिसमें मतदान स्थल, तिथि व समय आदि का उल्लेख है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन ने जिलेवासियों से 13 मई के दिन अपना मतदान अनिवार्य रूप से करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि किसी कारणवश अगर किसी मतदाता के पास मतदाता पहचानपत्र नहीं है और उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है, तो संबंधित वह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित निम्न 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी एक दस्तावेज दिखाकर भी मतदान कर सकते हैं। मतदाता आधार कार्ड, पैन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), पासपोर्ट, पासबुक (फोटो सहित बैंक, डाकघर द्वारा जारी), फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केंद्र/राज्य सरकार/ सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी), सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, 2.स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी) में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकते हैं।

## ग्रामीणों ने कहा-रोड नहीं तो वोट नहीं

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत घासीदाग पंचायत के जमारी गांव के ग्रामीणों ने इस बार के लोकसभा चुनाव में मतदान नही करेंगे। ग्रामीण गांव में सड़क नहीं बनने के कारण जनप्रतिनिधियों से नाराज चल रहे हैं। ग्रामीणों ने एक बैठक कर इस बार मतदान नहीं करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया है। बताते चलें कि जमारी गांव आज भी सड़क मार्ग से नहीं जुड़ा है। इसी से नाराज ग्रामीण 13 मई को होने वाले मतदान में हिस्सा नहीं लेंगे। जबकि मतदान केंद्र संख्या 270 गांव में ही अवस्थित है। सोमवार को ग्रामीणों ने जुलूस के शक्ल में गांव के गलियों में निकले और रोड नही तो वोट नहीं का नारा बुलंद किया। जमारी के लोगों ने पंचायत के अन्य गांव के ग्रामीणों से भी मतदान में शामिल नहीं होने का आग्रह किया है। ग्रामीणों का कहना है कि आजादी की इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी जमारी गांव विकास से कोसो दूर है। जबकि यह गांव विश्रामपुर प्रखंड मुख्यालय से 22 किलोमीटर दूर अवस्थित है। वहीं एनएच 98 से दस किलोमीटर और एनएच 75 से 27 किमी दूर है। बावजूद यह गांव सड़क मार्ग से नहीं जुड़ा है।


# स्पोर्ट्स




भारतीय महिला और पुरुष रिले टीम वे पेरिस ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई कर लिया है। सोमवार को बहामास में चल रही वर्ल्ड एथलेटिक्स रिले में भारतीय महिला टीम ने दूसरे दौर के हीट में दूसरे स्थान पर रही।

### बहामास वर्ल्ड एथलेटिक्स रिले 4*400 मीटर में दोनों टीमें दूसरे स्थान पर रहीं

## इंडियन मेन-वुमन रिले टीम ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई




एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला और पुरुष रिले टीम ने 4*400 मीटर रिले में पेरिस ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई कर लिया है। सोमवार को बहामास में चल रही वर्ल्ड एथलेटिक्स रिले में भारतीय महिला टीम ने दूसरे दौर की हीट में दूसरे स्थान पर रही। वहीं पुरुष टीम ने भी अपने दूसरे हिट में दूसरे स्थान पर रह कर पेरिस के लिए क्वालिफाई कर लिया। महिलाओं की 4*400 मीटर रिले में रूपल चौधरी, एमआर पूवम्मा, ज्योतिका श्री दांडी और सुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने तीन मिनट और 29.35 सेकंड का समय लिया और दूसरे स्थान पर रही। वहीं जमैका की टीम 3.28.54 के साथ पहले स्थान पर रही। दूसरी ओर, पुरुषों के 4*400 मीटर रिले में मोहम्मद अनस याहिया, मोहम्मद अजमल, अरोकिया राजीव और अमोज जैकब की टीम ने 3 मिनट और 3.23 सेकेंड का समय लेकर अपनी हीट में दूसरे स्थान पर रहे। जबकि यूएसए की पुरुष टीम 2:59.9 समय के साथ पहले स्थान पर रही।

### तीनों हीट में पहले व दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को मिलना है ओलिंपिक कोटा

पेरिस ओलिंपिक के लिए बहामास में चल रही वर्ल्ड एथलेटिक्स रिले में तीन हीटों में पहले दो स्थान पर रहने वाली टीमों को ओलिंपिक का कोटा मिलना है। चूंकि भारतीय पुरुष व महिला टीम दूसरे हीट में दूसरे स्थान पर रही। इसलिए दोनों टीमें ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई कर सकी।

### पहले दौर में क्वालिफाई नहीं कर पाई थी

भारतीय महिला टीम रविवार को पहले दौर की क्वालिफाइंग हीट में 3 मिनट और 29.74 सेकेंड के समय के साथ पांचवें स्थान पर रही थी। चहीं पुरुष टीम पहले हीट में राजेश रमेश के बीच में हटने के कारण क्वालिफाइंग नहीं कर पाई थी।

## टी-20 वर्ल्ड कप से पहले पीसीए का ऐलान, ट्रॉफी जीतने पर हर खिलाड़ी को मिलेंगे 2 करोड़ 77 लाख

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीए) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने टी-20 वर्ल्डकप 2024 ट्रॉफी जीतने पर टीम के लिए प्राइस मनी का ऐलान किया है। जियो न्यूज के अनुसार, नकवी ने यह घोषणा रविवार को की है। जियो न्यूज के अनुसार, अगर पाकिस्तान की टीम टी-20 वर्ल्डकप जीतती है तो हर खिलाड़ी को एक लाख डॉलर का पुरस्कार दिया जाएगा। फिलहाल यह रकम पाकिस्तान में 2 करोड़ 77 लाख से ऊपर और भारत में 83 लाख 38 हजार रुपए के बराबर है। हालांकि पीसीए ने अब तक इस पर कोई ऑफिशियल बयान नहीं दिया है।



### भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में

टी-20 वर्ल्डकप की शुरूआत 2 जून से हो रही है और फाइनल 29 जून को खेला जाएगा। टी-20 वर्ल्ड कप में 5-5 टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया। भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा गया है। इसी ग्रुप में आयरलैंड, कनाडा और अमेरिका भी हैं। भारत और पाकिस्तान अपने सभी मैच अमेरिका में ही खेलेंगे।

### वर्ल्डकप से पहले दो टी-20 सीरीज खेलेगी पाक टीम

पाकिस्तान को वर्ल्ड कप से पहले आयरलैंड के खिलाफ तीन और इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में चार टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है। दोनों सीरीज विपक्षी टीमों के घर में होगी। पाकिस्तान और आयरलैंड के बीच तीन मैचों की टी-20 सीरीज की शुरूआत 10 मई से होने जा रही है। वहीं, पाकिस्तान की टीम 22 मई से इंग्लैंड के खिलाफ उनके घर में चार मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगी।

### इंग्लैंड-आयरलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए पाकिस्तान टीम

बाबर आजम (कप्तान), अबरार अहमद, आजम खान, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, इफ्तिखार अहमद, इमाद वसीम, अब्बास अफरीदी, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), इरफान खान, नसीम शाह, सईम अयूब, सलमान अली आगा, शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी और उस्मान खान।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 07 मई, 2024
www.azadsipahi.in
11

# नामांकन के जरिये इंडी व एनडीए का शक्ति प्रदर्शन

## भ्रष्टाचार में लिप्त आइएनडीआइए गठबंधन के नेता भाजपा को दे रहे नसीहत : ढुल्लू महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से शक्ति प्रदर्शन करते आइएनडीआईए गठबंधन के झामुमो उम्मीदवार मथुरा प्रसाद महतो एवं एनडीए से आजसू उम्मीदवार चंद्र प्रकाश चौधरी ने सोमवार को अपना-अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान निकाले गए जुलूस के बहाने दोनों पार्टियों के नेताओं-कार्यकर्ताओं ने शक्ति प्रदर्शन किया। गिरिडीह से आइएनडीआइए गठबंधन के झामुमो प्रत्यासी सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के नामांकन के लिए क्षेत्र के गांव-देहात से महागठबंधन के सभी घटक दलो के नेता, कार्यकर्ता व समर्थक महुदा मोड़ स्थित स्व विनोद बिहारी महतो चौक पहुंचे। जहां मथुरा महतो ने बिनोद बाबू के अदामकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। उनके समर्थन में उनके हजारों समर्थकों की भीड़ ने अंगवस्त्र व झंडे को अपने हाथों में थामे मथुरा प्रसाद





और झामुमो के समर्थन में नारे लगाते रहे। नामांकन से पूर्व मथुरा महतो ने कतरास स्थित लिलौरी स्थान मंदिर एवं सिजुआ स्थित गौरी शंकर धाम पहुंच कर दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद विशाल जुलूस की शक्ल में जन सैलाब के साथ नामांकन के लिए बोकारो स्थित डीसी कार्यलय पहुंचे और नामांकन दाखिल किये। इसके बाद जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता, कांग्रेस के बेरमो विधायक अनूप सिंह, धनबाद लोकसभा के कांग्रेस उम्मीदवार अनुपमा सिंह, जेपी पटेल, प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो सहित कई बड़े नेता मौजूद रहे। इस अवसर पर मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि अभी हम नामांकन के लिए जा रहे हैं, इसके बाद हम जनता के बीच जायेंगे। जनता से आइएनडीआइए गठबंधन के विकास कार्यों को बतायेंगें और केंद्र की मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों से लोगों को अवगत करायेंगें। दूसरी ओर, एनडीए उमीदवार चंद्र प्रकाश चौधरी के इंतेजार में भाजपा एवं आजसू समर्थक महुदा मोड़ स्थित स्व बिनोद बिहारी चौक के पास घंटो इंतेजार किये लेकिन वे वहां नहीं आये। इस बीच बाघमारा के भाजपा विधायक सह धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पहुंच गए और मोर्चा संभाला। इसके बाद बिनोद बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। उसके बाद उनके नेतृत्व में उपस्थित तमाम समर्थक उनके साथ सीपी चौधरी के नामांकन के लिए बोकारो रवाना हुए।

ढुल्लू महतो ने कहा कि हजारों लोगों की भीड़ सांसद के नामांकन में जा रहे हैं। उन्होंने अपने 5 वर्षो के कार्यकाल में लोकसभा क्षेत्र में कई विकास कार्य किये हैं, जिससे जनता उन्हें ऐतिहासिक जीत दिलाएगी। उन्होंने जो क्षेत्र में विकास कार्य किये हैं, वो कांग्रेस की यूपीए सरकार एवं उनके वर्तमान महागठबंधन के प्रत्याशी ने 70 सालो में नहीं किये। उन्होंने महागठबंधन के नेताओं पर तंज कस्ते हुए कहा कि राहुल गांधी, सोनिया गांधी सहित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, अनूप सिंह, अनुपमा सिंह सारे लोग भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। जो किसी से छिपी नहीं हैं। अभी-अभी कांग्रेस के मंत्री आलमगिर के पीए के घर पर ईडी की छापमारी में करोड़ों रुपये मिले हैं ये उनके भ्रष्टाचार का उदाहरण हैं।

## चुनावी सरगर्मी: प्रत्याशियों के नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 9 मई को

# धनबाद लोस चुनाव को लेकर अंतिम दिन 10 उम्मीदवारों ने किया नामांकन, स्क्रूटनी आज

**धनबाद लोकसभा सीट के लिए 25 मई को होना है मतदान,चार जून को मतगणना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन यानी सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा के समक्ष 10 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक अनूप खिनची नर्वाचन पदाधिकारी के कक्ष में मौजूद थे। इस दिन मोहम्मद एकलाक अंसारी, तुलसी महतो, निताई दत्ता, हीरा लाल शंखवार, मोहम्मद फैसल खान, मोहन सिंह, मोहम्मद तफाजुल हुसैन, अकबर अली, त्रिदेव कुमार महतो और गौतम कुमार महतो ने नामांकन किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मंगलवार की सुबह 11 बजे से नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी शुरू की जाएगी। जबकि 9 मई को अपराह्न तीन बजे तक नाम वापस लेने की अंतिम तिथि निर्धारित है। धनबाद में 25 मई को मतदान है, जो सुबह 7 बजे से संध्या 5 बजे होगा। वहीं, चार जून को मतगणना और छह जून को चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। नामांकन के दौरान अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला आदि मौजूद थे।





नामांकन के अंतिम दिन धनबाद समाहरणालय में जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा के समक्ष अपना-अपना नामांकन पत्र दाखिल करते प्रत्याशी।

## अंतिम दिन बोकारो में कुल 16 लोगों ने किया नामांकन दाखिल

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रत्याशी कमल प्रसाद, (झामुमो) पार्टी पत्याशी मथुरा प्रसाद महतो, निर्दलीय प्रत्याशी राकेश रोशन घोष, निर्दलीय प्रत्याशी उषा देवी, निर्दलीय प्रत्याशी जयराम कुमार महतो के प्रस्तावक कुलदीप राम, आजसू प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी, निर्दलीय प्रत्याशी पूजा कुमारी, सर्व समाज पार्टी प्रत्याशी सुभाष कुमार ठाकुर, निर्दलीय प्रत्याशी तुलसी महतो, निर्दलीय प्रत्याशी राजा हक, राष्ट्रीय मजदूर एकता पार्टी प्रत्याशी नारायण गिरि, निर्दलीय प्रत्याशी उषा सिंह, लोकहित अधिकार पार्टी प्रत्याशी ज्ञानेश्वर प्रसाद, निर्दलीय प्रत्याशी ईमाम सफी, ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक पार्टी प्रत्याशी जयराम महतो एवं बहुजन मुक्ति पार्टी प्रत्याशी मोहम्मद ऐनूल अंसारी ने सोमवार को अपना-अपना नामांकन प्रपत्र दाखिल किया।

## प्रत्याशी जगदीश रवानी ने क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद लोकसभा प्रत्याशी जगदीश रवानी ने अपने समर्थकों के साथ विकास नगर, मटकुरिया और बैंक मोड़ में सोमवार को जनसंपर्क अभियान चला कर मतदाताओं से धनबाद के चौमुखी विकास के लिए अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। विकास नगर के के चंद्रवंशी समाज के लोगों ने मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी को पूरे क्षेत्र में भ्रमण कराया एवं समाज के लोगों से मिलवाया। समाज के लोगों ने एक स्वर से जगदीश रवानी को मतदान करने का आश्वासन दिया। चंद्रवंशी एवं अन्य समाज के लोगों ने प्रत्याशी को माला पहनाकर स्वागत किया। प्रत्याशी जगदीश रवानी ने यहां के लोगों को धनबाद के विकास पर, बेरोजगार युवाओं के रोजगार पर,गुंडागर्दी कर दहशत फैलाने वालों पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए सामाधान की बात कही।

## तेज रफ्तार स्कार्पियो ने स्कूटी सवार दो सगी बहनों को रौंदा, मौके पर ही मौत



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद थाना क्षेत्र के बिरसा मुंडा पार्क के पास सोमवार की दोपहर तेज रफ्तार एक स्कार्पियो ने स्कूटी सवार दो सगी बहनों को रौंद दिया। जिसमें दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी पहचान जिया होरो और उसकी बड़ी बहन इशिता होरो के रूप में हुई है। दोनों भूली के डीनोबली स्कूल की छात्रा थी। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई और स्कार्पियो सवार प्रदीप मंडल और राजू मंडल को पकड़ कर एक कमरे में बंद कर दिया। देखते ही देखते वहां काफी भीड़ जुट गई। उग्र भीड़ दोनों युवकों को निकालने के लिए जोर लगाने लगी। पर प्रबुद्ध लोगों के हस्तक्षेप से ऐसा हो नहीं सका। उधर, घटना की सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी और प्रदीप व राजू को हिरासत में ले लिया। साथ ही शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद एनएमसीएच भेज दिया। मृतक लड़कियों के पिता जय होरो कतरास के माल केरा स्थित बीटीएम उच्च विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापक और शिक्षक संघ के जिला सचिव हैं। वे मूलतः गुमला के रहने वाले है फिलहाल वे लोग मेमको मोड़ में रह रहे थे। उधर, स्थानीय लोगों की मानें तो चालक स्कार्पियो लेकर मेमको मोड़ से विनोद बिहारी चौक की ओर जा रहा थे। उनकी रफ्तार काफी तेज थी। इसी कारण स्कार्पियो दो लेन के डिवाइडर से टकराकर तीसरी लेन में आ गया और वहां से गुजर रही स्कूटी सवार दोनों बहनों को सड़क पर ही रौंद दिया। लोगों ने बताया कि स्कार्पियो स्कूटी को लगभग 200 मीटर तक घसीटते ले गयी, जिससे उन दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।

## पूर्व सांसद ने निरसा में अनुपमा सिंह को जिताने को लेकर की बैठक

# 10 वर्षों में भाजपा ने धनबाद को कुछ भी नहीं दिया : पप्पू यादव

आजाद सिपाही संवाददाता

**एग्यारकुंड।** निरसा कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष डीएन प्रसाद यादव के नेतृत्व में उनके आवासीय कार्यालय में सोमवार को बैठक हुई। जिसमें बिहार के पूर्णिया के पूर्व सांसद पप्पू यादव भी शामिल हुए। उन्होंने आइएनडीआइए महागठबंधन की कांग्रेस प्रत्यासी अनुपमा सिंह की जीत को लेकर रणनीति के तरह कार्य करने का कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया। साथ ही केंद्र की भाजपा सरकार पर जबकर हमलावर हुए। कहा कि सिर्फ पांच किलो अनाज दे देने से देश का भला नहीं होने वाला। महंगाई के चलते जनता का जीना मुहाल हो गया है। इस पर प्रधानमंत्री विचार क्यों नहीं करते हैं। कहा कि भाजपा के नेता चुनाव आते ही बड़ी-बड़ी बातें करते हैं और चुनाव खत्म हो जाते ही सब कुछ भूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि धनबाद में 10 साल से भाजपा का सांसद है, लेकिन आज तक जिले में एक भी कारखाना या कोई अन्य संस्थान नहीं लगा। ताकि यहां के लोगों को रोजगार मिल सके। झारखंड गरीब और आदिवासियों का राज्य है। कहा कि मोदी अपनी उपलब्धियों पर बात नहीं करते, बल्कि कांग्रेस को कोष कर जनता को सच्चाई से दूर रखना चाहते हैं। पर जनता इस बात भाजपा से एक-एक उपेक्षा का बदला लेगी और आइएनडीआइए गठबंधन के प्रत्यासियों को वोट देकर जितायेगी। इस मौके पर संतोष राय, बबलू दास, सकलदेव प्रसाद, अनिल यादव, मिथिलेश यादव, रविंद्र यादव और कल्लू मियां आदि उपस्थित थे।




**लोकसभा आम निर्वाचन-2024**
**पोस्टल बैलेट कोषांग गुमला**
(Email id —postalballotcellgumla@gmail.com)

आदेश

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के धारा 28 A में निहित प्रावाधानानुसार तथा भारत निर्वाचन आयोग पत्रांक 52/2023/SDR/VOL-4 दिनांक 31.10.2023 से प्राप्त निदेश के आलोक में लोकसभा निर्वाचन 2024 के क्रम में मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु प्रतिनियुक्ति मतदान कर्मी यथा मतदान दल के कर्मी, माईक्रो ऑवजरबर, सेक्टर दण्डाधिकारी, विडीयो ग्राफर पुलिस कर्मी आवश्यक सेवा के अनुपस्थित मतदाता, वाहन चालक आदि के लिये पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर्मी की सुविधा उपलब्ध कराया जाना है। तद् हेतु सुविधा केन्द्र Facilitation Centre एवं पोस्टल वोटिंग सेन्टर (PVC) का अधिष्ठापित है।

In pursuance of sub-section (1) and sub-section (3) of section 26 of the Representation of the people, 1963 (43 of 1951) here by appoint the officers specified in column 4, 5,6 & 7 of the table below Attestating Officer, poling officer-1, poling officer-2, poling officer-3, respectively for the specified in Team no 1 to 9 for assembly constituency 67-sisai, (ST) 68-Gumla, (ST), 69-Bishunpur, (ST) forming part of parliamentary constituency 12-Lohardaga(ST)

**Facilitation Centre%** & महिला महाविद्यालय पुग्गू गुमला में अधिष्ठापित सुविधा केन्द्र – दिनांक 06.05.2024 से 07.05.2024 पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक।

| क0 सं0 | मतदाता का प्रकार | लोकसभा क्षेत्र 12–लोहरदगा | सत्यापन पदाधिकारी | Poll Officer 1 | Poll Officer 2 | Poll Officer 3 | Videographer | पुलिस कर्मी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Voters on election Duty/zonal/sector/Static magistrate/micro observer/ कोषांग में कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मी | कमरा नम्बर 1 | मो0 अनीस कार्यपालक दण्डाधिकारी, गुमला। | श्री अमन कुमार केषरी, लिपिक जिला स्थापना शाखा, गुमला। | श्रीमती ललिता मिंज, प्रधान लिपिक , प्रखण्ड कार्यालय , भरनो। | श्री संतोष प्रजापति, सहायक, ITDA कार्यालय, गुमला। | 1 | 2 |
| 2 | | कमरा नम्बर 2 | श्री श्रीराम वारी, जिला नियोजन पदाधिकारी , गुमला। | श्री राहुल उरांव, लिपिक जिला स्थापना शाखा, गुंमला। | श्री दिनेश्वर भगत, प्रधान लिपिक जिला पंचायती राज कार्यालय , गुमला। | श्री मुनिन्द्र चीक बड़ाइक, प्रधान लिपिक, जिला आपुर्ति कार्यालय । | 1 | 2 |
| 3 | | कमरा नम्बर 3 | श्री खाखा सुषील कुमार, कार्यपालक दण्डाधिकारी, चैनपुर । | श्री अनिल उरांव, लिपिक, जिला स्थापना शाखा, गुमला। | श्रीमती मेझरेन पन्ना , प्रधान लिपिक , अंचल कार्यालय , भरनो। | श्री ललित किड़ो , लिपिक, जिला आपूर्ति कार्यालय, गुमला। | 1 | 2 |
| 4 | | कमरा नम्बर 4 | श्री रमण कुमार, जिला योजना पदाधिकारी | श्री नारायण सिंह, लिपिक , अंचल कार्यालय ,सिसई। | श्री संत कवि भगत, प्रधान लिपिक , प्रखण्ड कार्यालय विषुनपुर। | श्री सुभाष भगत, लिपिक, ITDA कार्यालय, गुमला। | 1 | 2 |

**पुलिस लाईन, चन्दाली में अधिष्ठापित सुविधा केन्द्र :–दिनांक–08.05.2024 से 09.05.2024 पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक।**

| क0 सं0 | मतदाता का प्रकार | लोकसभा क्षेत्र 12–लोहरदगा | सत्यापन पदाधिकारी | Poll Officer 1 | Poll Officer 2 | Poll Officer 3 | Videographer | Police Team |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 5 | On Election Duty पुलिस पदाधिकारी /होम गार्ड/पुलिस कर्मी/अन्य पुलिस कर्मी | कमरा नम्बर 1 | मो0 अनीस कार्यपालक दण्डाधिकारी , गुमला। | श्री अमन कुमार केषरी, लिपिक जिला स्थापना शाखा, गुमला। | मो0 गुलाम सादिक, लिपिक, जिला स्थापना, शाखा गुमला। | श्री संतोष प्रजापति, सहायक, ITDA कार्यालय, गुमला। | 1 | 2 |
| 6 | | कमरा नम्बर 2 | श्री रमण कुमार, जिला योजना पदाधिकारी | श्री नारायण सिंह, लिपिक , अंचल कार्यालय , सिसई। | श्री संत कवि भगत, प्रधान लिपिक , प्रखण्ड कार्यालय , विषुनपुर। | श्री सुभाष भगत, लिपिक, ITDA कार्यालय, गुमला। | 1 | 2 |

पोस्टल वोटिंग सेन्टर – **(PVC)**
समाहरणालय, गुमला भवन सं0–01, स्थित कमरा नम्बर–10
दिनांक–07.05.2024 से 08.05.2024 पूर्वाह्न 9.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक।

| क्र0 सं0 | निर्वाचक का प्रकार | विधानसभावार कक्ष | सत्यापन पदाधिकारी | Poll Officer 1 | Poll Officer 2 | Poll Officer 3 | Videographer | Police Team |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 7 | अनिवार्य सेवा के अनुपस्थित मतदाता | सभी लोकसभा क्षेत्र कमरा नम्बर 10 | श्री पुनीत मिंज, श्रम अधीक्षक, गुमला। | श्री बासुदेव उरांव , लिपिक , जिला स्थापना शाखा, गुमला। | श्री अनुरंजन मिंज, लिपिक , अंचल कार्यालय, कामडारा। | श्री अजय कुमार बेसरा, लिपिक ITDA कार्यालय, गुमला। | 1 | 2 |

**वाहन कोषांग में अधिष्ठापित सुविधा केन्द्र– दिनांक–10.05.2024 से 11.05.2024 पूर्वाह्न 9.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक।**

| क्र0 सं0 | निर्वाचक का प्रकार | विधानसभावार कक्ष | सत्यापन पदाधिकारी | Poll Officer 1 | Poll Officer 2 | Poll Officer 3 | Videographer | Police Team |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 8 | ( गैर सरकारी मतदाता) On Election Duty ड्राईबर, कण्डक्टर | लोकसभा क्षेत्र 12–लोहरदगा कमरा नम्बर 1 | श्री रमण कुमार, जिला योजना पदाधिकारी | श्री नारायण सिंह, लिपिक , अंचल कार्यालय , सिसई। | श्री संत कवि भगत, प्रधान लिपिक , प्रखण्ड कार्यालय , विषुनपुर। | श्री सुभाष भगत, लिपिक, ITDA कार्यालय, गुमला। | 1 | 2 |

**अतिरिक्त सुविधा केन्द्र –**
**पोलिटेक्निक कॉलेज, चन्दाली , गुमला दिनांक–12.05.2024 समय पूर्वाह्न 6.00 बजे से मतदान कर्मी के प्रस्थान तक।**

| क्र0 सं0 | निर्वाचक का प्रकार | विधानसभावार कक्ष | सत्यापन पदाधिकारी | Poll Officer 1 | Poll Officer 2 | Poll Officer 3 | Videographer | Police Team |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 9 | शेष मतदाता जो निर्वाचन कर्तव्य में संलग्न है। | सभी लोकसभा क्षेत्र कमरा नम्बर 01 | श्री श्रीराम वारी, जिला नियोजन पदाधिकारी, गुमला | श्री मुनिन्द्र चीक बड़ाइक, प्रधान लिपिक, जिला आपुर्ति कार्यालय । | श्री अनुप बघेरा , लिपिक,अंचल कार्यालय सिसई। | श्री निरंजन कुमार सहायक षिक्षक, चाहा । | 1 | 2 |

मतदान टीम के सभी सदस्य भारत निर्वाचन आयोग के मार्गदर्शन के अनुरूप डाक मतदान कार्य सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेगें। Facilitation Centre एवं पोस्टल वोटिंग सेन्टर प्रकिया के पूर्ण प्रभार में श्री शेखर कुमार, भूमि सुधार उप सामाहर्त्ता बसिया सहायक निर्वाची पदाधिकारी (पोस्टल बैलेट) का दायित्व निर्वाहन करेगें।

सहायक निर्वाची पदाधिकारी ( पोस्टल बैलेट ) का दायित्व :–

निर्दिष्ट सहायक निर्वाची पदाधिकारी (Postal Ballot) का दायित्व होगा कि मतपेटी में डाले गए पोस्टल बैलेट से संबंधित लिफाफा को लोकसभा क्षेत्रवार छटनी कर अलग–अलग कपड़े के थैले में जिसपर स्पष्ट रूप से Facilitation Centre का नाम, लोकसभा क्षेत्र का नाम , मतदान की तिथि , थैले में डाले गए कुल मतों की संख्या अंकित करते हुए सील करायेगें। उक्त सारी प्रकिया facilitation Centre पर उपस्थित अभियर्थी/उनके अभिकर्त्ता (Agent) के समक्ष की जायेगी एवं सील थैले पर उनका भी हस्ताक्षर प्राप्त किया जायेगा। साथ ही एनेक्श्चर–6 में प्रतिवेदन तीन प्रति में तैयार कर एक प्रति Strong Room में तथा एक–एक प्रति कमशः वरीय पदाधिकारी, डाक मतपत्र कोषांग एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, गुमला को उपलब्ध करायेगें।

प्रथम मतदान अधिकारी का कर्त्तव्य :–

1. निर्वाची पदाधिकारी द्वारा प्रदान की गई निर्वाचन कर्त्तव्य पर मतदाताओं की सूची का प्रभारी रहेगें।
2. मतदाता के मतदाता पहचान पत्र या अन्य फोटो पहचान पत्र (आयोग द्वारा निर्धारित) के आधार पर मतदाता की पहचान के लिए जिम्मेवार होगें।
3. परिशिष्ट–5 के अनुसार एक पंजी में प्रत्येक मतदाता के हस्ताक्षर प्राप्त करना है।
4. मतदान समाप्त होने के बाद, पंजी को फॉर्म–17 ए में पंजी की तरह ही मुहरबंद किया जायेगा और नियम 93(1) में उल्लेखित अन्य वैधानिक कवर के साथ रखा जायेगा । उपरोक्त पंजी की प्रति उन अभ्यर्थियों को दी जा सकती है जो इसके लिए अनुरोध करते है।

द्वितीय मतदान अधिकारी का कर्त्तव्य :–

1. Postal Ballot मतदाता के बाएं हाथ की तर्जनी में अमिट स्याही लगाएंगें।

तृतीय मतदान अधिकारी का कर्त्तव्य :–

1. निर्वाचन कर्त्तव्य पर तैनात मतदाताओं को डाक मतपत्र जारी करेंगे और यह सुनिश्चित करेगें कि मतपत्र की कम संख्या फॉर्म–13 बी और फॉर्म 13 ए पर अंकित करना है।
2. फॉर्म 13 सी को मतदाता को सौंपते समय उस पर मतदाता का हस्ताक्षर करावाना है।

सत्यापन पदाधिकारी के दायित्व :– गुप्त मतदान कक्ष में डाक मत पत्र में अपता वोट डालने के बाद कर्मचारी स्वंय डाकमतपत्र को फॉर्म 13–बी ( कवर ए ) में डाला जायेगा।

1. प्रतिनियुक्त सत्यापन पदाधिकारी सुविधा केन्द्र के इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए Postal Ballot के प्रपत्र 13 A पर प्राप्त घोषणा का सत्यापन पर सही पाये जाने पर सत्यापन अधिकारी होगें।
2. मतपत्र का कम संख्या घोषणा मे दिये गये स्थान पर भरा हुआ है, यह उसकी उपस्थिति में निर्वाचक द्वारा हस्ताक्षरित है, उसका पता विधिवत उल्लेखित सही है। सत्यापन पर सही पाये जाने पर सत्यापन अधिकारी अपना पूर्ण हस्ताक्षर करेगें, पदनाम हाथ से लिखा जायेगा या कार्यालय का पता दर्शाने वाला मुहर लगायेगें। तत् पश्चात सीलिंग process कराकर सीलबंद सेट को सुविधा केन्द्र में रखे मतपेटी में डालने की कार्रवाई करायेगें।
   सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और कर्मी भारत निर्वाचन आयोग क दिशा निर्देश का अक्षरशःअनुपालन करना सुनिश्चित करेगें।

आदेश ज्ञापांक 66 दिनांक 24.04.2024 के आलोक में सुविधा केन्द्र संचालित किया गया। **Voters on election Duty** एवं आवश्यक सेवा के अनुपस्थित मतदाता के डाक मत पत्र द्वारा मतदान को सुनिश्चित कराने एवं डाक मतदान प्रकिया के अधिकतम आच्छादम के उद्देश्य से पूर्व निर्गत आदेश को इस हद तक संशोधित किया जाता है।

वरीय नोडल पदाधिकारी
डाक मत–पत्र कोषांग–
सह–परियोजना निदेशक
आई0टी0डी0ए0, गुमला।

जिला निर्वाची पदाधिकारी
12–लोहरदगा (ST)–सह–उपायुक्त
गुमला

**PR.NO.324476 Election(24-25):D**

## न्यूज रील्स

### भुवनेश्वर और कटक समेत कई जगहों पर बारिश



**भुवनेश्वर।** कालबैशाखी के कारण कटक भूवनेश्वर समेत कई जगहों पर बारिश हुई है। राजधानी भुवनेश्वर में भी बारिश शुरू हो गयी है। मौसम विभाग ने बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी की है। आज 4 जिलों को ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने आज से कल सुबह साढ़े आठ बजे तक गंजाम, नयागढ़, खुर्दा और पुरी के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी की है। इसी तरह कल से 8 तारीख से सुबह 8:30 बजे तक 6 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी की गयी है। क्योंझर, मयूरभंज, बालेश्वर कंधमाल, गजपति और गंजाम जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी की गयी है। इसके अलावा अगले 24 घंटों तक कुछ जगहों पर बारिश होने की संभावना है इसके साथ 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग का अनुमान है कि बारिश के कारण पूरे ओड़िशा में दिन का तापमान 4 से 6 डिग्री तक गिरेगा।

### ब्रह्मपुर चुनावी सभा में मोदी ने बीजू जनता दल पर निशाना साधा

# ओड़िशा में बीजद अस्त कांग्रेस पस्त : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार ब्रह्मपुर ओड़िशा में चुनाव प्रचार किया है। मोदी कनिषि में आयोजित एक सभा में शामिल होकर जनता को संबोधित की। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण की शुरूआत जय जगन्नाथ, जय श्रीराम कहकर आरंभ की। मोदी ने शुरू से ही बीजद पर निशाना साधा है। ओड़िशा में डबल इंजन की सरकार बनेगी। ओड़िशा के समग्र विकास के लिए संकल्प पत्र की घोषणा की गयी है। बीजेपी जो कहती है वो करती है। बीजद का एक्सपायरी डेट 4 जून है। बीजेपी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार का चयन 6 जून को किया जायेगा। ओड़िशा में बीजद का अस्त हो रही है और कांग्रेस अतीत हो गयी है। प्रधामंत्री मोदी ने कहा कि कल मैं अयोध्या में था, मैंने राम लला के दर्शन किया। आज महाप्रभु आपके आशीर्वाद के लिए जगन्नाथ की धरती पर आई हूं। भगवान रामलला का मंदिर मोदी से नहीं आपके वोट से बना है। रामलला का मंदिर आपके वोट के बल पर बना है। रामलला के मंदिर का 500 साल का इंतजार खत्म। इस बार ओड़िशा में एक साथ 2 यज्ञ हो रहे हैं। केंद्र में तीसरी बार सरकार के लिए और दूसरा, ओड़िशा में एक मजबूत भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के लिए है। ओड़िशा में पहली बार डबल इंजन की सरकार बनने जा रही है। ओड़िशा के समग्र विकास के लिए संकल्प पत्र की घोषणा की गयी है। मोदी वही करते हैं जो बीजेपी कहती है। सरकार आने पर सभी घोषणाओं को कार्यकारी किया जायेगा। सभी घोषणाओं को लागू करना मोदी की गारंटी है। यहां बीजद सरकार की एक्सपायरी डेट 4 जून लिखी हुई है। बीजेपी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार का चयन 6 जून को किया जायेगा। 10 जून को बीजेपी का मुख्यमंत्री शपथ लेगा। बीजेपी मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण देने आई है। ओड़िशा में बीजू जनता दल का अस्त हो रही है और कांग्रेस अतीत हो गयी है। ओड़िशा में बीजेपी ही उगता सूरज बनकर उभरी है। ओड़िशा में प्रचुर मात्रा में पानी, उपजाऊ भूमि और भूमिगत खनिज भंडार हैं। भगवान ने ओड़िशा को प्राकृतिक संसाधनों से भर दिया है। ओड़िशा के इतने सारे अमीर लोग गरीब क्यों हैं? इस पाप के लिए पहले कांग्रेस और फिर बीजद नेता की लूट जिम्मेदार है। मुख्यमंत्री के इसी जिले से सबसे ज्यादा दादन जा रहे हैं। हिंजिली में न तो कोल्ड स्टोरेज है और न ही पीने का पानी। मोदी ने ओड़िशा के विकास के लिए बजट की कोई कमी नहीं छोड़ी है। 10 साल में यूपीए सरकार ने ओडिशा को 1 लाख करोड़ रुपये दिये। मोदी ने 10 साल में ओड़िशा को 3.5 लाख करोड़ से ज्यादा दिए हैं। सिर्फ पैसा भेजना ही काफी नहीं है, अच्छी सरकार होनी चाहिए। बीजद सरकार अपना स्टीकर लगाकर केंद्रीय योजना पर डाका डाल रही है। केंद्र ने जल जीवन मिशन के लिए 10,000 करोड़ रुपये दिए हैं। यह पैसा यहां के सरकार द्वारा ठीक से खर्च नहीं कर पाए। यहां की सरकार उस पर उनकी स्टीकर चपका रही है। उसने खुद कुछ नहीं किया है, इसलिए उन्हें बेईमानी करनी पडी.' ओड़िशा के लोगों को मुफ्त चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पाती है। बीजद सरकार यहां आयुष्मान योजना लागू नहीं कर रही है। इलाज नहीं मिल पाने के लिए बीजद सरकार दोषी है। आयुष्मान योजना तब लागू की जायेगी जब 10 जून को भाजपा का मुख्यमंत्री शपथ लेगा। 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए उपचार का खर्च निःशुल्क होगा। इसलिए यहां भाजपा की सरकार होना बहुत जरूरी है। यहां की भाजपा सरकार महिलाओं के हितों को महत्व नहीं देती है। भाजपा सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। सुभद्रा योजना ओड़िशा की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनायेगी। ओड़िशा में 25 लाख लाख पति दीदी बनायेगी बीजेपी सरकार। बीजेपी ने ओड़िशा की लड़कियों को देश का सबसे बड़ा पद दिया है। द्रौपदी मुर्मू को ओडिशा का राष्ट्रपति बनाया गया है। द्रौपदी मुर्मू के मार्गदर्शन में मैं ओड़िशा के लिए बहुत कुछ करूंगा। दिल्ली में बैठा भगवान जगन्नाथ का ये बेटा ओड़िशा के लिए बहुत कुछ करेगा। वह उड़िया संस्कृति को समर्पित भाजपा के सीएम होंगे।

## नंदनकानन चिड़ियाघर का बाघ बीमार

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** नंदनकानन चिड़ियाघर के फीडिंग चैंबर नंबर 31 में रहने वाला जंगली बाघ 'नंदन' आव बीमार है। वह ठीक से खाना नहीं खा रहा है। एक ही जगह पड़े रहना और दिन-ब-दिन कमजोर हो रहा है। नंदनकानन चिड़ियाघर के डॉक्टर से इलाज कराने के बावजूद स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं देखा गया। नंदनकानन अधिकारियों ने बेहतर इलाज के लिए भुवनेश्वर स्वास्थ्य समिति से सलाह मांगी है। सूचना मुताबक 24 मार्च 2013 को बाघ नंदनकानन अभयारण्य से किसी तरह से चिड़ियाघर में प्रवेश कर गया। बाद में इस बाघ को 'नंदन' नाम दिया गया और केंद्र और राज्य सरकार की अनुमति से संरक्षित प्रजनन के लिए नंदनकानन चिड़ियाघर में रखा गया। 20 अप्रैल 2016 को, नंदन का मिलन नंदनकानन में जन्मी बाघिन मेघा के साथ हुआ। उनसे 2 शावक पैदा हुए। आव बाघ नंदन पूरी तरह से बीमार । कहा जरा हे की नंदन आव मौत के साथ लड़ रहा है।

|| भावपूर्ण श्रद्धांजलि ||



समाजसेवी सह आजसू जिला सचिव हरी जायसवाल जी की माता जी
श्रीमती बिट्टन देवी जायसवाल
जी की मृत्यु अत्यंत दुखद।
ईश्वर पुण्य आत्मा को शांति प्रदान करें।
दाह संस्कार का कार्यक्रम उनके पैतृक गांव अयोध्या में की जाएगी

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

## जुआ अड्डे पर छापेमारी 50 हजार रुपये से अधिक नकद, 8 मोबाइल और 2 बाइक जब्त



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** अताबिरा पुलिस स्टेशन के अधिकारी सुकुमार त्रिपाठी ने विश्वसनीय स्रोतों से मिली गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए शनिवार रात संबलपुर के अताबिरा आरएमसी मार्केट के पिछे 8 युवक जुआ खेलते समय पर छापा मारा। इस दौरान जुआरियों ने भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने सभी को पकड़ लिया। पुलिस ने सभी 8 लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 59 हजार 450 रुपये, 8 मोबाइल, दो बाइक जब्त कर ली। गिरफ्तार आरोपियों में अताबिरा के सी एच श्रीनिवास (45), नवीन दास (35), प्रताप केशरी सेठ (33), अमित कुमार बाग (37) कलापानी के श्रद्धाकर रणा (35) सुबराज गुप्ता (33) और चेनिया सेठी (29) शामिल हैं। रविवार शाम को पुलिस ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट चालान किया।

## असहनीय गर्मी से मिलेगा राहत

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। राज्य में आज से मौसम बदल जायेगा। मौसम विभाग ने अगले 4 दिनों के लिए काल वैशाखी को लेकर पूवार्नुमान लगाया है। 9 तारीख तक विभिन्न स्थानों पर आंधी और बारिश हो सकती है। 7 और 8 तारीख को ज्यादा बारिश हो सकती है। कुछ जगहों पर बिजली गिरने और बारिश के चलते मौसम विभाग ने 6 जिलों के लिए येलो वार्निंग जारी की है। इन जिलों में बालेश्वर, भद्रक,गंजाम, गजपति, मयूरभंज और कंधमाल रहा हैं। इस समय मछुआरों को समुद्र में जाने से मना किया गया है क्योंकि हवा की गति 40 से 50 किमी प्रति घंटा होने की संभावना है।

## सौम्य पटनायक ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** खंडपड़ा विधायक सौम्यरंजन पटनायक ने सोमवार को क्योंझर जिले के घसीपुरा निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने अपने समर्थकों के साथ आनंदपुर उप जिलापाल कार्यालय में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन भरने से पहले वह सबसे पहले मा तारिणी मंदिर गये और पूजा-अर्चना की। सौम्य रंजन अपनी मा तारिणी का आशीर्वाद लेने के बाद अपने समर्थकों के साथ एक विशाल रैली में निकले। सैकड़ों बाइक रैली और हजारों कार्यकर्ताओं ने शक्ति प्रदर्शन किया। समर्थकों के साथ जाने के बाद सौम्य रंजन पटनायक उप जिलापाल कार्यालय पहुंचे। इस बार सौम्यार्जन पटनायक घसीपुरा से निर्दलीय चुनाव लड़ने जा रहे हैं ।

## सीएचआर ने किया शुक्राणु विश्लेषण पर सीएमइ

**भुवनेश्वर।** इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड सम हॉस्पिटल्स के तहत सेंटर फॉर ह्यूमन रिप्रोडक्शन (सीएचआर) और इंडियन फर्टिलिटी सोसाइटी ने पिछले शनिवार को 'शुक्राणु एनालिसिस मेड ईजी : मैनुअल एंड ऑटोमैटिक' शीर्षक से एक सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यशाला का आयोजन किया गया था। अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में करीब 50 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। कार्यक्रम के पहले सत्र में, सीएचआर के प्रमुख प्रोफेसर (डॉ) सुजाता प्रधान ने मुख्य भाषण दिया, जबकि आईएमएस और सम अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर (डॉ) पुष्पराज सामंतसिंहार और आईएफएस ओडिशा के संपादक डॉ अक्षय कुमार महापात्र उपस्थित थे। अगले सत्र में सीएचआर के वरिष्ठ भ्रूणविज्ञानी डॉ चिदानंद दास ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के नियमों के अनुसार पारंपरिक शुक्राणु विश्लेषण के बारे में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की, जबकि एडीवीवाई केमिकल्स के बिक्री प्रमुख शुभंकर दास ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और स्वचालित प्रणालियों का उपयोग करके शुक्राणु का विश्लेषण कैसे किया जा सकता है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा0 लि0 राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
Creating Path Towards Success
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

बोरिंग के लिए संपर्क करें
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

# जेपी नड्डा ने ओड़िशा विधानसभा 2024 चुनाव के लिए जारी किया संकल्प पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओड़िशा।** ओड़िशा में भाजपा की सरकार बनते ही चिट फंड घोटालेबाजों को सजा दिलाई जायेगी और ऐसी व्यवस्था बनाई जायेगी कि 18 महीने के भीतर छोटे व्यापारियों को उनके पैसे वापस मिल पाए। हम महाप्रभु जगन्नाथ मंदिर के चारों दरवाजे भक्तों के लिए खोल देंगे। हम महाप्रभु के मंदिर ट्रस्ट के मिसमैनेजमेंट को दूर करके शुचिता लाएंगे और वहां आने वाले भक्तों के लिए हम उसको विश्व स्तरीय बनाएंगे।

40 से 60 वर्ष के बुनकरों को प्रतिमाह 3 हजार रुपए की बुनकर सम्मान निधि, दिव्यांगो एवं विधवा महिलाओं को 3 हजार रुपए प्रतिमाह और 80 वर्ष से अधिक उम्र वाले व्यक्तियों को 3,500 रुपये प्रतिमाह की पेंशन राशि मुहैया कराई जायेगी। भाजपा सरकार के गठन के 100 दिनों के भीतर, राज्य में आयुष्मान भारत योजना को लागू किया जायेगा और सालाना 8 लाख रुपए से कम कमाने वाले लोगों को योजना में शामिल किया जायेगा। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत ओड़िशा के हर घर को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जायेगी और अतिरिक्त बिजली को सरकार द्वारा खरीदा जायेगा। हम मछुआरों के लिए वार्षिक अवकाश में उनकी आर्थिक दृष्टि से 10 हजार रूपए प्रति मछुआरा मदद करेंगे। हम वेयर हाउस को सेट करेंगे और प्रोसेसिंग आफ फिशरीज के लिए भी काम करेंगे। हम समृद्ध कृषक नीति शुरू करेंगे और इसके तहत हम 3,100 रूपए प्रति क्विंटल पर प्रोक्योरमेंट करेंगे। प्रोक्योरमेंट के 48 घंटों के अंदर डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किसानों के खाते में जायेगा। भारतीय जनता पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने ओड़िशा के आगामी विधानसभा चुनाव का ह्यसंकल्प पत्र (मैनिफेस्टो) जारी किया। नड्डा ने भारतीय जनता पार्टी के संकल्पों को मीडिया के सामने रखा और ओडिशा की बीजेडी सरकार के भ्रष्टाचार और चरमराई व्यवस्था पर जमकर कटाक्ष किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर ओडिशा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री मनमोहन सामल, केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा, ओड़िशा मेनिफेस्टो कमेटी प्रमुख समीर मोहंती, सह-प्रमुख अपराजिता सारंगी, राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा सहित पार्टी के अन्य नेतागण उपस्थित रहे। नड्डा ने कहा कि पिछले 10 सालों में राजनीति की संस्कृति, राजनीति का चाल-ढ़ाल और राजनीति के तौर तरीके प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में बदले हैं। आज के समय में संकल्प-पत्र एक बहुत ही प्रमुख दस्तावेज हो गया है। कांग्रेस के कार्यकाल में संकल्प पत्र बस देखने के लिए था। कांग्रेस के संकल्प पत्र पर न तो जनता का विश्वास था कि ये होगा और न बनाने वाले को विश्वास था कि ये हम करने वाले हैं। संकल्प पत्र की गरिमा इतनी कमजोर हो गई थी कि उसका सिवाय एक औपचारिकता के कोई महत्व नहीं रह गया था। मोदी जी के नेतृत्व में आज की राजनीति रिपोर्ट कार्ड पालिटिक्स बन गई है। मतलब जो कहा था वो किया है और जो नहीं कहा था वो भी करके दिया है। हमने गांव-गांव,पंचायत-पंचायत जाकर हजारों से अधिक सुझावों को एकत्रित करके यह संकल्प पत्र बनाया है। मैं हमेशा आपको पुराने बुरे दिनों की याद दिलाता हूं जिससे की आपको आज के अच्छे दिनों का महत्व समझ आए।

आज जहां जहां भी भाजपा की सरकार न होकर अन्य पार्टियों की सरकारें हैं वहां सिर्फ धर्म-पंथ की राजनीति, परिवारवाद की राजनीति, भ्रष्टाचार की राजनीति और क्षेत्रवाद की राजनीति हो रही है, लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में जब हम राजनीति की बात करते हैं सिर्फ विकास की राजनीति की बात होती है। आज हमारे विरोधियों को भी हमारी वजह से मजबूरन विकास की बात करनी पड़ रही है। माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि 10 वर्ष पूर्व भारत विश्व की 11वीं अर्थव्यवस्था था, मगर आदरणीय मोदी कुशल नीतियों के कारण आज विश्व की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

SIDHNATH B.ED. COLLEGE
Sandha- Japla, Palamu
REQUIRES
1. **Lecture in Curriculum and Pedagogy Courses- 5 (Five) Post:** Having master's degree in 55% M.Ed. with minimum 55% marks in English, Physics, Bio-sc., Math, Economics.
2. **Lecture in Perspectives and Foundation Courses- 2 (Two) Post:** One Post for Social Sc. (Master's degree in 55%, M.Ed. with minimum 55% Marks) one post for Foundation- (Master's degree in Education 55%, M.Ed. with 55% marks)
3. **Specialized courses- 2 (Two) Post:-** One post for performing (Music/Dance/Drama) Arts One post for Physical Education (M.P.Ed. with minimum 55%)

Eligibility:- Qualification Ph.D. or Net will be must & Three Years Teaching experience for the above Post as par NCTE Norms 2014.
Note: Preference will be given to those candidates who had specialization in ICT/ Special Education
Salary: As prescribed by State Govt.
Send your CV and photographs at email:- sidhnathbedcollege@rediffmail.com or at college address.
Date and time of interview will be intimated shortly
Sd/-
Principal
Sidhnath B.Ed. College

ALPHA INSTITUTE OF COMPUTER EDUCATION
Certified with
Franchise Benefit
- All Computer Courses
- Vocational Courses
- Authorization Letter
- Authorization Certificate
- Web Login ID & Password
- Study Material Support
- PDF Certificate in 24 Hrs
- Hard Copy Certificate & Mark sheet
- Students Placement Support
- Marketing Support
- Online & Offline Certificate
- Yearly Career Guidance
- Seminar in your City

FREE FRANCHISE
For More Details Visit Now Just Call Us : 9835502908
Email - alphaeducational.center@gmail.com | www.alphaec08.com
Registered office : 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar Ranchi - Mob. 9835502908
Cooperate office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi Mob.: 9631103045
Cooperate office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar - Mob.: 7488289546

!! श्री गणेशाय नमः !!
झारखण्ड में अब तक का सबसे बड़ा मेला
अंडर वाटर फिश टनल सह डिजनी लैण्ड मेला
Date : 08.04.2024 से
Time : 4 -10 PM
Venue : Shahid Maidan, Dhurva, Ranchi
विशेषताएं
- परिवार के सभी सदस्यों के खरीददारी के लिए देश के हर कोने से 125 स्टॉल
- छोटे बड़े सभी के लिए झूले का प्रबंध
- अंडरवाटर फिश टनल में देशी विदेशी मछलियां
- रांची के लिए अजूबा टनल के अंदर सेल्फी प्वाइंट

Book Now .: 7004494715
Organiser : Krishna Kumar Shaw

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**